www.navpradesh.com
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026 शुक्ल पक्ष-चर्तुथदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 80 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बोर्ड परीक्षा के ब्रिलियंट: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी किए, दसवीं में 77.15% स्टूडेंट्स को मिली सफलता

12वीं में 83.4% स्टूडेंट्स पास, जिज्ञासु ने किया टॉप

■ ओमनी को दूसरा स्थान, टॉप-10 में 43 नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के नतीजे जारी हो गए हैं। कुल 83.04% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। टॉप 10 मेरिट लिस्ट में 43 स्टूडेंट्स के नाम हैं। बलौदाबाजार जिले के पलारी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र जिज्ञासु वर्मा ने 98.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।

वहीं बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल की छात्रा ओमनी वर्मा ने 98.20 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर रायगढ़ जिले के गवर्नमेंट बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल छाल के छात्र कृष महंत रहे, जिन्होंने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं में रायगढ़, जशपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और कांकेर जैसे जिलों के छात्र-छात्राओं ने टॉप-10 में जगह बनाई। वहीं सरकार ने टॉपर्स को 1.5 लाख देने का ऐलान किया है।

12वीं में 83.04 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए: हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 में कुल 2,46,166 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 2,44,453 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 1,02,259 बालक तथा 1,42,194 बालिकाएं सम्मिलित हुईं, जिनमें से 2,43,898 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ बारहवीं
2,46,166 परीक्षार्थी पंजीकृत
2,44,453 परीक्षा में शामिल
2,43,898 परिणाम जारी
■ दसवीं
3,21,677 परीक्षार्थी पंजीकृत
3,16,730 परीक्षा में शामिल
3,14,953 परिणाम जारी

विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम: साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जारी कर परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा में 77.15 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा में 83.04 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है, जो प्रदेश की शैक्षणिक प्रगति का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने इस उपलब्धि को राज्य के शिक्षा तंत्र, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने इसे न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास और परिश्रम का प्रमाण बताया, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का भी प्रतीक बताया।

किराना दुकान चलाने वाले का बेटा जिज्ञासु वर्मा बना टॉपर

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। बुधवार का दिन बलौदा बाजार जिले के लिए गर्व का क्षण लेकर आया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में जिले के पलारी निवासी जिज्ञासु वर्मा ने पूरे प्रदेश में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जिज्ञासु वर्मा शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने कक्षा 10वीं और 11वीं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ बोर्ड 12वीं परीक्षा 2026 टॉपर्स लिस्ट

जिज्ञासू वर्मा	98.60%	बलौदा बाजार
ओमनी वर्मा	98.20%	बेमेतरा
कृष महंत	97.80%	रायगढ़
रिया साहू	97.60%	दुर्ग
शहनाज परवीन	97.60%	महासमुंद
ताहिरा खान	97.60%	पेंड्रा
कुसुमलता बिपरे	97.40%	धमतरी
हेमलता साहू	97.40%	रायपुर
ओंकार कैवर्त	97.40%	पेंड्रा
आशा यादव	97.40%	जशपुर

जिज्ञासु की मां सरकारी स्कूल में शिक्षिका

जिज्ञासु के पिता नरेंद्र वर्मा पलारी में किराना व्यवसाय संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता महेश्वरी वर्मा शासकीय शिक्षिका हैं और ग्राम कूकदा में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं। परिवार के संस्कार, शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्वयं की कठिन मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

10वीं टॉप-3 में महासमुंद की 2 लड़कियां, संध्या और परीरानी के 594 अंक, मुंगेली का अंशुल तीसरे नंबर पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। टॉप 3 में महासमुंद जिले की 2 लड़कियों ने 594 नंबर के साथ टॉप किया है। इनमें एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की संध्या नायक और एकलव्य स्कूल बलोदा की परीरानी प्रधान शामिल है। तीसरे नंबर पर मुंगेली के अंशुल शर्मा है। इस साल 10वीं बोर्ड परीक्षा में करीब 3 लाख 21 हजार स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था, इनमें 77.15% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। टॉप 10 मैरिट लिस्ट में कुल 42 छात्र-छात्राएं शामिल है।

छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं बोर्ड 2026 टॉप 10 सूची

छात्र	अंक	प्रतिशत	जिला
संध्या नायक	594	99%	महासमुंद
पारिरानी प्रधान	594	99%	महासमुंद
अंशुल शर्मा	594	99%	मुंगेली
रिया केशरवानी	593	98.83%	कबीरधाम
रानू सिद्धिमयी साहू	593	98.83%	महासमुंद
रेनुका प्रधान	593	98.83%	महासमुंद
दिपांशी बौद्ध	593	98.83%	रायपुर
नंदिता देवांगन	593	98.83%	मुंगेली
कल्पना यादव	592	98.67%	रायपुर
साहिल बरेट	591	98.50%	दुर्ग
आदित्य बानू	591	98.50%	रायपुर

मुंगेली के मेधावियों ने लहराया परचम

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणामों में मुंगेली जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाकर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। लोरमी के अंशुल शर्मा ने 10वीं बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं मुंगेली की नंदिता देवांगन ने दूसरा स्थान किया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाई स्कूल: सफल होने वालों में छात्राएं 86.04%, छात्रों की संख्या 78.86%

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2026 में 77.15 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 81.03 तथा बालकों का प्रतिशत 72.27 रहा। हायर सेकण्डरी परीक्षा में 83.04 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 86.04 तथा बालकों का प्रतिशत 78.86 रहा। छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 में कुल 3,21,677 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 3,16730 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 1,40,402 बालक तथा 1,76,328 बालिकाएं सम्मिलित हुई, जिनमें से 3,14,953 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 2,43,016 है अर्थात ■ शेष पृष्ठ 8 पर

10वीं में 76.53% पास हुए

वर्ष 2025 हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा में कुल 3,23,094 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 1,45,141 बालक तथा 1,77,953 बालिकाएं सम्मिलित हुई थीं। सम्मिलित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 76.53% था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रिया ने रचा इतिहास 10वीं में दूसरा स्थान

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल, कवर्धा की मेधावी छात्रा रिया

केशरवानी ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। रिया केशरवानी ने 600 में से 593 अंक प्राप्त कर 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। रिया की मेहनत, लगन और अनुशासन का यह परिणाम है, जिसने उन्हें प्रदेश की टॉप मेरिट सूची में स्थान दिलाया। परिणाम घोषित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

बड़ा पुराना जुमला है कि मजबूरी का नाम महात्मा गांधी. नई दिल्ली के मुख्यमंत्री रहते हुए जिस अरविंद केजरीवाल ने सीएम कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की फोटो हटवा दी थी अब उन्हें मजबूरी में महात्मा गांधी की याद आई है. मजबूरी तेरे दर पे ले आई.... गाते हुए वे राजघाट पर सत्याग्रह करने पहुंच गए. वाकई घुंघरू सेठ से बड़ा नौटंकीबाज़ नेता दुनिया में शायद ही कोई हो. रंग बदलने की कला में गिरगिट को भी मात देने वाले केजरू यदि पालिटिक्स में न होते और पिक्चर में काम करते तो अब तक दर्जनों आस्कर अवार्ड जीत चुके होते.

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
45°	29°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
1,55,830	2,64,900

शेयर बाजार

संसेक्स	निफ्टी
77,303.63	24,892.70

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,289,644,926	1,474,583,419

गरमा-गरम

बंगाल चुनाव: 142 सीटों पर बंपर वोटिंग 92% मतदान, ममता-भाजपा आमने-सामने

■ भाजपा बोली- ईवीएम में भाजपा बटन पर टेप लगाया

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण में छिटपुट हिंसा के बीच 91.66 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव आयोग का कहना है कि शाम 7:45 बजे तक विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 91.66त्न मतदान हुआ। पहले चरण में 93.19त्न वोटिंग हुई थी।

इस तरह दोनों चरणों को मिलाकर कुल मतदान प्रतिशत 92.47 प्रतिशत रहा। पूर्वी बर्धमान में सबसे ज्यादा 92.46 फीसदी मतदान हुआ। इसके बाद हुगली में 90.34, नदिया में 90.28, उत्तर 24 परगना में 89.74, दक्षिण 24 परगना में 89.57, हावड़ा में 89.44, उत्तर कोलकाता में 87.77 प्रतिशत और दक्षिण कोलकाता में 86.11 फीसदी मतदान हुआ है। दूसरे चरण की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एग्जिट पोल: बंगाल में भाजपा आगे, असम में एनडीए का जलवा, केरल में यूडीएफ की 10 साल बाद वापसी के संकेत

नई दिल्ली (ए.)। एग्जिट पोल 2026 के आंकड़े सामने आते ही पांच राज्यों की सियासत में हलचल तेज हो गई है। कहीं साफ बढ़त के संकेत हैं तो कहीं मुकाबला बेहद करीबी दिख रहा है। असम में एनडीए की मजबूत वापसी का अनुमान है, जबकि तमिलनाडु में सत्तारूढ़ गठबंधन बढ़त बनाए रखता दिख रहा है। केरल में सत्ता परिवर्तन की चर्चा तेज है, वहीं पश्चिम बंगाल में मुकाबला बेहद कड़ा बना हुआ है। हालांकि, ये सिर्फ एग्जिट पोल के संकेत हैं, अंतिम फैसला 4 मई को मतगणना के बाद ही साफ होगा।

4 एग्जिट पोल में भाजपा आगे

चाणक्य स्ट्रैटजी, ABP News-CVoter, P-Marq और Matrize समेत पांच प्रमुख एजेंसियों के एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं People's Pulse के एग्जिट पोल में टीएमसी की वापसी का दावा किया गया है। इस चुनाव में कांग्रेस की स्थिति कमजोर बताई जा रही है।

रिकॉर्ड मतदान से दिलचस्पी

राज्य में इस बार करीब 90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दूसरे चरण में 91.88 प्रतिशत वोटिंग हुई, जो उत्साहजनक मानी जा रही है। पूर्व बर्दवान में सबसे अधिक 92.46 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि हुगली, नदिया, हावड़ा और उत्तर 24 परगना में भी भारी मतदान दर्ज किया गया।

धमतरी में बनेगा प्रदेश का सबसे बड़ा सैनिक स्कूल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक मानचित्र पर धमतरी जिला जल्द ही एक नई पहचान दर्ज कराने जा रहा है। जिले में 500 सीटों की क्षमता वाले एक विशाल सैनिक स्कूल की स्थापना की कवायद तेज हो गई है। राज्य सरकार द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना का प्रस्ताव विधिवत अनुमोदित कर केंद्रीय रक्षा मंत्रालय को प्रेषित कर दिया गया है। यह न केवल धमतरी बल्कि

■ 500 विद्यार्थियों को मिलेगी सैन्य शिक्षा की राह

■ राज्य शासन ने रक्षा मंत्रालय को भेजा गया प्रस्ताव

युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

प्रस्तावित सैनिक स्कूल का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सैन्य करियर के लिए तैयार करना है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अनुशासित वातावरण में न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त होगी, बल्कि उनके शारीरिक एवं नेतृत्व कौशल का भी सर्वांगीण विकास हो सकेगा। यह संस्थान विशेष रूप से उन मेधावी छात्रों के लिए वरदान साबित होगा, जो भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना देखते हैं।

जेपी नड्डा करेंगे 10वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली (ए.)। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने बनाने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा 30 अप्रैल को चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में अच्छे एवं पुनरुत्पादित किए जा सकने वाले प्रथाओं और नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

'सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते'

■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम इस देश की सभ्यता और धार्मिक इतिहास नहीं भूल सकते

नई दिल्ली/ए.। केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की

दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। हालांकि, कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कैबिनेट बैठक : तीन आईपीएस अफसरों का डिमोशन निरस्त, राजनांदगांव क्रिकेट संघ को रियायती दर पर मिलेगी जमीन

छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति-2026 को मिली मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय, महानदी भवन में कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें 'छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति, 2026'' को मंजूरी दी गई। वहीं तीन आईपीएस अधिकारियों का डिमोशन निरस्त किया गया। इसके अलावा कई अहम फैसले लिए गए।

साय कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय

- मंत्रिपरिषद ने आज 'छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति, 2026' को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के माध्यम से

प्रदेश में स्वच्छ एवं सस्ती प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी और आम उपभोक्ताओं को एलपीजी की तुलना में किफायती विकल्प मिलेगा। साथ ही इस नीति से पाइपलाइन के माध्यम से गैस की त्वरित और सुगम आपूर्ति का विस्तार होगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में सुविधाजनक ईंधन व्यवस्था विकसित होगी। इस पहल से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, ईंधन उपयोग में विविधता आएगी और राज्य में पाइपलाइन अधोसंरचना के विकास के साथ बड़े पैमाने पर निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार का यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधा, दोनों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- मंत्रिपरिषद द्वारा आधुनिक खेल मैदान और क्रिकेट अकादमी के निर्माण हेतु जिला क्रिकेट एसोसिएशन, राजनांदगांव को सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा के नाम पर दर्ज भूमि में से 5 एकड़ भूमि को रियायती दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया।

- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री जी के स्वेच्छानुदान मद से 6 हजार 809 व्यक्ति एवं संस्थाओं को लगभग 11 करोड़ 98 लाख 84 हजार रुपये की जारी आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। यह सहायता राशि जरूरतमंदों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने, सामाजिक सहयोग को मजबूत करने तथा विभिन्न ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी ने यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का किया उद्घाटन

■ सपा-कांग्रेस विकास और नारी विरोधी: मोदी

हरदोई/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूपी के हरदोई में प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा। पीएम ने सपा और कांग्रेस पर कहा- सपा विकास और नारी विरोधी है। बीते दिनों एक बार फिर देश ने इनका नारी विरोधी चेहरा देखा है। इन लोगों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन के

खिलाफ वोट किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल में चल रही दूसरे चरण की वोटिंग का जिक्र किया। कहा- जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। ऐसी वोटिंग दशकों में नहीं देखी। इससे पहले पीएम ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पेड़ लगाया। सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संक्षिप्त खबरें

संयुक्त टीम ने सुहेला में चलाया जांच अभियान

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत मंगलवार को संयुक्त टीम ने लगभग 15 दुकानों का गहन जांच किया खाद्य पदार्थो सैंपल लेकर राज्य प्रयोशाला रायपुर भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुहेला तहसील में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सभी गन्न रस, जूस सेंटर, गुपचुप ठेला एवं स्ट्रीट फूड वेंडर्स के 15 दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया एवं साफ सफाई के निर्देश दिये गये। बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालकों को अतिशीघ्र खाद्य पंजीयन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही श्रीराम फ्ल भंडार एवं जूस कार्नर, दिक्षा बेकरी एवं स्वीट्स, सोनू मोनू पान सेंटर आदि फर्मो से मैगों जूस, गन्ना रस बर्फ गोला, लाहोरी जीरा, कीम बेल, केसर बादाम मिल्क शेक, आईस वाला कच्चा आम, वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक एवं आइस वाला लीची वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक पैक्ड का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित् किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जावेगी। सभी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत् आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, व्यक्तिगत रूप से नामांकन ऑनलाइन

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों' (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री) के लिए नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च, 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के प्रतिभाओं को नामांकन के लिये चिंहांकित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। पद्म पुरस्कार के लिये व्यक्तिगत रूप से भेजे जाने वाले नामांकन ऑनलाईन के माध्यम से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल httpsÑ//awards.gov.in पर ही स्वीकार किए जाएंगे।जिला कलेक्टर के माध्यम से अनुशंसा सहित योग्य पात्र व्यक्तियों के स्पष्ट नामांकन प्रस्ताव भारत सरकार के संलग्न पत्र में दिए गये निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई, 2026 तक संलग्न प्रपत्र में अनुशंसा सहित सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित करना है।

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में 4 मई से समाधान शिविर का होगा आयोजन

गरियाबंद / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में आम जनता की शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निराकरण के लिए इस वर्ष भी सुशासनस तिहार-2026 का आयोजन 01 मई से 10 जून तक किया जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन विभिन्न गॉवों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त विभाग की उपस्थिति होगी। इस शिविर में नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ-साथ हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिले में यह आयोजन पांचो विकासखण्डों में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने सुशासन तिहार को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि आम जनता अपनी मांग, शिकायत एवं समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखें।

पद्म पुरस्कार-2027 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद / नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस, 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन नामांकन, सिफारिशें शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 जुलाई 2026 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन, सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों, विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 1 मई तक

बलौदाबाजार / नवप्रदेश । जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बल्दाकछार (सोनाखान) की कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए आंनलाईन आवेदन 28 अप्रैल से 1 मई 2026 तक मंगाये गये हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कक्षा 7वीं के लिए 04 बालक एवं 09 बालिका कुल 13, कक्षा 8वीं के लिए 01 बालक एवं कक्षा 9वीं के लिए 01 बालक एवं 01 बालिका कुल 02 सीट निर्धारित किया गया हैं। इनमें 06 बालक एवं 10 बालिका कुल 16 बालक एवं बालिका को प्रवेश दिया जायेगा।

भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओं के उपयोग पर दोपहर में प्रतिबंध

कवर्धा / नवप्रदेश । कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पशुओं के संरक्षण के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच पशुओं पर सामग्री लादने, सवारी हेतु उपयोग करने अथवा टांगे, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंट, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर वजन ढोने के कार्य पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 01 मई से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। यह आदेश पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण (परिवहन एवं कृषिक पशु) नियम, 1996 के नियम 6(3) के तहत जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक गर्मी में पशुओं को होने वाली पीड़ा से बचाना है।

पद्म पुरस्कार के लिए 15 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

कवर्धा / नवप्रदेश । भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों (पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री) के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज के उन अनछुए एवं गुमनाम नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जो सुदूर वनांचलों, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रहकर समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। जारी दिशा-निर्देश में बताया गया है कि पद्म पुरस्कार के लिए जिले में कार्यरत विशिष्ट प्रतिभाओं की पहचान की जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से बदली हीरालाल के जीवन की तस्वीर

धमतरी/ नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के और सुरक्षित आवास का सपना आज भी अनेक परिवारों के लिए चुनौती बना हुआ है। आर्थिक रुप से कमजोर परिवार व र्षो तक कच्चे मकानों में जीवन यापन करते हैं जहां हर मौसम अपने साथ नई परेशानियां लेकर आता है। ऐसे ही संघर्षपूर्ण जीवन से गुजर रहे थे ग्राम पंचायत परेवाडीह के निवासी श्री हीरालाल जिनका परिवार लंबे समय से एक कच्चे मकान में रह रहा था। सीमित आय, पारिवारिक जिम्मेदारियां और संसाधनों की कमी के कारण वे चाहकर भी अपने परिवार के लिए पक्का घर नहीं बनवा पा रहे थे।

श्री हीरालाल एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखते हैं। उनका जीवन खेती-किसानी और मजदूरी पर आधारित था। मेहनत करने के बावजूद उनकी आय इतनी नहीं थी कि वे परिवार की दैनिक आवश्यकताओं के साथ-साथ घर निर्माण जैसे बड़े कार्य के लिए धन जुटा पाते। परिवार में बच्चों, बुजुर्गो और अन्य सदस्यों की जिम्मेदारी होने के कारण उनकी प्राथमिकता रोजमर्रा का खर्च चलाना था। परिणामस्वरुप, वर्षों तक उनका परिवार एक जर्जर और कच्चे मकान में रहने को विवश रहा। उनका कच्चा मकान मौसम की मार झेलने में सक्षम नहीं था। गर्मियों में घर के भीतर अत्यधिक गर्मी हो जाती थी जिससे रहना कठिन हो जाता था। सर्दियों में ठंडी हवाएं दीवारों और छत की दरारों से भीतर प्रवेश करती थी। लेकिन सबसे अधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती थी। वर्षा शुरु होते ही घर की छत टपकने लगती थी दीवारें गीली हो जाती थी और कई बार घर के भीतर पानी भर जाता था। परिवार के सदस्यों को रात-रात भर जागकर पानी निकालना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और घर में रखे अनाज, कपड़े तथा अन्य सामान भी खराब हो जाते थे। हर वर्ष बारिश का मौसम उनके लिए चिंता और संकट लेकर आता था। परिवार के सदस्य हमेशा इस भय में रहते थे कि कहीं तेज बारिश या आंधी में मकान गिर न जाए। विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो के लिए यह स्थिति अत्यंत कष्टदायक थी। श्री हीरालाल के मन में हमेशा यह इच्छा रहती थी कि उनके परिवार को भी एक ऐसा घर मिले जहां वे सुरक्षित और सम्मानपूर्वक रह सके। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बारे में जानकारी मिली। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित बैठकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को इस योजना के लाभों के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया गया कि आर्थिक रुप से कमजोर और पात्र परिवारों को सरकार द्वारा पक्का मकान बनाने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह जानकारी श्री हीरालाल के लिए आशा की नई किरण लेकर आयी।

उन्होंने ग्राम पंचायत परेवाडीह में संपर्क कर योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी की। पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों का परीक्षण किया और पात्रता के आधार पर उनका चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत किया गया। चयन की सूचना मिलने पर श्री हीरालाल और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वर्षो से देखा गया सपना अब साकार होने जा रहा था।योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि किश्तों में प्राप्त हुई जिससे उन्होंने अपने घर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया।

जिला पंचायत धमतरी की विशेष सामान्य सभा, विभागों के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं

धमतरी / नवप्रदेश। जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सार्वा की अध्यक्षता में विशेष सामान्य सभा बैठक सम्पन्न हुआ। सभाकक्ष में जिले के विकास कार्यों, जनहित योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिले के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की।

सभा में मुख्य रुप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गौकरण साहू, सदस्य श्री टीकाराम कंवर, श्री अजय ध्रुव, श्रीमती मोनिका देवांगन, श्रीमती पूजा सिन्हा, श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती अनिता ध्रुव, श्रीमती मीना साहू,

श्रीमती गरिमा धनुष नेताम तथा जनपद पंचायत धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव, जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष श्री विरेन्द्र साहू उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, लेखाधिकारी श्री चंदन टंडन, उपसंचालक श्री नकुल प्रसाद वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

विशेष सामान्य सभा में विद्युत विभाग , शिक्षा विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सार्वा ने सभी विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति, उपलब्धियों तथा लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा समय-सीमा में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया, खराब लाइनों की मरम्मत, नए विद्युत कनेक्शन तथा किसानों को कृषि पंपों के लिए बिजली उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। सदस्यों ने कई क्षेत्रों में लो-वोल्टेज, अनियमित बिजली आपूर्ति और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्याएं उठाई। अध्यक्ष श्री सार्वा ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

अशोका पब्लिक स्कूल में श्रीश्री बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ

कवर्धा / नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अशोका पब्लिक स्कूल में श्री श्री बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ अत्यंत पावन एवं प्रेरणादायी वातावरण में किया गया। इस हेतु विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन बेंगलुरु जाकर पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी से मिले तथा उनके आशीर्वाद एवं आज्ञा से इस केंद्र की शुरुआत की गई। इस पावन मिलन ने विद्यालय परिवार को नई ऊर्जा, दिशा एवं प्रेरणा प्रदान की।

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के अनुसार, जैसे पौधों को पूर्ण रूप से विकसित होने के लिए जल की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार बच्चों में मानवीय मूल्यों के विकास हेतु संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री बाल संस्कार केंद्र का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन, ध्यान द्वारा एकाग्रता एवं आंतरिक शांति, तथा नैतिक शिक्षा के माध्यम से अनुशासन, सम्मान,

जिम्मेदारी और करुणा जैसे गुणों का विकास कराया जाएगा। साथ ही व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे बच्चे भारतीय परंपराओं और संस्कारों से जुड़ सकें। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यह केंद्र बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाएगा, जिससे वे एक संस्कारित, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसी क्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में 29 अप्रैल से 2 मई तक कवर्धा में ÷कलर्स ऑफ जॉय नामक 4 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर उइके ने किया बिहान रसोई का शुभारंभ, महिलाओं को मिला रोजगार

■ **लखपति दीदी पहल को गति, समूहों को मिलेगा लाभ**

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने लखपति दीदी पहल अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत शासकीय आईटीआई मजरकट्टा परिसर में स्थापित बिहान रसोई का कल शाम फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि बिहान रसोई ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि लखपति दीदी पहल से जुड़ी महिला स्वसहायता समूहों को इस रसोई के माध्यम से

नियमित आय का अवसर मिलेगा, साथ ही इनके द्वारा तैयार किए जाने वाले पौष्टिक एवं स्वच्छ नाश्ता, भोजन सहित छत्तीसगढ़ी व्यंजन से जिलेवासियों को इसका लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने महिलाओं द्वारा तैयार व्यंजनों की सराहना करते हुए समूहों को गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान बिहान दीदीयों द्वारा बनाएं गए छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को चखा। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में बिहान रसोई में 04 दुकानें संचालित की जा रही है। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी रसोई संचालन की जानकारी ली और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जनपद सीईओ श्री केएस नागेश, डीपीएम श्री रमेश वर्मा श्री पतंजल मिश्रा सहित बिहान समूह संगठन के पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बलौदाबाजार जिले के 450 तालाबों में भरा पानी 128 में भराव जारी, निस्तारी की समस्या से राहत

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। ग्रीष्म ऋतु में तालाबों में पानी क़ी कमी के कारण ग्रामीणों को निस्तारी क़ी समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। अब तक जिले के 450 तालाब में पानी भर चुका हैं तथा 128 तालाब में पानी भरा जा रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से जिले के कुल 384 गांव के 683 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। इनमे से 450 तालाबों में अब तक पानी भरा गया है तथा 128 प्रगतिरत है। शेष तालाबों में भी जल्द पानी भर

दिया जाएगा इन तालाबों के भरने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी के संकट से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही तालाबों के भरने से आस -पास के क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज भी होग़ा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पिछले सप्ताह बलौदाबाजार विकासखंड के विभिन्न ग्रामो के दौरा के दौरान कई तालाबों और नहर का निरीक्षण किया था। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहर का पानी व्यर्थ बहने में रोक लगाने तथा कड़ी मॉनिटरिंग के निर्देश दिये हैं।

निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल समय, तेजी से हो काम : कलेक्टर वर्मा

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

कवर्धा / नवप्रदेश ।साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ ही विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसीज द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। निर्माण समय से प्रारंभ और पूरा हो इसके लिए आवश्यक है कि निर्माण कार्य से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं तय समय में करते हुए चलें। उन्होंने निर्माण कार्य के लिए भूमि चिन्हांकन, टेंडर प्रक्रिया जैसे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए सभी काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल समय है, अतः पूरी तेजी से कार्य आगे बढ़े।

बाल श्रम के खिलाफ सख्त अभियान शुरू, बच्चों को काम पर रखना अपराध

■ **संयुक्त टीम ने दुकानों, होटलों और कारखानों में दी चेतावनी**

बलौदाबाजार / नवप्रदेश । कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिले में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत बलौदाबाजार एवं कसडोल विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कारखानों, दुकानों, होटलों, ढाबों और पान ठेलों का निरीक्षण किया गया। टीम ने संस्थानों के संचालकों को बाल श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर रखना दंडनीय अपराध है। अभियान के दौरान 5 बच्चे 18 वर्ष से कम पाए गए जिन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान जिले में किसी भी बच्चे को भिक्षावृत्ति करते नहीं पाया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है।

हालांकि संभावित जोखिम को देखते हुए निगरानी और जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही गई। टीम ने सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बाल श्रम या बाल भिक्षावृत्ति के मामले सामने आते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ श्रम कानूनों के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत पांच वर्ष तक की सजा और एक से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस अभियान में जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, संरक्षण अधिकारी दीपक राय, चाइल्ड लाइन से परियोजना समन्वय नेहा तिवारी, मोरध्वज साहू, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग और चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बाल श्रम के खिलाफ जागरूक रहें और किसी भी उल्लंघन की सूचना तुरंत दें।

परहित सरिस धरम नहिं भाई को किया साकार: सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, अब यात्रियों को मिलेगी ठंडक

राम जानकी सेवा समिति ने रेलवे स्टेशन में वाटर कूलर भेंट कर यात्रियों को दी राहत

बालोद/ नवप्रदेश । भीषण गर्मी के बीच जनसेवा का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राम जानकी सेवा समिति कुसुमकसा ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों के लिए वाटर कूलर उपलब्ध कराकर ÷परहित सरिस धरम नहिं भाई÷ की पंक्ति को चरितार्थ किया है। इस पहल से अब यात्रियों को प्रतीक्षालय में राहत मिलेगी।

रामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति– ÷परहित सरिस धरम नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई÷का वास्तविक अर्थ समिति के इस कार्य में देखने को मिला। समिति ने यह साबित किया

कि दूसरों की भलाई से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

गर्मी में यात्रियों की परेशानी देख लिया निर्णय– समिति के सदस्यों ने देखा कि भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में स्टेशन मास्टर से चर्चा भी की गई, जिसमें बताया गया कि फिलहाल ऐसी कोई सरकारी व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इसके बाद समिति ने स्वयं पहल करते हुए आपसी सहयोग से वाटर कूलर खरीदकर स्टेशन को सौंप दिया। वाटर कूलर लगने से अब रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में यात्री ठंडी हवा और ठंडे पानी का लाभ ले सकेंगे, जिससे उनकी यात्रा अधिक सहज और आरामदायक होगी। इस पहल की यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों ने सराहना की है। कार्यक्रम में रहे उपस्थित -इस अवसर पर समिति के सचिव दिनेश जैन, नितिन जैन, कमलकांत साहू, पुष्पजीत बैंस, मनीष जैन, कमलेश्वर सिन्हा, मोती कुचेरिया, देवराज जैन, गजेंद्र सिन्हा, राजा गुप्ता, मोनू परिहार, विजय जेठवानी, अनिल जेठवानी, जसराज कोचरिया, वीरेंद्र सिन्हा, योगेंद्र सिन्हा, आशीष जैन, पंकज जेठवानी, दीपक यादव सहित अनेक सदस्य और रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे। समिति की इस पहल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सच्ची सेवा वही है, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज के लिए की जाए।

जनसेवा में हमेशा आगे रही समिति

राम जानकी सेवा समिति कुसुमकसा पहले भी कई जनहित कार्यों के लिए जानी जाती रही है। जैसे कि गर्मी में राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करना। हर साल 14 किमी की कांवड़ यात्रा (कुसुमकसा से झरन माता मंदिर, दल्ली राजहरा), जरूरतमंद मरीजों के इलाज में आर्थिक सहयोग, गरीब बेटियों के विवाह में मदद, पूर्व एवं वर्तमान सैनिकों के 70 परिवारों का सम्मान, इन सभी कार्यों ने समिति को समाज में एक प्रेरणादायक संस्था बना दिया है।

मुख्यमंत्री ने चिप्स के ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के उन्नत संस्करण 'सेवा सेतु' का किया शुभारंभ

ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगी नागरिक सेवाओं की डिजिटल सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) से छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) द्वारा आमजन तक प्रभावशाली, पारदर्शी और डिजिटल नागरिक सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना के उन्नत संस्करण 'सेवा सेतु' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्रीद्वय श्री अरुण साव और श्री विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सभी मंत्रीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से डिजिटल नागरिक सेवाएं और अधिक सशक्त और प्रभावी होंगी। वर्ष 2003 में प्रारंभ हुए चॉइस (CHOICE) मॉडल से लेकर वर्ष 2015 के ई-डिस्ट्रिक्ट और अब 'सेवा सेतु' तक छत्तीसगढ़ ने डिजिटल प्रशासन के क्षेत्र में एक लंबी और उल्लेखनीय यात्रा तय की है तथा यह प्लेटफॉर्म अब नागरिक सशक्तिकरण का एक मजबूत माध्यम बन चुका है, जिससे लाखों नागरिकों को लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'सेवा सेतु' के माध्यम से अब एक ही पोर्टल पर 441 शासकीय सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें 54 नई सेवाएं और 329 री-डायरेक्ट

सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब व्हाट्सएप के माध्यम से भी सेवाओं की जानकारी सहज रूप से प्राप्त की जा सकेगी। आय, जाति, निवास, राशन कार्ड और विवाह पंजीयन जैसे प्रमुख प्रमाण-पत्रों सहित अब तक 3.2 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शन किए जा चुके हैं और इतने ही प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं, जबकि 30 से अधिक विभागों के एकीकरण के साथ यह प्लेटफॉर्म एक सशक्त 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' के रूप में विकसित हो चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'सेवा सेतु' राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को नई मजबूती प्रदान करेगा।

उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का संचालन राज्य स्तर पर चिप्स (CHiPS) द्वारा किया जा रहा है, जबकि जिला स्तर पर जिला कलेक्टर के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसाइटी (DeGS) के माध्यम से इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। नई प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधार, व्हाट्सएप और 'भाषिणी' जैसी उन्नत तकनीकों का एकीकृत उपयोग किया गया है, जिससे नागरिक व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे, सेवा की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही आधार आधारित ई-केवाईसी, डिजी लॉकर, ई-प्रमाण और उमंग जैसे प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण कर सेवाओं को और अधिक सरल, सुरक्षित और सुलभ बनाया गया है।

'सेवा सेतु' में ट्रेजरी और ई-चालान का एकीकरण किया गया है, जिससे नागरिक एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान कर तत्काल डिजिटल रसीद प्राप्त कर सकेंगे तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी, जिसकी रीयल-टाइम ट्रैकिंग एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से संभव होगी। पोर्टल में क्यूआर कोड आधारित प्रमाण-पत्र सत्यापन, क्लाउड स्टोरेज, डिजिटल सिग्नेचर, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और एमआईएस रिपोर्टिंग जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं तथा यह पोर्टल 22 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे भाषा की बाधा समाप्त हो गई है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत सेवाओं की समय-सीमा सुनिश्चित करने के लिए ऑटोमेटिक पेनल्टी कैलकुलेशन, समय-सीमा संकेतक और स्वतः शिकायत पंजीकरण जैसी व्यवस्थाएं भी लागू की गई हैं, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता को और मजबूती मिलेगी। राज्य में सेवाओं की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 800 से अधिक लोक सेवा केंद्र, 1000 से अधिक चॉइस सेंटर और 15,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर सक्रिय हैं, जहां से नागरिक आसानी से सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

'सेवा सेतु' में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जनसेवा के केंद्र में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से बाधारहित बनाया गया है, जिससे शासन और नागरिकों के बीच की दूरी तेजी से कम हो रही है और सेवाएं सीधे नागरिकों के हाथों तक पहुंच रही हैं।व्हाट्सएप इंटरफेस के माध्यम से नागरिक विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे, पावती रसीद और दस्तावेजों के लिंक तुरंत प्राप्त कर सकेंगे तथा अनुमोदन के पश्चात डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र सीधे व्हाट्सएप पर प्राप्त कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

निलेश सोनी को मिली बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस के ब्लॉक महामंत्री नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ता निलेश सोनी को संगठन में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी शहर अध्यक्ष श्री कुमार मेनन जी, प्रदेश प्रभारी महामंत्री श्री मलकीत सिंह गैंदू

जी एवं गुरु घासीदास ब्लॉक अध्यक्ष आदरणीय श्री मिलिंद गौतम जी ने संगठन के प्रति निलेश सोनी के लंबे समय से समर्पण और सक्रियता को देखते हुए उन्हें 'ब्लॉक महामंत्री' नियुक्त किया है। विशेष रूप से, कालीमाता वार्ड क्रमांक-12 के निवासी निलेश सोनी पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के एक समर्पित सिपाही के रूप में निरंतर कार्य कर रहे हैं। इन 15 वर्षों के दौरान उन्होंने पार्टी के प्रति अपने हर कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाया है और क्षेत्र में संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस अवसर पर निलेश सोनी ने शीर्ष नेतृत्व और ब्लॉक अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। हमारा मुख्य लक्ष्य कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाना और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करना है।' उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने इसे जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले अनुभवी व्यक्ति का सम्मान बताया है। निलेश सोनी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है।

राज्यपाल रमेन डेका महाविद्यालय की छात्राओं से हुए रूबरू

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका आज यहां लोकभवन में संत गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय देवेंद्र नगर रायपुर की छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने शैक्षणिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया और उनके प्रश्नों का उचित समाधान किया। लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में श्री डेका ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है। उसके बिना सफलता नहीं मिलती है। जीवन को पूर्ण करने के लिए योजना पूर्वक कार्य करना चाहिए। अच्छी योजना से जीवन भी अच्छा होगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम भी करना होगा। मानवीय गुणों का होना भी आवश्यक है और शिक्षा से ही इन गुणों का विकास होता है। श्री डेका ने कहा कि अपनी खुशी अपने अंदर होती है। दूसरों से तुलना कर दुखी ना रहे बल्कि जो अपने पास उपलब्ध है उससे संतुष्ट रहिए। श्री डेका ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं का सर्वोच्च स्थान है। उन्होंने नारी की तुलना पानी से करते हुए कहा कि पानी के बिना जीवन असंभव है, उसी तरह नारी के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। चर्चा के दौरान छात्राओं ने राज्यपाल से तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में कैसे बदलें, सोशल मीडिया से दूरी बनाने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए, कौशल एवं प्रशिक्षण का महत्व, देश व प्रदेश के विकास में किस तरह योगदान दे सकते हैं।

नेशनल एआई स्टार्टअप कंपटीशन में संत ज्ञानेश्वर स्कूल की पूर्वी विजेता

रायपुर/नवप्रदेश। एआई स्टार्टअप कंपटीशन के डिस्ट्रिक्ट और स्टेट लेवल पर जीत का परचम लहराने के बाद महाराष्ट्र मंडल

के संत ज्ञानेश्वर इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा पूर्वी साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बताते चलें कि पूर्वी वर्तमान में 11वीं कॉमर्स में अध्ययनरत हैं। हाल में घोषित किए गए स्कूल की वार्षिक परीक्षा परिणाम में पूर्वी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त 11वीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। पूर्वी की इस उपलब्धि पर मंडल अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते और प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिका अराधना लाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एआई स्टार्टअप कंपटीशन आयोजित किया गया था। जिसमें पूर्वी साहू शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे आगे रहीं। ऑनलाइन जूम मीटिंग में एआई स्टार्टअप के लिए जूनियर्स का एक कंपटीशन रखा गया था। इसमें पूर्वी साहू ने बताया कि जो मासिक धर्म की होने वाली परेशानियों को बड़े ही सौम्य तरीके से पहचान करके एक एप के माध्यम से इसे कंट्रोल करेगी। पूर्वी ने पूरा प्रस्तुतीकरण उत्कृष्ट इंग्लिश में दिया और बेहद प्रभावपूर्ण रहा। वहां उपस्थित सभी जनों ने पूर्वी की विशेष सराहना की व प्रतियोगिता में भी उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

10वीं-12वीं की परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

कुम्हारी की बेटी रिया साहू ने रचा इतिहास: 12वीं बोर्ड की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

कुम्हारी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम में कुम्हारी की मेधावी छात्रा रिया साहू ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी की छात्रा रिया ने प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। रिया की उपलब्धि पर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है।

रिया ने इस कठिन परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन करते हुए कुल 500 अंकों में से 488 अंक हासिल किए हैं। 97.60 प्रतिशत अंक के साथ रिया ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली रिया के पिता की ऑटो पार्ट्स की दुकान है और माता गृहिणी हैं। रिया ने बिना किसी कोचिंग संस्थान की सहायता के केवल नियमित सेल्फस्टडी और स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है।

रिया ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता के सहयोग और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। रिया का लक्ष्य आगे चलकर जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण करना है। रिया के पिता राकेश साहू ने बताया कि वे अपनी बेटी की उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। इसके पूर्व कक्षा 10 वीं की परीक्षा में भी रिया ने प्रदेश में मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल किया था। रिया की इस बड़ी उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित पूरे कुम्हारी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सभी ने रिया के घर पहुंचकर उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

खरोरा की बेटी हेमलता साहू ने रचा इतिहास: 12वीं में छत्तीसगढ़ में हासिल किया 5वां स्थान

खरोरा/नवप्रदेश। पीएम श्री भरत देवांगन

शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा ने इस वर्ष 2026 बोर्ड परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल (10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा परिणाम में विद्यालय का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। हायर सेकेंडरी परीक्षा में हेमलता साहू ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ पांचवां स्थान हासिल कर विद्यालय, नगर एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया।

12वीं की टॉपर शहनाज़ परवीन बनना चाहती है आईएएस

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के सरायपाली ब्लॉक की शहनाज़ परवीन ने 97.60% के साथ 12वी में पूरे प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। शहनाज़ के पिता और भाई का कार वाशिंग सेंटर है। शहनाज़ यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहती है।

बेमेतरा की ओमनी रही 12वीं में सेकेंड टॉपर

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे जारी कर दिए। जारी नतीजों के मुताबिक, बेमेतरा की बेटी ओमनी वर्मा ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान हासिल किया है। ओमनी वर्मा के पिता राइस मिल में मजदूरी का काम करते हैं। परिणामों की घोषणा के बाद ओमनी के घर में जश्न का माहौल है। टॉपर बिटिया ओमनी वर्मा के पिता राइस मिल में मजदूरी का काम करते हैं। ओमनी वर्मा हरिभूमि डाट काम से चर्चा करते हुए बताया कि, वह पिता के सपनों को पूरा करना चाहती है।

बचपन से पढ़ाई में जुड़वा भाई के साथ कांपिटीशन - साहिल गोरेठ

साहिल ने 12 वीं की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया है। कुल 98.50 अंको के साथ उन्होंने कुल 600 में से 591 अंक हासिल किये हैं। वे कोरबा में रहते हैं और प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में पढ़ाई कर रहे हैं। रोज 5 से 6 घंटे पढ़ाई करने वाले साहिल ने बताया कि हास्टल में मोबाइल रखने की अनुमति नहीं है। इसलिये सोशल मीडिया में उनका समय बर्बाद नहीं हुआ। वे भविष्य में एमबीबीएस कोर्स कर डॉक्टर बनना चाहते हैं। साहिल ने बताया कि स्कूल में टीचर्स ने अच्छा मार्गदर्शन दिया। पढ़ाई भी अच्छी तरह से कराई गई। टीचर्स ने उत्कृष्ट मार्गदर्शन दिया। साहिल ने अपनी सफ्लता का श्रेय माता-पिता के साथ अपने जुड़वा भाई सागर और सभी टीचर्स को दिया। साहिल ने बताया कि उसके जुड़वा भाई के साथ शुरू से पढ़ाई में कांपिटीशन की भावना के कारण दोनों पढ़ाई में आगे रहे। सागर गोरेठ ने 12 वीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। सागर भी भविष्य में डॉक्टर बनना चाहते हैं।

तनुजा वर्मा की दिलचस्पी गणित विषय में

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल रानीतराई की छात्रा तनुजा वर्मा ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 600 में से 587 अंक हासिल किये। कुल 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट सूची में 8 वां स्थान प्राप्त किया है। भविष्य में वे गणित विषय लेकर इंजीनियर बनना चाहती हैं। तनुजा ने बताया कि रोज 7 से 8 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई करती हैं।

शौर्य गहिने: शौर्य गहिने ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में 9 वां स्थान प्राप्त किया है। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के छात्र शौर्य ने गणित विषय में सौ में सौ अंक प्राप्त किये हैं। कुल 6 सौ अंकों में से 586 अंक प्राप्त करने वाले शौर्य को कुल 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। भविष्य में बायोलाजी विषय लेकर वे पढ़ाई करना चाहते हैं। नीट क्रेक कर डॉक्टर बनना चाहते हैं।

तुलसी साहू: दसवीं बोर्ड की मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली तुलसी साहू हायर सेकेंडरी स्कूल बोरई की छात्रा है। उन्होंने 97. 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। भविष्य में गणित विषय लेकर अध्ययन करना चाहती हैं और इंजीनियर के रूप में करियर बनाना चाहती हैं। तुलसी ने अपनी सफ्लता का श्रेय माता पिता और टीचर्स को देते हुए कहा कि स्कूल के शिक्षकों ने काफी अच्छे से मार्गदर्शन दिया जिसके कारण वे सफ्लता हासिल कर सकी।

निगम में भ्रष्टाचार और 'दोहरी नीति' के खिलाफ IHRPC का हल्लाबोल, प्लेसमेंट कर्मचारियों का शोषण अब नहीं चलेगा

रायपुर /नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग (छत्तीसगढ़) ने नगर पालिक निगम रायपुर में व्याप्त प्रशासनिक भ्रष्टाचार और प्लेसमेंट कर्मचारियों के अधिकारों के हनन के विरुद्ध एक निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश महासचिव प्रदुमन शर्मा ने आज महापौर और नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपकर निगम प्रशासन की 'दोहरी नीति' को बेनकाब किया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि एक ओर निगम प्रशासन करोड़ों रुपये के घोटालों (मियावाकी प्लांटेशन, फर्जी पद सृजन और

नियम विरुद्ध नियुक्तियों) में लिप्त अधिकारियों को संरक्षण दे रहा है, वहीं दूसरी ओर निगम की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने वाले प्लेसमेंट कर्मचारियों को उनके बुनियादी श्रम अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि निगम अपने प्लेसमेंट कर्मचारियों की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है , निगम के मेहनतकश कर्मचारी न्यूनतम वेतन, सुरक्षा और केंद्र सरकार की नई श्रम संहिताओं के लाभ के लिए दर-दर भटक रहे हैं तो वही दूसरी और 3 करोड़ के मियावाकी प्लांटेशन में पौधों की संख्या में भारी हेराफेरी और रसूखदारों की अवैध नियुक्तियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की मिलीभगत को दर्शाता है। आज कल तो निगम में भ्रष्टाचार को दबाने के लिए आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारियों को 'रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं' बताकर गायब किया जाने का ट्रेंड चल रहा है।

संत ज्ञानेश्वर विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रियदर्शिनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यालय आधारित कक्षाओं के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। इन कक्षाओं के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे। कक्षा नौवीं में खुशी सहारे और दीपिका यादव प्रथम रहीं। वहीं 11वीं में गणित में बर्षा परिदा, कामर्स में पूर्वी साहू और बायो में खुशी यादव प्रथम रहीं।

परीक्षा प्रभारी शिक्षिका तृप्ति अग्निहोत्री ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा 11वीं के तीनों संकाय के बच्चों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। बायो में खुशी यादव 97.20 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम रही।

वहीं 91.20 प्रतिशत के साथ दीपिका अग्रवाल द्वितीय और 90 प्रतिशत के साथ शुभम् साहू तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह गणित में बर्षा परिदा 98.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, रिद्धिका सिन्हा 96.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय और डिंपल साहू 95 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। तृप्ति के अनुसार कॉमर्स के पहले सेक्शन में 98.4 प्रतिशत के साथ पूर्वी साहू प्रथम, 95.4 प्रतिशत के साथ नुपूर जैन द्वितीय और 94.6 प्रतिशत के साथ अंजलि? यादव तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं दूसरे सेक्शन में 99.20 प्रतिशत के साथ डिंपल अवधिया प्रथम, 96.40 फीसद अंक के साथ योगेश यादव और 96.20 फीसद के साथ कोमल जनगिद तीसरे स्थान पर रहीं।

'कृति किराना स्टोर' से बदली 'लखपति दीदी' करतम सविता की किस्मत

सुकमा में 4 सेवा एक्सप्रेस के माध्यम से 5500 से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के कोंटा विकासखंड अंतर्गत नियद नेल्लानार ग्राम पोलमपल्ली की श्रीमती करतम सविता ने यह साबित कर दिया है कि यदि मेहनत को शासन की सही योजनाओं का साथ मिल जाए, तो ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान हो जाता है। जिला सीईओ श्री मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और 'लखपति दीदी' अभियान से जुड़कर सविता ने मजदूरी के जीवन से बाहर निकलते हुए अपने परिवार के लिए सम्मानजनक और स्थायी आय का साधन तैयार किया है।

करतम सविता बताती हैं कि पहले उनका परिवार मजदूरी और छोटे-मोटे कामों पर निर्भर था, जिससे आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर बनी रहती थी। लेकिन 'प्रिया स्व-सहायता समूह' से जुड़ने के बाद उन्हें नई दिशा मिली। समूह के माध्यम से 60 हजार रुपये का ऋण लेकर उन्होंने 'कृति किराना स्टोर' की शुरुआत की, जिससे आज उनका परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है और गांव में उनकी पहचान एक सफल महिला उद्यमी के रूप में

बन गई है।

आज सविता की किराना दुकान से सालाना 1 से 2 लाख रुपये तक की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। यह आय केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और परिवार की खुशहाली का आधार बन गई है। सविता बताती हैं कि अब उन्हें रोज़गार के लिए भटकना नहीं पड़ता, बल्कि दुकान से नियमित आमदनी होती है और परिवार में सुख-शांति के साथ समृद्धि आई है। उनके व्यवसाय में परिवार के सभी सदस्य सहयोग करते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई और भविष्य भी सुरक्षित हो रहा है।

कलेक्टर श्री अमित कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं 'लखपति दीदी' अभियान के माध्यम से जिले की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में नवाचार पहल के तहत दूरस्थ अंचलों की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ने के लिए 4 सेवा एक्सप्रेस संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से अब तक लगभग साढ़े 5 हजार महिलाओं को 'लखपति दीदी' के रूप में आत्मनिर्भर बनाया गया है, जो जिले के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि है। लखपति दीदी योजना महिलाओं को केवल आर्थिक संबल ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान और एक नई पहचान भी प्रदान कर रही हैं।

अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए श्रीमती सविता ने कहा कि शासन की योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं के सपनों को पंख दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और 'लखपति दीदी' अभियान जैसी पहल ने उन्हें मजदूरी छोड़कर अपना व्यवसाय स्थापित करने का अवसर दिया। आज वे गर्व से कहती हैं कि वे आत्मनिर्भर हैं और उनके जैसे अनेक ग्रामीण महिलाएं शासन की योजनाओं से नई पहचान बना रही हैं।

सुविचार

लोग ब्लडप्रेशर के डर से नमक खाना और शूगर के डर से मीठा खाना छोड़ देते हैं लेकिन भगवान के डर से दूसरों का हक खाना और हराम की खाना नहीं छोड़ते

अरविंद केजरीवाल का सत्याग्रह

राजनीतिक नौटंकी करने में माहिर नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अब न्यायापालिका के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बहुचर्चित आपकारी घोटाले के मामले में अपने खिलाफ दायर मुकदमें की सुनवाई करने वाली हाईकोर्ट की न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा की अदालत का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें न्याय की उम्मीद नहीं है। इसलिए वे अपनी अंतरात्मा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाए गये रास्ते पर चलते हुए सत्याग्रह कर रहे हैं। उनकी देखा देखी शराब घोटाले मामले में आरोपी रहे तात्कालीन आबाकरी मंत्री और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अदालत की कार्यवाही का बहिष्कार किया है। ये दोनों नेता राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मौन बैठ गये। उनकी इस नौटंकी पर आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई राज्यसभा सदस्य स्वातिमालीवाल ने तंज कसा है कि अरविंद केजरीवाल इस तरह की नौटंकी करने के आदि रहे हैं। यह बात सही भी है क्योंकि जब अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की फोटा हटवा दी थी और अब उन्हें उच्च न्यायालय से झटका लगने का डर सता रहा है तो वे अपने दल बल के साथ महात्मा गांधी की समाधि पर पहुंच गये हैं जहां तक उनके न्यायालय में चल रहे मुकदमें का प्रश्न है तो कोई भी आरोपी इसके लिए स्वतंत्र होता है कि वह न्यायालय की कार्यवाही का हिस्सा बने या न बने। यदि वे हाईकोर्ट में उपस्थित नहीं होते हैं और न ही अपना पक्ष रखने के लिए किसी वकील को भेजते हैं तो ऐसी स्थिति में अदालत एक पक्षीय फैसला भी कर सकती है और इस मामले में आरोपीय का पक्ष रखने के लिए एमीकशज्यूरी की नियुक्ति कर सकती है। अदालत अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ वारंट भी जारी कर सकती है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं लेकिन लगता है कि वे न्यायिक प्रक्रिया को चुनौती देने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा भी है कि यदि हाईकोर्ट में उनके मुकदमें की सुनवाई के बाद उनके खिलाफ फैसला आता है तो वे उस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। ये वही केजरीवाल हैं जो मुख्यमंत्री रहते एक टीवी कार्यक्रम के दौरान यह कह चुके हैं कि आजकल कुछ नेता न्यायालयीन फैसलों पर आपत्ति उठाते हैं और जजों की नियुक्ति अपने मन माफि करवाने की मांग करते हैं। ऐसे लोग देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। अब वही केजरीवाल अपने खिलाफ चल रहे मामले की सुनवाई करने वाली न्यायाधीश को बदले जाने की मांग को लेकर सत्याग्रह कर रहे हैं। इसी से उनकी कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आ जाता है। इस तरह की नौटंकी करने से बेशक उन्हें मीडिया में पब्लिशिटी मिल जाये लेकिन इससे उनके मुकदमें पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। यदि वे निर्दोष हैं तो बरी हो जाएंगे और दोषी पाये गये तो उन्हें सजा जरूर मिलेगी।

गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की बल्ले बल्ले

गुजरात विधानसभा चुनाव के एक साल पहले हुए नगरीय निकाय चुनाव में एक बार फिर भाजपा की बल्ले बल्ले हो गई है। गुजरात नगरीय चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है तथा शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एकतरफा जीत हासिल करके उसने बड़ी कामयाबी पाई है। गुजरात के सभी 15 नगर निगमों में भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की है। गुजरात की राजधानी अहमदाबाद महानगरपालिका की 192 सीटों में से 198 सीटें भाजपा ने जीती हैं वहीं कांग्रेस को 24 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। इसी तरह नगरपालिका, जिला पंचायत और तहसील पंचायत के चुनाव में भी भाजपा ने अपना परचम लहराया है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का सुपड़ा पूरी तरह साफ हो गया है। सबसे रोचक नतीजा तो गोधरा के एक वार्ड का रहा है जहां सौ प्रतिशत मुस्लिम वोटर हैं और वहां से भाजपा की एक हिन्दु महिला प्रत्याशी जीत गई है। इसी से स्पष्ट है कि गुजरात के नगरीय निकाय चुनाव में हिन्दू मुस्लिम फैक्टर काम नहीं आया है और खुद को मुस्लिम वोट बैंक का मालिक साबित करने वाली कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी को भी इनके उतने वोट नहीं मिले है जितनी उन्होंने उम्मीद की थी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को उंगलियों को गिने जाने वाली सीटें मिली है। इनसे बेहतर तो असद्दुदीन ओवैसी का प्रदर्शन रहा है जिसने गिनती की सीटें लड़ी और पांच सीटों पर कामयाबी हासिल की कुल मिलाकर गुजरात विधानसभा के पहले हुए नगरी निकाय चुनाव जिले सत्ता का सेमिफाइनल कहा जा रहा था और इसमें आम आदमी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करने का दावा कर रही थी वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मात देने की बात कर रहे थे इन दोनों ही पार्टियों को गुजरात के मतदाताओं ने नकार कर यह सिद्ध कर दिया कि उनका भाजपा पर आज भी भरोसा कायम है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1598 - अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन। 1789 - जॉर्ज वॉशिंगटन सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए। 1908 - खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका, लेकिन दो बेगुनाह बम की चपेट में आकर मारे गए। 1945 - जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन द्वारा आत्महत्या। 1973 - अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने देश के राष्ट्रपति के नाते वॉटरगेट कांड की ज़िम्मेदारी ली हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह निजी तौर पर इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। 1975 - वियतनाम युद्ध का अंत हुआ। तीन दिन के सत्तारूढ़ राष्ट्रपति दुओंग वैन मिन्ह ने अपनी सेनाओं से समर्पण करने और उत्तरी वियतनामियों से हमले रोकने को कहा। 1985 - अमेरिकी पर्वतारोही रिचर्ड डिक बास (55 वर्ष) माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक उम्र में चढ़ने वाले व्यक्ति बने। 1991 - बांग्लादेश में भीषण चक्रवात में सवा लाख से अधिक लोगों की मौत और 90 लाख लोग बेघर। 1991 - अंडमान द्वीप समूह के एक निर्जन द्वीप पर एक सुप्त पड़े ज्वालामुखी में विस्फोट। शताब्दी में पहली बार ऐसा हुआ।

भारत-न्यूजीलैंड ने नए आर्थिक संघ की शुरुआत की: लाभकारी समझौता

आधुनिक आर्थिक इतिहास के अधिकाँश समय के लिए व्यापार का तर्क सरल था: तुलनात्मक लाभ। यह प्रणाली काम करती थी - जब तक कि यह समझौता नहीं हुआ था। हाल के वर्षों में, भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के साथ, व्यापार समझौतों की संरचना का फिर से निर्माण किया जा रहा है। समान विचारधारा वाले लोकतंत्रों के लिए, सवाल अब यह नहीं है कि एकीकृत होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह कि कितना गहराई से और कितनी तेजी से एकीकृत होना चाहिए। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की अपनी महत्वाकांक्षा की ओर आगे बढ़ रहा है।

राजेश अग्रवाल

देश ने पूर्व –इस बार भारत-प्रशांत क्षेत्र – की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है। भारत ऐसे साझेदारों की तलाश में है, जो आर्थिक एकीकरण और अपने नागरिकों की समृद्धि के लिए इसके दृष्टिकोण को साझा करते हैं। न्यूजीलैंड के रूप में, भारत को बिल्कुल ऐसा ही देश मिला। यह रिश्ता लंबे समय से बन रहा था और पहली नज़र में इसका विस्तार व्यापार से आगे तक है। लगभग 3,00,000 भारतीय मूल के लोग न्यूज़ीलैंड में रहते हैं, जो इसकी आबादी का लगभग 5 प्रतिशत हैं– ये एक ऐसे सेतु का निर्माण करते हैं, जो उतना ही सांस्कृतिक है, जितना कि आर्थिक। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि द्विपक्षीय वस्तु व्यापार वित्त वर्ष 2024ङ्क25 में 1.3 बिलियन डॉलर पहुंच गया और पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी – यह आंकड़ा तेज वृद्धि का संकेत देता है। सेवा व्यापार भी 13 प्रतिशत बढ़ गया है। दो क्रिकेट राष्ट्रों का एक साथ आना, न केवल रोमांचक है, बल्कि पहले से चल रही साझेदारी को भी रेखांकित करता है। प्रतिस्पर्धी निर्माण केंद्रों के बीच व्यापार समझौतों के विपरीत, इस साझेदारी की ताकत इसकी पूरक भूमिका में निहित है। भारत पैमाने की पेशकश करता है: 1.4 अरब लोग, एक उभरता हुआ मध्यम वर्ग और एक विश्वस्तरीय डिजिटल और सेवा अवसंरचना। न्यूजीलैंड विशेषज्ञता की पेशकश करता है: उच्च-तकनीक कृषि, सतत वानिकी और विशिष्ट निर्माण तकनीक। दोनों देशों की पूरक भूमिका ही इस साझेदारी की नींव है।

बेहतर बाजार पहुंच:

एफ्टीए स्पष्टता और आकर्षक विशेषताओं के साथ संतुलन स्थापित करता है। भारत ने संवेदनशील उत्पादों को बाहर रखा है, जैसे डेयरी, अधिकांश पशु उत्पाद, सब्जियां, चीनी, कृत्रिम शहद, वसा और तेल, हथियार और गोला-बारूद, तांबा और एल्युमिनियम के सामान। शत-प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क हटा दिए गये हैं, जिससे निरंतर मौजूद बाधा समाप्त हो गयी है: यह बाधा प्रमुख शुल्क लाइनों पर 10 प्रतिशत तक के शुल्क के रूप में मौजूद थी। यह प्रगति श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, सिरामिक और कालीन तथा उच्च-वृद्धि वाले वाहन और इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए तत्काल प्रतिस्पर्धा आधारित प्रोत्साहन प्रदान करती है। भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, अब न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश कर रहा है, जो लगभग 1.9 बिलियन डॉलर मूल्य के ऐसे सामानों का वार्षिक आयात करता है और शून्य-शुल्क पहुँच की सुविधा देता है। इंजीनियरिंग निर्यात, जो दुनिया भर में 110 बिलियन डॉलर से भी अधिक हो गया है, अब ऐसे बाज़ार में भी वैसी ही गति पकड़ रहा है, जो 11 बिलियन डॉलर के इंजीनियरिंग उत्पाद आयात करता है। चमड़ा, दवाएँ, समुद्री उत्पाद और प्लास्टिक–ये सभी क्षेत्र जो पहले टैरिफ़की वजह से बाधित थे–अब आगे

बढ़ने और फलने-फूलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

भारत-प्रशांत क्षेत्र में विविधीकरण और विस्तार:

यह समझौता दोनों देशों को उनके पारंपरिक बाजारों से हटकर अपने व्यापार में विविधता लाने में मदद करता है। एक ओर, यह भारत को न्यूजीलैंड–जो संसाधनों से समृद्ध एक विकसित अर्थव्यवस्था है–में शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच प्रदान करता है; वहीं दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की कंपनियों के लिए यह न केवल दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारतीय बाजार, जहाँ 1.46 अरब लोग रहते हैं, के द्वार खोलता है, बल्कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था तक भी पहुंच सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, यह न्यूजीलैंड को चीन पर अपनी निर्यात निर्भरता कम करने में मदद करता है–क्योंकि उसके कुल माल निर्यात का 28त्न से अधिक हिस्सा चीन जाता है–और साथ ही इसकी आयात आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुदृढ़ता लाने में भी सहायक सिद्ध होता है। अब भारत की पहुंच केवल किसी एक विकसित अर्थव्यवस्था तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी पहुंच दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के एक व्यापक क्षेत्रीय इकोसिस्टम तक हो गई है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए अधिक निश्चितता और बड़े पैमाने पर अपना परिचालन करना कहीं अधिक आसान हो गया है। यह बाज़ार तक पहुँच में बिखराव को कम करता है और उन व्यवसायों के लिए एक सुगम मार्ग तैयार करता है, जो प्रशांत क्षेत्र में अपना विस्तार करना चाहते हैं। भारत में व्यापार-आधारित विकास कई विकल्प देता है। देश के स्तर पर, भारत-न्यूज़ीलैंड एफ्टीए से व्यापक और संरचना निहित लाभ मिलने की उम्मीद है, जो भारत के निर्यात आधार के भौगोलिक रूप से व्यापक और क्षेत्रीय रूप से विशिष्ट स्वरूप को प्रतिबिंबित करता है। गुजरात के रसायन और रत्न, महाराष्ट्र की दवाएं और वाहन कल-पुर्ज़े, तमिलनाडु के वस्त्र, उत्तर प्रदेश के चमड़े और हस्तशिल्प, पंजाब के कृषि-आधारित उत्पाद, कर्नाटक की दवाएं और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा पश्चिम बंगाल की चाय और इंजीनियरिंग सामान–ये सभी बेहतर मूल्य प्रतिस्पर्धा से लाभ प्राप्त करने की स्थिति में हैं। आंध्र प्रदेश और केरल जैसी तटीय अर्थव्यवस्थाओं को समुद्री निर्यात में बेहतर मूल्य प्राप्ति होगी, जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र को चाय, मसाले, बांस और जैविक उत्पादों के लिए बेहतर बाज़ार पहुँच मिल सकती है। अब निर्यात में और विविधता लायी जा सकती है। सौभाग्य से, व्यापार दोनों तरफ से होता है। भारत ने अपनी 70.03त्न टैरिफ लाइनों पर टैरिफ में ढील दी है, जबकि 29.97त्न टैरिफ लाइनों को छूट से बाहर रखा है; इसमें न्यूज़ीलैंड के साथ मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार के 95त्न मूल्य को शामिल किया गया है। उद्योग के लिए हमारे मुख्य इनपुट पर तुरंत ड्यूटी खत्म कर दी गई है। लकड़ी और लकड़ी के गूदे जैसे आयात से कागज़, पैकेजिंग, फ़र्नीचर और निर्माण क्षेत्रों को मदद मिलेगी। यह समझौता ऊन, और लौह व अलौह पदार्थों के कचरे और स्क्रैप तक पहुँच को भी बेहतर बनाता है, जिससे घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। ये विनिर्माण को बढ़ावा देने वाले कारक हैं। इनकी लागत कम करके, यह समझौता एक महत्वपूर्ण काम करता है: यह भारतीय विनिर्माण के प्रतिस्पर्धा आधार को बदल देता है। न्यूज़ीलैंड के लिए, हिसाब-किताब अलग है। भारत का मतलब है बड़ा पैमाना–विविधीकरण की रणनीति में एक ज़रूरी कड़ी, जो इतने बड़े मौके देती है कि कुछ ही देश उसकी बराबरी कर सकते हैं। 422 अरब डॉलर से ज़्यादा के विदेशी निवेश के साथ, न्यूज़ीलैंड की वैश्विक मौजूदगी पहले से ही काफी बड़ी है। भारत सिर्फ़ एक बाज़ार ही नहीं, बल्कि उत्पादन, तकनीक और मानव संसाधन के क्षेत्र में भी साझेदारी का अवसर देता है। 20 अरब डॉलर के निवेश के वादे के साथ, इस रिश्ते का दीर्घावधि रणनीतिक स्वरूप है–एक ऐसा स्वरूप जो रोज़गार पैदा करने, क्षमताओं को मजबूत करने और लेन-देन वाले जुड़ाव से आगे बढ़कर एक ऐसी साझेदारी में विकसित होने के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है जो स्थायी, अंतर्निहित और लंबे समय तक चलने वाली हो। शायद इस साझेदारी का सबसे अहम पहलू इसकी बुनियादी बातों पर वापसी है: कृषि। कृषि तकनीक एक मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरती है। यह समझौता एक 'कृषि उत्पादकता साझेदारी' की रूपरेखा तैयार करता है, जो ज्ञान के आदान-प्रदान की दिशा में आगे बढ़ती है। प्रशीतन-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स, सटीक खेती और कटाई के बाद के प्रबंधन में न्यूज़ीलैंड की विशेषज्ञता, पैदावार बढ़ाने और बर्बादी कम करने की भारत की ज़रूरत के अनुरूप है। कीवी फल, सेब और शहद के लिए कार्य योजनाएँ तथा उत्पादकों के लिए 'उत्कृष्टता केंद्र' और तकनीकी सहायता, बाज़ार तक पहुँच के साथ के साथ जोड़ी गई हैं।

राजा रघुवंशी हत्याकांड प्रकरण और न्याय की चुनौतियां

महेन्द्र तिवारी

राजा रघुवंशी का प्रकरण आधुनिक समय की उन सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है जिसने भारतीय समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। यह मात्र एक आपराधिक घटना नहीं है बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अटूट विश्वास और विश्वासघात की पराकाष्ठा का एक ऐसा दस्तावेज है जो हमारी न्याय प्रणाली की सूक्ष्मताओं को भी कटघरे में खड़ा करता है। वर्ष 2025 में आरंभ हुई यह दुखद कथा 2026 में भी जनमानस के बीच गहन विमर्श का केंद्र बनी हुई है, विशेषकर उस समय जब इस संपूर्ण प्रकरण की मुख्य अभियुक्त को न्यायालय से सशर्त मुक्ति प्राप्त हुई है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि कभी-कभी वास्तविकता किसी भी काल्पनिक कथा से अधिक भयावह और विचलित करने वाली हो सकती है। इस संपूर्ण घटनाक्रम की जड़ें इंदौर के एक सामान्य परिवार से जुड़ी हैं। इंदौर के निवासी राजा रघुवंशी का विवाह 11 मई 2025 को सोनम के साथ अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ था। परिवार के सदस्यों और मित्रों के अनुसार यह एक अत्यंत सुखी और सामान्य विवाह प्रतीत होता था, जिसमें किसी भी प्रकार के तनाव या विवाद की कोई सुगबुगाहट नहीं थी। विवाह के पश्चात के रीति-रिवाजों को पूर्ण करने के बाद, अपनी नई जीवन यात्रा को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से यह दंपति 20 मई 2025 के आसपास मेघालय की प्राकृतिक छटाओं का आनंद लेने के लिए प्रस्थान कर गया। उस समय किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि खुशियों की यह



खोज एक भयानक त्रासदी में परिवर्तित होने वाली है। मेघालय की वादियों में भ्रमण के दौरान 23 मई 2025 वह अंतिम तिथि थी जब राजा और सोनम को अंतिम बार एक साथ देखा गया था। इसके पश्चात अचानक उनका अपने परिवार से संपर्क विच्छेद हो गया। कई घंटों तक कोई सूचना न मिलने और संचार के सभी साधन बंद होने के कारण परिवार की चिंता बढ़ती गई। अंततः स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस संदर्भ में सूचित किया गया। इसके पश्चात एक व्यापक खोज अभियान का सूत्रपात हुआ जिसमें स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ आपदा प्रबंधन दल और अन्य जांच एजेंसियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कई दिनों की निरंतर खोज और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करने के पश्चात 2 जून 2025 को राजा का निष्प्राण शरीर एक अत्यंत गहरी खाई से बरामद किया गया। इस समाचार ने न केवल रघुवंशी परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुँचाई बल्कि संपूर्ण देश में सनसनी फैला दी। प्रारंभिक स्तर पर यह मामला एक रहस्यमय दुर्घटना प्रतीत हो रहा था क्योंकि राजा की पत्नी सोनम उस स्थान से लापता थी। पुलिस ने अपनी जांच की दिशा बदली और विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चलाया। अंततः 8 जून 2025 को पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली जब सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से बंदी बना लिया गया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, वैसे-वैसे इस घटना के पीछे छिपे काले सत्यों की परतें खुलने लगीं। जांच अधिकारियों ने उद्भेदन किया कि राजा की मृत्यु कोई संयोग या दुर्घटना नहीं थी, अपितु यह एक अत्यंत सुव्यवस्थित और क्रूर षड्यंत्र का परिणाम थी। पुलिस के दावों के अनुसार, सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा और 3 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इस जघन्य अपराध की रूपरेखा तैयार की थी। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि हत्या की इस वारदात को मेघालय के सोहरा क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम और एकांत स्थान पर अंजाम दिया गया था। वहां अपराधी पूर्व से ही घात लगाकर बैठे थे। आरोप है कि सोनम सुनियोजित तरीके से राजा को उस एकांत स्थान पर ले गई, जहां पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार हमलावरों ने उस पर प्रहार किया और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसके शरीर को खाई में फेंक दिया। यह विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित करने के लिए पर्याप्त था क्योंकि यह उस पवित्र बंधन के विरुद्ध था जिसमें दो व्यक्ति एक-दूसरे की सुरक्षा का वचन लेते हैं। आरक्षी विभाग ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए साक्ष्यों का संकलन किया और सितंबर 2025 में न्यायालय के समक्ष लगभग 790 पृष्ठों का एक विशाल आरोप पत्र प्रस्तुत किया। इस दस्तावेज में सोनम, राज कुशवाहा और अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध वैज्ञानिक साक्ष्य, परिस्थितिजन्य प्रमाण और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों को विस्तृत रूप से सम्मिलित किया गया था। इस आरोप पत्र की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट था कि यह मामला कानूनी रूप से अत्यंत सुदृढ़ है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्यों मौन मन आज इतना मुखर है कौन पीड़ा में आज बिलखता उधर है। क्यों हृदय के थाप पर नूपुर टूट रहे आप तारक बन नीर लोचनों से छूट रहे। बोल दुख तूने आज किन-किन को दुर्बल किया है किस-किस ने आज फिर दूर्दिन को जिया है। दग्ध हृदय के राख से क्यों अंबर घना है? किसके अश्रुवों से आज यह बादल बना है। क्यों भींग रही है भूमि निखिल जग में आज? किसका मधुर जल क्षार बन पट-गात से झरा है?

– नीरज वर्मा नीर

कुछ लड़कियां आज के समय में भी ऐसी हैं कि वो ना घर में काम करना चाहती हैं ना बाहर कमाने जाना चाहती हैं।इनको बस पति के पैसे पर मौज करना होता है।ऐसी लड़कियों के बाप को तो दहेज देना ही पड़ता है।ये भी एक कारण है दहेज खत्म ना होने का।अनुभव किजिए गा कभी दोस्तों।

– प्रीति श्रीवास्तव

स्टेज से सेज का साधन, राष्ट्र भक्तों ने कर दिया पशु भी नहीं हो तुम , तुमने साबित ये कर दिया धर्म की पूंछ भी तुम्हें मालूम नहीं है "मसीहा" लुच्चों, लफंगों, लंपटों को संत घोषित कर दिया।

– केदार नाथ शब्द मसीहा

हथेली पे इक बिच्छु पाला था हमने, कोई ज़ख्म गहरा संभाला था हमने। न रोए तो पत्थर समझने लगे सब, ये इल्ज़ाम भी हँस के टाला था हमने। हमें वक्त ने इस क़दर तोड़ डाला, नई शक्ल में खुद को ढाला था हमने। कभी मुफ़लिसी ने पुकारा था हमको,कभी कोई आंसू उबाला था हमने। जहाँ प्यास बुझनी ही मुमकिन नहीं थी, वहाँ भी समंदर खंगाला था हमने।

– रूबी झा कमल

उदास लम्हन ग़ज़ल बन जाऊँ, कोई हमका गुनगुनाये भीतर के सन्नाटा जब सुर बन के बहि जाए, त टूटल दिलो धीरे-धीरे मुस्काये जवन पीरा रही चुप्पी में दबी, ओही अल्फ़ाज बन के कागज पर उतरि आए मन कहे -"दुख के भी अपना एक मीठा सा राग हौ" जवन सुन लेई, उहू अपन दर्द भुलाएज उदास लम्हन ग़ज़ल बन जाऊँ, बस एतना चाह– कोई मन से हमका धीरे-धीरे गुनगुनाये

– चिन्मय शुक्ल

प्राण दीपक स्नेह के सारे संबल अपंग हैं कंठ में कुलबुलाते कालकूट और हलाहल का जोर है आंधियों का बेरहम मौसम है कड़कती बिजलियाँ और घुमड़ते बादलों का शोर है हूँ एक नन्हा सा प्राण दीपक,फिर भी मैं नित जल रहा हूँ। – **रामकिशोर उपाध्याय**

मेरी नज़र में वो मंज़र सभी समाए हैं पुरानी यादों के बादल पलट के आये हैं हमारे घर में हमीं लगता है पराए हैं किए जो हमपे वो अहसान सब गिनाए हैं ये क़र्ज़ उनका चुकायेंगे उम्र देकर हम हमारे साथ हमारे ही अपने साए हैं बिछड़ के जायें कहाँ कोई ठोर ही नहीं है ज़माने के लिए वैसे भी हम पराए हैं हंसीं थे दिन हंसीं थी रातें ग़म न था कोई सुहानी यादों का अम्बर जो हम उठाए हैं अभी तो खुश मुझे रहने दो मैं सफ़र में हूँ कि राहे -ए ज़िन्दगी के ग़म सभी भुलाए हैं।

– माधुरी स्वर्णकार

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपको कार्य क्षेत्र पर कई व्यवधानों का सामना करना पड़ सकता है। परन्तु आत्मविश्वास बनाये रखें सोची योजनाएं अवश्य पूरी होंगी।

वृष: आज के दिन लाभ की संभावना बनते बनते अनिर्णय की स्थिति के कारण बिगड़ सकती है कोई भी कार्य घरेलू हो या व्यवसायिक हाथ मे लेंगे शीघ्र परिणाम ना मिलता देख बीच मे छोड़ देंगे।

मिथुन: आज दिन का पहला भाग अशान्त रहेगा। पुरानी घरेलु उलझनों के कारण आज भी मन विचलित रहेगा। जिससे दैनिक कार्यो में चाह कर भी उत्साह नहीं दिखा पाएंगे।

कर्क: आज का दिन आपके लिए धनदायक रहेगा सेहत प्रातःकाल के समय थोड़ी से नरम होगी लेकिन दिनचर्या में बाधा नही पहुचेगी। आज क्रय-विक्रय के व्यवसाय अथवा शेयर सट्टे में निवेश से निश्चित धन लाभ होगा।

सिंह: आज आप अपने किये सभी कार्यो में संतोष रखेंगे इसका मुख्य कारण परिस्थिति अनुसार स्वयं को ना ढालपाना रहेगा। पारिवारिक सदस्य आरम्भ में आपका विरोध करेंगे लेकिन समझाने के बाद आपके निर्णयों के समर्थन करेंगे।

कन्या: आज के दिन आप अपने आप मे ही मस्त रहेंगे। इस कारण घर एवं बाहर का वातावरण असामान्य बनेगा। या तो किसी कार्य में प्रतिक्रिया देंगे नही देंगे तो हर कार्य में मीन मेख निकालने पर परिजन एवं सहकर्मियो को अखरेगा।

तुला: आज के दिन परिस्थितियां विकट रहने वाली है। नौकरी अथवा व्यवसाय में छोटी गलती के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है इसलिये सहकर्मी अथवा नौकरों के ऊपर आश्रित ना रहें जितना संभव हो स्वयं की देखरेख में कार्य संपन्न करवाये।

वृश्चिक: आज के दिन आप अपना ध्यान अनर्गल विषयो को छोड़ आवश्यक कार्यो पर एकाग्र करने का प्रयास करें अन्यथा जहाँ लाभ होना है वहां हानि मिलेगी। विवेकी व्यवहार अपनाए बेवजह की परेशानी से बचेंगे।

धनु: आज के दिन आप अपने मतलब से ही व्यवहार करेंगे जिस जगह से कोई लाभ नजर नही आएगा उसके प्रति लापरवाही करेंगे लेकिन जहां से लाभ की संभावना दिखेगी वहां जल्दबाजी में करने का प्रयास करेंगे जिससे कुछ ना कुछ गड़बड़ होगी।

मकर: आज का दिन मंगलदायक रहेगा। धर्म-कर्म में रूचि रहेगी धार्मिक यात्रा अथवा दान-पुण्य के अवसर मिलेंगे लेकिन मन से स्वार्थ की भावना नही निकलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र पर विलम्ब के कारण शीघ्र धन देने वाला अनुबंध हाथ से निकल सकता है।

QUIZ TIME

1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?

2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?

3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?

4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में मध्य प्रदेश में एक स्मारक से सम्मानित रानी दुर्गावती किस वंश से संबंधित थीं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) द चैलेंज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) गोंड वंश

पहेली

शब्द सामर्थ्य -023

ट्रिपल मर्डर केस में आरोपी को अदालत ने सुनाई मौत की सजा

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के चर्चित ट्रिपल मर्डर केस में दुर्ग की अदालत ने 6 साल बाद आरोपी रवि शर्मा को मौत की सजा सुनाई है। आरोपी ने अपनी पत्नी और डेढ़ साल की मासूम बेटी की हत्या कर दी थी। हत्या का शक न होने देने के लिये उसने एक अज्ञात व्यक्ति को भी मार दिया, ताकि वो खुद को मरा हुआ साबित कर सके। पुलिस जांच से पता चला कि आरोपी रवि शर्मा पहले से शादीशुदा था और उसकी पहली पत्नी और बच्चे राउरकेला में रहते हैं। भिलाई में उसने मंजू से दूसरी शादी कर ली थी। मंजू ने डेढ़ महीने पहले बच्ची को जन्म दिया था, लेकिन रवि इस बच्चे को नहीं चाहता था। इस बात पर दोनों के बीच अक्सर वाद विवाद होता था।

आखिरकार तंग आकर उसने मंजू को मारने की योजना बना ली। पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य सबूतों के आधार पर पता लगा लिया था कि तीनों मर्डर के पीछे रवि शर्मा का ही हाथ था। जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल्स, इस्तेमाल किए गए सामान और दवाइयों की जांच, सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान जैसे अहम सबूत सामने आए। इन सभी सबूतों के आधार पर दुर्ग कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने आरोपी को हत्याकांड के लिए मौत की सजा सुनाई। इस मामले में दुर्ग न्यायालय में शासकीय वकील भावेश कटरे ने पैरवी की। भिलाई नगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेश कुमार ध्रुव ने जांच पूरी कर आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया था।

घटनास्थल पर बेडरूम के दरवाजे पर चाक से लिखा मिला कि मंजू बेवफा थी, इसलिए मजबूरी में उसे, उसके पति और बच्चे को मारना पड़ा। नीचे संजय देवांगन आर्मी लिखा था। यह लिखावट भी पुलिस को भटकाने के लिए थी।

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि घटना से एक दिन पहले रवि एक अज्ञात युवक को स्कूटी से अपने घर लेकर आया था। वहीं घटना के बाद तड़के वह अकेले स्कूटी से निकलते दिखा। इससे साफहो गया कि आरोपी रवि ही है।

राउरकेला से पकड़ाया आरोपी

मोबाइल कॉल ट्रेस करने पर पता चला कि मंजू की मां को फोन रायपुर रेलवे स्टेशन से किया गया था। पुलिस को शक था कि आरोपी भागकर ओडिशा के राउरकेला जा सकता है, जहां उसकी पहली पत्नी और बच्चे रहते थे। सूचना के आधार पर रेलवे पुलिस ने उसे राउरकेला स्टेशन पर पकड़ लिया।

खौफनाक साजिश रची

रवि ने पहले से ही प्लान बना लिया था कि वह अपनी पत्नी और बच्ची को मार देगा और खुद को मृत साबित करेगा। इसके लिए उसे अपने जैसे कद-काठी के व्यक्ति की जरूरत थी। वह एक मानसिक रूप से कमजोर युवक को शराब का लालच देकर घर ले आया। उसने शराब में नींद की गोलियां मिलाकर युवक को पिला दी। जब वह बेहोश हो गया तो हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी और टेप से मुंह-हाथ बांध दिए। इसके बाद उसने मंजू को भी नींद की दवा देकर सुला दिया और उसे भी गला घोंटकर मार डाला। आखिर में उसने अपनी मासूम बच्ची को भी नहीं छोड़ा और उसकी भी हत्या कर दी।

ऐसे हुआ प्लान फेल

हत्या के बाद उसने सबूत मिटाने के लिए युवक के शव को जलाने की कोशिश की। साथ ही गैस सिलेंडर को इस तरह सेट किया कि आग लगने पर ब्लास्ट हो जाए और सब कुछ जलकर खत्म हो जाए। लेकिन गैस सही तरीके से नहीं फैल पाई और पूरा प्लान फेल हो गया।

न्यूज गैलरी

दुर्ग के विकास को लेकर वोरा ने डॉ. रमन व राज्यपाल से की मुलाकात

दुर्ग। शहर के बहुआयामी विकास कार्यों को गति देने पूर्व विधायक अरुण वोरा ने रायपुर प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की और दुर्ग शहर से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, अधोसंरचना परियोजनाओं व जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने जैसे विषय प्रमुख रूप से उठाए गए। वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर के समग्र विकास के लिए राज्य स्तर पर समन्वय और त्वरित निर्णय अत्यंत आवश्यक हैं। वोरा ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से भी शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने दुर्ग जिले की वर्तमान स्थिति, नागरिक समस्याओं तथा विकास योजनाओं को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। वोरा ने बताया कि दुर्ग की जनसमस्याओं बिजली व्यवस्था, शहरी सुविधाओं एवं लंबित विकास कार्यों को लेकर वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भी मुलाकात करेंगे।

जिले की 297 ग्रापं और 10 ननि को बाल विवाह मुक्त करने दावा-आपत्ति

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिले की ऐसी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को 'बाल विवाह मुक्त' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जहाँ पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है। जिले के कुल 300 ग्राम पंचायतों में से केवल 3 पंचायतों (दुर्ग विकासखण्ड की खोपली व डूमरडीह और धमधा विकासखण्ड की नंदनी खुदिनी) को छोड़कर शेष 297 ग्राम पंचायतों ने बाल विवाह मुक्त होने संबंधी दस्तावेज़ प्रस्तुत किए हैं। जिले के 11 नगरीय निकायों में से भिलाई नगर निगम को छोड़कर शेष 10 नगरीय निकायों में भी पिछले दो वर्षों से बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। इन सभी निकायों और पंचायतों को आधिकारिक तौर पर बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्थान को इस घोषणा के संबंध में कोई आपत्ति हो या किसी बाल विवाह के प्रकरण की जानकारी हो, तो वे विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर अपने लिखित प्रमाणों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में कार्यालयीन समय पूर्वान्ह 10 से शाम 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा समाप्त होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

रामलला दर्शन योजना: महापौर अलका बाघमार ने ट्रेन को दिखाई हरी झण्डी

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आज दुर्ग जिले से श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। पूरे स्टेशन परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 178 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्टेशन पर श्रद्धालुओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनकी सुखद व सुरक्षित यात्रा की कामना की। महापौर ने कहा कि यह योजना आमजन को भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर प्रदान कर रही है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज के हर वर्ग को अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, तहसीलदार पफुल्ल गुप्ता, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, निशांत यादव, गौतम साहू, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर सहित रेलवे अधिकारी मौजूद थे।

व्याख्याता का निलंबन बहाल

दुर्ग। दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने छात्र हित और शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूर्व में निलंबित व्याख्याता वेदराम पात्रे को तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया गया है। पात्रे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दामापुर (बाजार), विकास खंड पंडरिया, जिला कबीरधाम में पदस्थ थे, उन्हें निलंबन से मुक्त करते हुए अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरघटा, विकास खंड नवागढ़, जिला बेमेतरा में आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। वेदराम पात्रे को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत 14 जनवरी 2026 को निलंबित किया गया था और उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई नियत किया गया था। शासन ने नवागढ़ विकास खंड के मगरघटा विद्यालय में अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता के रिक्त पद का संज्ञान लिया, व्याख्याता न होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने लगाया आरोप- घड़ियाली आंसू बहा रही है भाजपा

महिला आरक्षण के मुद्दे पर निगम में विशेष बैठक के औचित्य पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। संसद में हाल ही में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) का बिल पास न होने के बाद इस मुद्दे पर आज नगर निगम में सामान्य सभा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। विपक्षी कांग्रेस पार्षदों ने इस बैठक के औचित्य पर खड़े किए। स्व. मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित सामान्य सभा की विशेष बैठक में सत्तापक्ष भाजपा के पार्षद महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस के खिलाफ नारे की तख्तियां लेकर शामिल हुए। विरोध स्वरुप उन्होंने अपने हाथों में काली पट्टी बांध रखी थी। दोपहर 2 बजे नेता प्रतिपक्ष श्याम शर्मा की अनुमति से सामान्य सभा शुरू हुई। बैठक में महापौर अलका बाघमार ने नारी शक्ति वंदन

अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) के संसद में गिरने को लेकर निंदा प्रस्ताव पढ़ा। उन्होंने विधेयक को महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कांग्रेस पर विधेयक गिराने का आरोप लगाया। महापौर ने कहा कि कांग्रेस महिला विरोधी है। उन्होंने निगम सदन में पार्षदों से निंदा प्रस्ताव पारित करने का आव्हान किया। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने नगर निगम की सामान्य सभा की विशेष बैठक के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह बैठक शहर में व्याप्त पेयजल संकट, कचरा गंदगी, शक्तिनगर तालाब के उन्नयन में भ्रष्टाचार या जनहित से जुड़े मुद्दे पर बुलाई जाती तो बेहतर होता। नगर निगम को शहर के नागरिकों की चिंता नहीं है। महिला आरक्षण बिल को लेकर सत्तापक्ष केवल घड़ियाली आंसू बहा रहा है। यह विधेयक सन् 2023 में दोनों सदनों में पारित हो चुका है। सदन में पूर्व महापौर और वर्तमान पार्षद आरएन वर्मा ने कहा कि जनता से जुड़े आकस्मिक और गंभीर मुद्दे पर सामान्य सभा की विशेष बैठक बुलाई जाती है। महिला आरक्षण का यह मुद्दा जनता से जुड़ा मुद्दा नहीं है। मंत्री के फोन पर यह बैठक बुलाई गई है। नगर निगम अगर महिलाओं की सम्मान की बात करती है तो महिलाओं को पिछले तीन माह से पेंशन क्यों नहीं मिला। महतारी वंदन योजना, वृद्धावस्था योजना और अन्य योजनाओं का हितग्राहियों को लाभ क्यों नहीं मिल रहा है, यह बड़ा सवाल है। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल, सरिता चंद्राकर, कांग्रेस पार्षद दीपक साहू, विजयंत पटेल, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, अजीत वैद्य सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

लेडी हेड कॉन्स्टेबल ने महिला को मारा थप्पड़

दुर्ग/नवप्रदेश। ज्वेलरी शॉप में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में लेडी हेड कॉन्स्टेबल ने महिला को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। दोनों ने एक दूसरे के बाल खींचकर मारपीट की। शिकायत में कहा गया है कि हेड कॉन्स्टेबल ने महिला की मां को भी लात मारी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िता जया गाड़े एडवांस में दी गई रकम वापस लेने सहेली ज्वेलर्स पहुंची थी। ज्वेलर्स ने पैसे देने इनकार करते हुए पुलिस को बुला लिया। इसके बाद संचालक और महिला में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि महिला और कॉन्स्टेबल के बीच भी हाथापाई हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी नवीन राजपूत ने कार्रवाई करने के बजाय उल्टे उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने उसके साथ थाने के अंदर भी मारपीट की। इस मामले में पीड़िता ने एसएसपी विजय अग्रवाल से शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जया गाड़े ने 15 अप्रैल को सहेली ज्वेलर्स में गहने बनवाने के लिए ऑर्डर दिया था। 19 अप्रैल करीब 4.30 बजे वह अपने मां के साथ ज्वेलरी शॉप पहुंची और उसने किसी कारणवश ऑर्डर कैंसिल करवा दिया। इसके जया ने एडवांस के तौर पर दिए 50 हजार रुपए वापस मांगे। आरोप है कि संचालक ने पैसे से इनकार करते हुए पुलिस बुला ली। इस दौरान महिला और स्टाफ के बीच जमकर विवाद हुआ। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि महिला हेड कांस्टेबल लता सुमन साहू ने हालात समझने की कोशिश नहीं की और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि हेड कॉन्स्टेबल ने सबके सामने थप्पड़ मारा और बाल पकड़कर घसीटा।

विकास कार्य के लिए 29.99 लाख स्वीकृत

■ प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर स्वीकृति

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विधानसभा क्षेत्र पाटन व विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर अंतर्गत दो विकास कार्य के लिए 29 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यो का संपादन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन और कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा। विकासखण्ड पाटन अंतर्गत वार्ड 7 में विप्र भवन के पास सामुदायिक भवन के प्रथम तल में भवन निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। दुर्ग में वार्ड क्रमांक 28 पचरीपारा यादव छात्रावास के पास स्थित सामुदायिक भवन में रसोई कक्ष व शौचालय निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

पूर्व सीएम बघेल के वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस ने की शिकायत

■ इंस्टाग्राम आईडी पर एफआईआर की मांग

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर वायरल एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर विवाद गहराने लगा है। नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहिवारा के पदाधिकारियों ने नंदिनी थाना पहुंचकर इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक और भ्रामक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसे व्यापक

रूप से प्रसारित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि वीडियो में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पाटन विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संबंध में असत्य और चरित्र हनन करने वाली सामग्री प्रस्तुत की गई है। इससे न केवल उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, बल्कि सामाजिक माहौल बिगाडऩे और आम जनता को गुमराह करने की कोशिश भी की गई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष बाफना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। वीडियो हटाकर संबंधित आईडी को स्थायी रूप से बैन कराने की भी मांग की गई है। इस दौरान उमेश साहू, कैलाश नाहटा, सुमित नारंग, हीरा वर्मा, धर्म बर्रे, महेंद्र सेन, नागमणि साहू, राजू यादव, बंटी धनकर, मुरली कृष्णा, सूर्यकांत वैष्णव, मोहम्मद कलाम, महमूद खान, स्टालिन, हेमंत साहू, जगदीश मार्कण्डेय और उमेश बंजारे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विश्व इस्पात दिवस पर 'हजान' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसपी की दोहरी जीत

भिलाई/नवप्रदेश। विश्व इस्पात दिवस के अवसर पर सेल सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (एसएसओ) रांची द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'हज़ान' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लेकर औद्योगिक सुरक्षा जागरूकता एवं परिचालन उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व इस्पात गलन शाला 2 (एसएमएस 2) की टीमों द्वारा किया गया। कार्यपालक श्रेणी में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक के. पवन कुमार और सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने सुरक्षा मानकों की गहन समझ, तकनीकी दक्षता व प्रभावी प्रतिक्रिया कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया।

गैर-कार्यपालक श्रेणी में विनय, शिव कुमार और चंदन वर्मा की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय एवं परिचालन कौशल का परिचय देते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिससे भिलाई इस्पात संयंत्र को इस प्रतियोगिता में दोहरी सफलता प्राप्त हुई।

इस उपलब्धि पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा संयंत्र प्रबंधन एवं सहकर्मियों द्वारा उनकी सराहना की गई। 'हज़ान' प्रतियोगिता इस्पात उद्योग में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं आपात स्थितियों के प्रति तत्परता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम का जांच अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किये जाने हेतु प्रत्येक जिले में कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

औषधि शाखा द्वारा जांच अभियान के आज तीसरे दिवस में संचालित मेसर्स विशी मेडिकोज एण्ड कॉसमेटिक्स महाराजा चौक, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, महाराजा चौक, मेसर्स सिटी मेडिकोज, सुपेला, भिलाई, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, सुपेला, भिलाई, मेसर्स अल्का मेडिकल हॉल, सिरसा रोड, सुपेला भिलाई का निरीक्षण औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के तहत् किया गया। सभी फर्मों के क्रय-विक्रय रिकार्ड की जांच की गई। सख्त निर्देश दिये गए कि उनके द्वारा कास्मेटिक सामान का क्रय अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसी से बिल के माध्यम से किया जाए, मेसर्स अपोलो फार्मेसी बोरसी और मेसर्स विवेकानंद फार्मेसी, पदमनाभपुर में फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नियमानुसार, अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। कुल 07 मेडिकल फर्मों का निरीक्षण किया गया। भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

खाद्य शाखा द्वारा जांच अभियान में विभिन्न क्षेत्रों में संचालित डेयरी प्रोडक्ट्स दुध, दही, पनीर, लस्सी, छाछ आदि विक्रेता फर्मों की जांच / निरीक्षण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत् किया जा रहा है, जिसमें संचालकों को उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। रिसाली क्षेत्र में संचालित सीवान दूध डेयरी, संगम डेयरी, शुभम डेयरी, आनंद डेयरी व गोकुल डेयरी, धनोरा, आदि फर्मों का निरीक्षण किया गया। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जनदर्शन में प्राप्त हुए 117 आवेदन: सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों ने सहायता राशि की लगाई गुहार

निजी स्कूलों की फीस वृद्धि से नाराज अभिभावक पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान व निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन और डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे।

जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों व समस्याओं से संबंधित आज 117 आवेदन प्राप्त हुए।

जिले के निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और गर्मी छुट्टी का भी शुल्क लिए जाने के कारण अभिभावकों ने शिकायत की। अभिभावकों ने बताया कि निजी स्कूल बिना स्पष्ट कारण हर साल 700 से 1000 रुपये प्रतिमाह तक फीस बढ़ा देते हैं, जिससे सालाना बोझ 10 से 12 हजार रुपये तक बढ़ जाता है। इससे मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। निजी स्कूलों द्वारा हर साल फीस बढ़ाने की प्रक्रिया से सभी अभिभावक परेशान है। अभिभावकों ने मांग की है कि निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले शासन से अनुमति लेना अनिवार्य किया जाए और शुल्क वृद्धि के स्पष्ट कारण बताए जाएं। अवकाश अवधि में फीस वसूली पर रोक लगाने की मांग भी की। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम पंचायत अमलीडीह की सरपंच ने जल संकट से निदान पाने के लिए खारून नदी पानी लाने की मांग की। उन्होंने बताया कि जिले के ग्राम पंचायत अमलीडीह में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।

गांव में पानी टंकी का निर्माण होने के बावजूद बोरवेल से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की जमीन सूखी होने के कारण जल उपलब्धता नहीं हो पा रही है, जिससे पूरे गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने खारून नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाकर पंचायत की टंकी में आपूर्ति कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस पर कलेक्टर ने पीएचई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

बोरसी निवासी पिता ने अपने पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद आर्थिक सहायता की मांग की। पिता ने बताया कि उनके पुत्र की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। एक वाहन चालक ने उनके पुत्र को टक्कर मार दी।

गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

सेन समाज का भव्य वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, एकता और संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

- **महिला-युवा प्रकोष्ठ की सक्रिय भागीदारी, रक्तदान शिविर आयोजित, झलप परिक्षेत्र में महिला प्रकोष्ठ का गठन**

महासमुंद/नवप्रदेश। ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज छत्तीसगढ़ का प्रादेशिक वार्षिक अधिवेशन मंगलवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न परिक्षेत्रों से आए पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल समाजजनों के आगमन के साथ हुई, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इसके बाद युवा प्रकोष्ठ एवं मूल प्रकोष्ठ के संयुक्त नेतृत्व में एक भव्य और अनुशासित रैली निकाली गई, जिसने आयोजन को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया।

रैली के पश्चात सेन जी महाराज एवं बजरंग बली के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हीराधर सेन ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव शत्रुहन श्रीवास द्वारा किया गया।

युवा और महिला प्रकोष्ठ की अहम भूमिका

अधिवेशन में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सेन अपनी टीम के साथ तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती शैल सेन भी सक्रिय रूप से शामिल रहीं। विभिन्न परिक्षेत्रों एवं महासभाओं के अध्यक्षों की उपस्थिति ने संगठन की मजबूती को दर्शाया।

कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

महत्वपूर्ण निर्णय,संगठन विस्तार

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए सुझाव दिए। इसी क्रम में झलप परिक्षेत्र में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसमें श्रीमती राधा तोषण सेन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

मुख्य अतिथि ने दिया एकता का संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका महासमुंद के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद राहुल आवड़े उपस्थित रहे। उन्होंने सेन महाराज के चित्र पर पूजा-अर्चना कर समाज की ओर से सम्मान ग्रहण किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान पर जोर देते हुए प्रेरणादायी विचार साझा किए।

निंदा प्रस्ताव पारित

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सर्वनाई सेन समाज द्वारा ड्योढ़ीदार देशहा सेन समाज एवं उसके अध्यक्ष के खिलाफ कथित अपमानजनक भाषा के प्रयोग की कड़ी निंदा की जाए। इस संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा भविष्य में ठोस निर्णय लेने के लिए कोर कमेटी को अधिकृत किया गया।

कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे चल रहा कार्यालय? किसान, ग्रामीण और आमजन परेशान

छुरिया रजिस्ट्रार कार्यालय में अव्यवस्था चरम पर, लाखों का राजस्व, लेकिन जनता बेहाल

छुरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में समय-समय पर सरकारें बदलीं, मुख्यमंत्री बदले, नारे बदले, योजनाओं के नाम बदले,कभी ग्राम सुराज, कभी सुशासन, कभी जनकल्याण। लेकिन यदि कुछ नहीं बदला, तो वह है आम आदमी की पीड़ा, सरकारी दफ्तरों की बदहाल व्यवस्था और भ्रष्टाचार का जड़ जमाया तंत्र।

राजनांदगांव जिले के छुरिया ब्लॉक मुख्यालय स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय आज इसी लचर व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। यह वही कार्यालय है जहाँ प्रतिदिन जमीन की खरीद-बिक्री और दस्तावेजों की रजिस्ट्री से लाखों रुपये का राजस्व सरकार की तिजोरी में जमा होता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसी कार्यालय में जनता को बुनियादी सुविधाएँ तक नसीब नहीं हो पा रही हैं।

यहाँ न बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है, न पीने के पानी की सुविधा, न छांव, न कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कार्यालय में रजिस्ट्रार की नियमित उपस्थिति तक नहीं रहती, जबकि पूरा कामकाज कथित तौर पर कंप्यूटर ऑपरेटर और कुछ अन्य लोगों के भरोसे संचालित हो रहा है।

एक कमरे में लाखों का कारोबार, व्यवस्था शून्य

स्थानीय लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री जैसे जरूरी काम के लिए आने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। दूर-दराज गांवों से आने वाले किसान सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन शाम तक भी उनका काम नहीं हो पाता।

सबसे ज्यादा पीड़ित किसान और ग्रामीण

इस अव्यवस्था का सबसे ज्यादा असर उन किसानों और ग्रामीण परिवारों पर पड़ रहा है, जो अपनी जमीन से जुड़े कार्यों के लिए उम्मीद लेकर कार्यालय पहुंचते हैं। कोई टेम्पो से आता है, कोई बाइक से, कोई बस पकड़कर घंटों सफर करता है।जेब में सरकारी शुल्क की रकम, हाथ में दस्तावेजों का बंडल और मन में यह भरोसा कि आज काम हो जाएगा,लेकिन कार्यालय पहुँचने के बाद उन्हें जवाब मिलता है, साहब नहीं आए हैं अभी रुकिए,कल आइए।

भीषण गर्मी में 42 डिग्री तापमान के बीच घंटों खड़े रहना मजबूरी बन जाता है। न पानी, न छांव, न बैठने की जगह यह हाल किसी छोटे निजी दफ्तर का नहीं, बल्कि सरकारी रजिस्ट्रार कार्यालय का है।

उच्च अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में

क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतें होने के बावजूद यदि हालात जस के तस हैं, तो बिना उच्च स्तर की अनदेखी या लापरवाही के यह संभव नहीं है। आखिर ऐसा कैसे हो सकता है कि लाखों का राजस्व देने वाले कार्यालय की दुर्दशा पर किसी की नजर न पड़े?

कलेक्टर साहब, जनदर्शन से आगे भी देखिए

जनसुनवाई और जनदर्शन जैसे कार्यक्रम अच्छी पहल हैं, लेकिन जनता को केवल सुनवाई नहीं, समाधान चाहिए। छुरिया जैसे ब्लॉक मुख्यालय में राजस्व से जुड़े इतने महत्वपूर्ण कार्यालय की यह स्थिति प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

आईपीएल सट्टा का जालः गांव से नगर तक फैलता जहर, युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर!

छुईखदान/नवप्रदेश। जिले के छुईखदान क्षेत्र में Indian Premier League (IPL) के नाम पर अवैध सट्टेबाजी का नेटवर्क अब गांव से लेकर नगर तक तेजी से फैल चुका है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि युवा वर्ग के साथ-साथ ग्रामीण समाज भी इसकी चपेट में आ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब केवल कुछ गिने-चुने लोग ही नहीं, बल्कि ÷गुट-चुट÷ जैसे छोटे स्तर के खेल से लेकर बड़े दांव तक, लगभग हर वर्ग के युवा और कई ग्रामीण इस सट्टा कारोबार में शामिल होते जा रहे हैं। गांव-गांव और मोहल्लों में यह गतिविधि आम होती जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, अधिकतर युवाओं के पास सट्टा लगाने के लिए विशेष ÷ढ्ढष्ठ÷ उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके माध्यम से मैचों पर दांव लगाया जाता है। इन ढ्ढष्ठ के जरिए ऑनलाइन पैसे का लेन-देन हो रहा है, जिससे यह अवैध कारोबार और संगठित रूप ले चुका है। स्थिति यह है कि कई युवा तेजी से आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं और बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। परिवारों में तनाव और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस और प्रशासन को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कभी-कभार छोटे स्तर पर जुड़े लोगों को पकड़ लिया जाता है, लेकिन जल्द ही उन्हें छोड़ दिया जाता है, जबकि असली सरगना अब भी पकड़ से बाहर हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर प्रशासन इस संगठित सट्टा नेटवर्क पर लगाम लगाने में क्यों नाकाम साबित हो रहा है? और कब तक युवा और ग्रामीण इस दलदल में फंसते रहेंगे? जनता ने मांग की है कि पुलिस और प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लें, जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई करें, पूरे नेटवर्क का खुलासा करें और युवाओं को इस बर्बादी के रास्ते से बचाने के लिए ठोस कदम उठाएं।

बाइक से गांजा तस्करी करते दो युवक को किया गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक से गांजा परिवहन कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये कीमत का गांजा बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बाइक क्रमांक ओडी 08 जी 1028 में दो व्यक्ति ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने टेमरी नाका पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम जयधर महानंद उर्फ सोनू (23) एवं हेमंत महानंद (28) निवासी डुडूकेल, थाना गोलामुंडा, जिला कालाहांडी (ओडिशा) बताया। तलाशी लेने पर उनके बैग से कुल 6.090 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 3,04,500 रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा के साथ परिवहन में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(द्बद्ब)(बी) के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

टावर स्थापना को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम सिनोधा में टावर स्थापना को लेकर आयोजित बैठक के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में पटेवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीतांबर साहू को 26 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे गांव में आयोजित बैठक में बुलाया गया था। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपनी निजी जमीन पर टावर लगवा रहे हैं और यदि किसी को आपत्ति है तो जमीन का सीमांकन कराया जा सकता है।

इस दौरान गांव के नागदेव साहू, काशीराम साहू सहित अन्य लोगों ने टावर स्थापना का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि इससे उनके आने-जाने का रास्ता प्रभावित होगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

आरोप है कि गुस्साए लोगों ने गाली-गलौज करते हुए पीतांबर साहू को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने पटेवा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

छुईखदान/नवप्रदेश। जिला केसीजी के थाना छुईखदान पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पीड़िता को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि एक युवक शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस पर थाना छुईखदान में अपराध क्रमांक 77/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने लगातार तलाश अभियान चलाया। जांच के दौरान नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पीड़िता के बयान के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं भी जोड़ी गईं।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपजोल कलसा (22 वर्ष), निवासी कंचारिपारा, 14 परगना (पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को 27 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण कर रहा था। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें।

मिलावट-नकली दवाओं पर सख्ती, सघन जांच अभियान शुरू

- **स्ट्रीट फूड सेंटरों से लेकर कॉस्मेटिक दुकानों तक औचक निरीक्षण, 30 से अधिक वेंडर्स और 5 दुकानों की जांच**

महासमुंद/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर 'सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम के तहत 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक प्रदेशभर में 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तायुक्त और मानकयुक्त दवाएं एवं खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना, मिलावटखोरी और नकली दवाओं पर रोक लगाना तथा लोगों में सुरक्षित खाद्य और प्रसाधन सामग्री के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से खाद्य प्रकोष्ठ एवं औषधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

औषधि प्रकोष्ठ की कार्रवाई

वहीं, औषधि प्रकोष्ठ के तहत सहायक औषधि नियंत्रक तृप्ति जैन के नेतृत्व में टीम ने बागबाहरा ब्लॉक की 5 कॉस्मेटिक दुकानों, एजेंसियों और फैंसी स्टोर्स में दबिश दी। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत भंडारण, रख-रखाव और क्रय-विक्रय की व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई। इस निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज, अखिलेश पांडेय और नायब तहसीलदार बागबाहरा सहित अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

खाद्य प्रकोष्ठ की कार्रवाई

खाद्य प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी उमेश कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने बागबाहरा क्षेत्र के बस स्टैंड, मेन रोड और अस्पताल के सामने स्थित इलाकों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 30 से अधिक चाट, गुपचुप सेंटर और अन्य स्ट्रीट वेंडर्स की जांच की गई। टीम ने खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी देते हुए संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा खाद्य पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया।

सरायपाली अनुभाग में पुलिस का विशेष अभियान, 59 वारंटों का निष्पादन

- **लंबे समय से फरार 25 स्थायी वारंटी गिरफ्तार**

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सरायपाली अनुभाग के अंतर्गत थाना सरायपाली, सिंघोड़ा, बसना, बलौदा एवं चौकी भंवरपुर क्षेत्र में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लंबे समय से लंबित गिरफ्तारी वारंट, जमानती वारंट एवं समंस की तामिली सुनिश्चित की गई।

अभियान के दौरान अनुविभाग सरायपाली में कुल 59 वारंटों का निष्पादन किया गया, जिसमें 25 फरार स्थायी वारंटी एवं 34 जमानती वारंट शामिल हैं। साथ ही 21 समंस भी तामील किए गए। इन वारंटों में स्थानीय न्यायालयों के साथ-साथ अन्य जिलों के न्यायालयों से प्राप्त वारंट भी शामिल थे। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के नेतृत्व में सभी थाना एवं चौकी स्तर पर टीम गठित कर सुबह से ही अभियान शुरू किया गया। टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए फरार वारंटियों की धरपकड़ में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इनमें थाना सरायपाली के 8 गिरफ्तारी वारंट, 8 जमानती वारंट, 2 समंस, थाना बसना के 5 गिरफ्तारी वारंट, 2 जमानती वारंट, 4 समंस,

थाना सिंघोड़ा के 9 गिरफ्तारी वारंट, 20 जमानती वारंट, 7 समंस, थाना बलौदा 2 गिरफ्तारी वारंट, 2 जमानती वारंट, 4 समंस,

चौकी भंवरपुर के 1 गिरफ्तारी वारंट, 2 जमानती वारंट, 4 समंस सभी तामील वारंटियों को विधिवत न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

शिक्षा में चमका सारंगढ़-बिलाईगढ़ टॉप रैंक से बढ़ाया जिले का मान

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के वर्ष 2026 के परीक्षा परिणाम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जिले ने हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा में राज्य स्तर पर 11वां स्थान तथा हायर सेकेंडरी (12वीं) में 9वां स्थान हासिल कर एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। इस गौरवशाली सफलता के साथ जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने भी राज्य की टॉप सूची में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में हेमंत पटेल, मोना मॉडर्न स्कूल बरमकेला के छात्र ने राज्य में 10वां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं कक्षा 12वीं में शिवम दुबे, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के छात्र ने 9वां स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया।

शिक्षाः नर्सरी से उच्च कक्षाओं तक उत्कृष्ट प्रदर्शन, चेयरमैन और प्राचार्य ने दिया प्रेरणादायी संदेश

द न्यू होलीफेथ स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम, छात्रों का हुआ सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। द न्यू होलीफेथ स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में चेयरमैन महेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास को अपनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी कक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश देते हुए सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

परीक्षा परिणाम में नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। विभिन्न कक्षाओं में भव्य चंद्राकर, अंकित राव, खुशी दुबे, साहिल कुमार साहू, चैतन्य वर्मा, हंसिका साहू, निकिता निषाद, पारुल ध्रुव, जयेश चंद्राकर, ऋषिका सोनी, शुभ्य साहू एवं अनन्या साहू सहित अनेक विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

उच्च कक्षाओं में कक्षा नौवीं से गौरव निषाद, अदिती बंजारे एवं होमराज नारायण ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय में लीना ठाकुर, देविका मानिकपुरी एवं अदिति चंद्राकर तथा विज्ञान संकाय में यास्मीन यादव, गुरलीन कौर एवं श्रुति साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना की।

धारदार हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भलेसर मार्ग स्थित मुक्तिधाम के पास एक युवक संदिग्ध हालत में कत्तल लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान भानू हरपाल (25) के रूप में हुई, जो रावणभाठा बागबाहरा का निवासी है और वर्तमान में नया रावणभाठा, महासमुंद में रह रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक नग कत्तल बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गरीब परिवार की बेटी ने रचा इतिहास: 98प्रतिशत अंक लाकर मेरिट में बनाई जगह

■ डौंडी लोहारा की लीना साहू ने बढ़ाया जिले का मान

बालोद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में बालोद जिले के डौंडी लोहारा क्षेत्र की होनहार छात्रा कु. लीना साहू ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में 18वां स्थान (टॉप-10 में सातवीं रैंक) हासिल किया है।

गरीब परिवार से निकलकर हासिल की बड़ी सफलता–कु. लीना साहू मूल रूप से ग्राम खरथुली (बड़गांव) की निवासी हैं और एक साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता पितांबर साहू भिलाई के सुरडुंग क्षेत्र में एक छोटी कंपनी में कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता भारती बाई साहू गृहिणी हैं।

प्रयास आवासीय विद्यालय से मिली नई उड़ान–लीना साहू बचपन से ही अपने पिता के साथ भिलाई में रहकर सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रही थीं। कक्षा 8वीं (सत्र 2025-26) में उन्होंने प्रयास आवासीय विद्यालय की परीक्षा दी, जिसमें उनका चयन नवीन ओबीसी प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, बिलासपुर में हुआ। यहीं से उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिला और उन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की।

परिवार और गांव में खुशी का माहौल–जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, पूरे परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों और रिश्तेदारों ने मिठाई खिलाकर लीना को बधाई दी।

उन्हें बधाई देने वालों में उनके नाना गुहरी राम साहू, दादा भागीराम साहू, बड़े पापा भेषराम साहू, उपेंद्र साहू, मामा संदीप साहू, थानेश्वर साहू

(वकील) सहित अन्य परिजन शामिल रहे।

जिले के लिए बनी प्रेरणा–लीना साहू की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए गर्व की बात है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए परिस्थितियां नहीं, हौसला बड़ा होना चाहिए।

बोर्ड परीक्षा परिणाम पर शिक्षक संघ की प्रतिक्रिया: मेरिट में बालोद का नाम नहीं आना चिंताजनक

बालोद। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों को लेकर शालेय शिक्षक संघ, जिला बालोद ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश की मेरिट सूची में बालोद जिले का नाम नहीं होना अत्यंत निराशाजनक है।

अनावश्यक प्रयोगों को बताया प्रमुख कारण

जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था के तहत किए गए अनावश्यक और अव्यवहारिक प्रयोग इस स्थिति के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। उनके अनुसार–

शिक्षकों को बच्चों के स्तर के अनुसार पढ़ाने की पर्याप्त स्वतंत्रता नहीं दी गई

जिले स्तर से सभी के लिए एक जैसे निर्देश लागू किए गए

परीक्षाओं का संचालन भी जिले स्तर से किया गया प्रश्न बैंक के आधार पर तैयारी के निर्देश दिए गए इन सभी कारणों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए।

प्रोत्साहन की कमी, दबाव ज्यादा

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के बजाय दबाव और डांट-फटकार का माहौल रहा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हुई। उनका मानना है कि सकारात्मक वातावरण और सहयोग से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

औसत परिणाम को बताया संतोषजनक

हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जिले का औसत परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा है, लेकिन मेरिट सूची में स्थान न मिलना सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है।

सुधार की जरूरत पर जोर

शिक्षक संघ ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार करते हुए शिक्षकों को स्वतंत्रता और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। ताकि भविष्य में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें।

न्यूज गैलरी

आज नगर निगम में विशेष सम्मेलन तीन विषयों पर होगी चर्चा

राजनांदगांव / नव प्रदेश ।नगर पालिक निगम की विशेष सम्मेल (सामान्य सभा) की बैठक (नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 30 के तहत) 30 अप्रैल 2026 गुरूवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गई है। बैठक में 3 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि विशेष सम्मेलन (सामान्य सभा) की बैठक के प्रारंभ में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेशन के आवेदन की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा तथा द्वितीय विषय में वर्ष 2026-27 में निगम सीमाक्षेत्र में संपत्तिकर की दरो में एम.आ.आई.सी द्वारा संशोधित दर पर दी गयी स्वीकृति की पुष्टि पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा अंतिम विषय में महिला सशक्तिकरण के जनजागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम की महत्ता पर चर्चा एंव प्रस्ताव के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जायेगा।

पानी, सफाई का हाल देखने निगम आयुक्त सुबह पहुचे वार्डों में

राजनांदगांव /नव प्रदेश। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन की तरह सुबह आकस्मिक रूप से लखोली,कंचनबाग, जनता कालोनी में पहुँचकर पेयजल आपूर्ति व साफ सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियो से चर्चा किए। उन्होंने जनता कालोनी में रोड एवं नाली मे बिल्डिंग मटेरियल रखे देख कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली की वार्डो में व्यवस्था देखने प्रतिदिन की तरह लखोली, कंचनबाग, जनता कालोनी में सुबह पेयजल सप्लाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा लोगो से चर्चा किए। उन्होने पानी प्रभावित क्षेत्र में नियमित टैंकर से पानी सप्लाई करने संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने वाल्वमेन से कहा कि टंकी पूरी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करे तथा वाल्व खोलने के पश्चात पानी सप्लाई क्षेत्र में घुमकर पाईप लाईन की जॉच करे, गंदे पानी, कम पानी आने या किसी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी को अवगत करावे। पेयजल सप्लाई के अलावा साफ सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिदिन सुबह समय में उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करे इसका विशेष ध्यान रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

सामान्य सभा की बैठक में रोजगार और स्व-रोजगार मार्गदर्शन केंद्र के कार्यों की हुई समीक्षा

■ सड़क मरम्मत, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति जैसे विषयों पर जिला पंचायत सदस्यों ने रखी अपनी बात

कवर्धा / नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा सदन को जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन, पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के सहायता से शिक्षित युवाओं द्वारा रोजगार हेतु पंजीयन कराया जाता है।

वर्तमान में 47897 जीवित पंजीयन होने तथा 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च तक 1820 युवाओं द्वारा पंजीयन कराने की जानकारी दी गई। जिले के युवाओं को रोजगार देने के संबंध में सदन को जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन करना प्रस्तावित किया गया है। जो कि लाईवलीहुड कॉलेज, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वीर सावरकर भवन, हायर सेकेन्डरी स्कूल जैसे स्थानों पर आयोजित होगा। रोजगार मेला हेतु नियोजकों की वास्तविक संख्या एवं मेला स्थल का निर्धारण कर इसकी सूचना पृथक से जारी करने की बात कही गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल,उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी, सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, श्री रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, श्री राज कुमार मेरावी, श्री विरेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया श्रीमती नंदनी राज कुमार साहू एवं विधायक प्रतिनिधि कवर्धा श्री भूखन साहू उपस्थित रहें। सदन को जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी द्वारा भारतीय सेना में अग्नीवीर भर्ती के विषय में बताया गया।

कबीरधाम जिले के अधिक से अधिक युवाओं का चयन सुनिश्चित करने के लिए रोजगार कार्यालय द्वारा आवेदन भरने की सुविधा, ऑनलाईन लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। सदन को बताया गया कि वर्ष 2024 में 14 अभ्यर्थी का चयन हुआ है तथा वर्ष 2025 के लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु 35 और शारीरिक परीक्षा की तैयारी हेतु 47 प्रतिभागी प्रतिक्षारत होना बताया गया।

सदन में चर्चा के दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने सड़क मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, धान का उठाव एवं चना खरीदी से संबंधित विषयों पर अपने क्षेत्र से संबंधित बात रखी। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की सदस्यों द्वारा उठाए गए विषयों पर यथाशीघ्र कार्यवाही करते हुए समस्याओं का निराकरण करें।

उर्स ड्यूटी में उत्कृष्ट सेवा देने वाले 200 पुलिसकर्मी सम्मानित

एसपी अंकिता शर्मा ने बढ़ाया मनोबल

राजनांदगांव / नव प्रदेश। ÷कर्तव्य, समर्पण और सेवा का सम्मान÷ की भावना के साथ जिला पुलिस राजनांदगांव द्वारा पारीनाला दरगाह में आयोजित उर्स कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 200 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने 21 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक संपन्न हुए उर्स मेले में शांति, सौहार्द और सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग की असली ताकत उसके कर्मियों की निष्ठा, त्याग और कर्तव्यपरायणता में निहित होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की पहचान है, जिसे सभी ने मजबूती दी है।

कार्यक्रम के दौरान एसपी ने ड्यूटी के समय आने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शहर के 50 से अधिक चाट गुपचुप, गन्ना जूस और स्ट्रीट फूड दुकानों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश

कवर्धा / नवप्रदेश।। राज्य शासन के सही दवा शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने पुलिस विभाग के साथ कवर्धा में 27 और 28 अप्रैल को खाद्य पदार्थों के विक्रय की सघन जांच की। इस दौरान चाट गुपचुप, गन्ना जूस और स्ट्रीट फूड बेचने वाले 50 से अधिक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। दुकानदारों को साफ सफाई बनाए रखने और गुणवत्ता पूर्ण सामग्री विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एग रोल सेंटर और हरियाणा जलेबी दुकानों में खाद्य पदार्थों का विक्रय अखबारी कागज में करते पाए जाने पर ऐसा नहीं करने की कड़ी हिदायत देते हुए समझाइश दी गई कि अखबार की छपाई में उपयोग होने वाला स्याही स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है, और खाद्य पदार्थों में अवशोषित होकर इसका शरीर में जाना कई गंभीर रोगों का कारक हो सकता है। अतः अन्य सुरक्षित विकल्प में खाद्य पदार्थ विक्रय किए जाएं। इसी प्रकार सुमित बाजार के परिसर में संचालित सोफ्टी आइस सेंटर के द्वारा प्रयोग की जा रही एक्सपायर्ड फ्लेवर्ड मॉकटेल टॉपिंग को मौके पर ही नष्ट कराया गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल से 11 मई तक जिले में सही दवा शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान चल रहा है। जिसके तहत जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग में बीते दो दिनों में खाद्य पदार्थों के विक्रय की सघन जांच की।

कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय का वाचक निलंबित

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थिति, मर्यादाहीन आचरण एवं शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के फलस्वरू तहसील कार्यालय का वाचक को निलंबत कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसील कार्यालय निपानिया में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 (वाचक) महेन्द्र साहू, सहायक ग्रेड-02 (वाचक) द्वारा 12.मार्च 2026 को बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थिति, मर्यादाहीन आचरण एवं शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के फलस्वरूप न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता बत्तिनी हेमा लता पति बत्तिनी कुमार स्वामी निवासी वार्ड नं. 46, गणेश मंदिर तिवारी आटा चक्की के पास, सेक्टर 11, जोन 03, खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पति बत्तिनी कुमार स्वामी बी.एस.पी. का कर्मचारी है, जिसका पर्सनल नं. 898265 है मेरे पति के बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड मे मेरा का नाम बी. हेमलता (B HEMLATHA) दर्ज है, तथा मेरे आधार कार्ड क. 5970 9888 3659 एवं पेन कार्ड मे मेरा नाम बत्तिनी हेमा लता (BATTINI HEMA LATHA) दर्ज है। यह कि मैं अपने पति के बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड मे अपना का सही व पूर्ण नाम बत्तिनी हेमा लता (BATTINI HEMA LATHA) दर्ज करवाना चाहती हूँ, तथा भविष्य मे मुझे को इसी नाम से जाना पहचाना व लिखा पढा जावेगा। यह कि उक्त शपथ पत्र छत्तीसगढ राजपत्र मे मेरे परिवर्तित पूर्ण नाम को प्रकाशित किये जाने हेतु साक्ष्य स्वरूप सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
बत्तिनी हेमा लता
पति बत्तिनी कुमार स्वामी
निवासी वार्ड नं. 46, गणेश मंदिर
तिवारी आटा चक्की के पास,
सेक्टर 11, जोन 03, खुर्सीपार
भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430110400014

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी शिव कुमार साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, तारणीबाई साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, रामचंद्र साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, बिसहतराम साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, केकतीबाई साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 33(0.0100), 726 (0.0200), 750(0.0200), 830 (0.5000), 1330(0.1200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बिसहतराम साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, रामचंद्र साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, तारणीबाई साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा, शिवकुमार साहू पिता/पति चोवाराम पता डुण्डेरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका रीना वर्मा पिता रामजी वर्मा निवासी बोरिद तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे स्वयं रीना वर्मा पिता रामजी वर्मा का जन्म दिनांक 14.06.1990 को ग्राम बोरिद तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका रीना वर्मा पिता रामजी वर्मा निवासी बोरिद तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 30.04.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.04.2026 को जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202604100800048
/अ-06अ/वर्ष 2025-26
ग्राम सिरनाभाठा, प.ह.न. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पूर्णेंद्र शर्मा पिता रामाधार शर्मा निवासी ग्राम मोहलाई, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग छ.ग. द्वारा राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम सिरनाभाठा प.ह.नं. 17 में स्थित भूमि खसरा नंबर 264/2 का कुल रकबा 0.10 हे. में से 0.0036 हे. भूमि को विक्रेता मीना अग्रवाल पति सुरेश अग्रवाल से आवेदक/क्रेता ने क्रय किया गया था, जिसका नामांतरण पश्चात् ऋण पुस्तिका क्रमांक पी/3162203 में खसरा नंबर 264/20 रकबा 0.0036 हे. भूमि आवेदक / क्रेता पूर्णेंद्र शर्मा पिता रामाधार शर्मा के नाम पर दर्ज हो गया है किन्तु भू-राजस्व अभिलेख के ऑनलाईन रिकार्ड पर त्रुटिवश प्रविष्टि नहीं हुआ लेख किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त क्रय शुदा भूमि को त्रुटि सुधार करते हुये दर्ज करनें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 09.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/ आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तित करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1/100/2009/32, रायपुर दिनांक 30.12.2012 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल द्वारा श्री युवराज राव पिता श्री कोण्डल राव के नाम पर भवन क्रमांक एल.आई.जी. बी-108, मुरमुंदा कुम्हारी, दुर्ग में आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निधारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई भी वित्तीय संस्था या बैंक को आपत्ति हो, तो आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रफुल जैन (PRAFUL JAIN) पिता श्री गौतम चंद, उम्र-33 वर्ष, निवासी 801, श्रमण संघ हाउस के बाजू में, बांधा तालाब गंज पारा दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना यह पुराना नाम प्रफुल्ल कुमार (PRAPHOOLL KUMAR) को त्याग कर नया नाम प्रफुल जैन (PRAFUL JAIN) रख लिया हूँ । अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रफुल जैन (PRAFUL JAIN) से ही जाना एवं पहचाना जावें ।

शपथकर्ता
प्रफुल जैन पिता श्री गौतम चंद
निवासी 801, श्रमण संघ हाउस के
बाजू में, बांधा तालाब गंज पारा दुर्ग,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202604101000122
/ब-121/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- स्वाति ठाकरे, /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक स्वाति ठाकरे पिता/ पति/ विभाग द्वारिका प्रसाद पता भिलाई आवेदक द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 1444/20 रकबा 0.01 हे. भूमि जिसका डायवर्शन हो चूका है जो त्रुटिपूर्ण राजस्व रिकार्ड में परिवर्तित के स्थान पर कृषि भूमि दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतू आवेदन पत्र इस न्यायालय में आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 05.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्रास आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700094
/अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती बृजमा देवी ध.प. हरिनारायण विश्वकर्मा निवासी प्रथम बटालियन, छ.स. बल भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोड़ प.ह.न. 42, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 16/279 रकबा 0.008 हे. 830 वर्गफीट भूमि को विक्रेता हिमांशु अग्रवाल पिता लवकुश अग्रवाल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग से रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 05/03/2016 को कय किया गया है। जिसके उपरांत आवेदित भूमि का अपने नाम पर नामांतरण भी दर्ज करवा लिया हैं जिसका नामांतरण क्रमांक 210 वर्ष 2015-16 दर्ज करते हुये आवेदिका के नाम पर नामांतरण किया जा चुका है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में पूर्व विकेता हिमांशु अग्रवाल पिता लवकुश अग्रवाल के नाम पर पर प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज हिमांशु अग्रवाल पिता लवकुश अग्रवाल को सुधार कर श्रीमती बृजमा देवी ध.प. हरिनारायण विश्वकर्मा निवासी प्रथम बटालियन, छ.स. बल भिलाई का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै निदा फातिमा पति श्री मोहम्मद फैजान अहमद निवासी- एल.आई.जी. 245 आमदी नगर हुड़को भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं जो कि निम्न बयान शपथपूर्वक पेश करती हूं। यह कि मैं उपरोक्त दिये गये पते पर निवास करती हूं। यह कि विवाह अधिकारी दुर्ग द्वारा मेरी शादी दिनांक 11/08/2023 को मोहम्मद फैजान अहमद के साथ हो गई है। यह कि मेरे शादी के पूर्व मेरा नाम पूजा साहू पिता श्री गीता प्रसाद साहू किन्तु शादी के उपरान्त अब मेरा नाम निदा फातिमा पति श्री मोहम्मद फैजान अहमद हो चुकी हूं। यह कि मेरा नाम पूजा साहू एवं निदा फातिमा ये दोनो नाम (एक ही महिला) का नाम जो कि मेरा स्वयं का ही नाम है । यह कि अब मेरा नाम निदा फातिमा पति श्री मोहम्मद फैजान अहमद (V. GANESH) के नाम से जाने व पहचाने एवं समस्त दस्तावेज मे ही नाम दर्ज करवाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। अत यह शपथ पत्र उपरोक्त जानकारी के समर्थन मे श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
फातिमा पति श्री मोहम्मद
फैजान अहमद
निवासी- एल.आई.जी.245 आमदी
नगर हुड़को भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700056
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अचला जैन पति श्री पंकज जैन उम्र-31 वर्ष निवासी- फ्लैट कमांक 8 डी, एवेन्यू ए, सेक्टर 06, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 44, 219, 222 रकबा 775 वर्गफीट भूमि को विक्रेता प्रो. श्री अजय चौहान पिता स्व. विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान निवासी- राजीव नगर भिलाई की तरफसे आम.मु. रामकिंकर मिश्रा पिता स्व. श्री शिव कृष्ण मिश्रा से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 08/10/2013 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं श्वेता नवरांगे (SHWETA NAVRANGE) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पत्नि अनिल कुमार सोनी, निवासी ब्लाक नं. 4/डी, सड़क 34, सेक्टर-1 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम श्वेता नवरांगे (SHWETA NAVRANGE) से बदल कर श्वेता सोनी (SHWETA SONI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
श्वेता नवरांगे
पति अनिल कुमार सोनी
निवासी ब्लाक नं. 4/डी, सड़क
34, सेक्टर-1 भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202604103000020
/अ-06 अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पारसनाथ सिंह पिता स्व. राम सुन्दर सिंह निवासी मॉडल टाउन भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा खोपली प.ह.न. 56 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1123/2, 1129/2 रकबा कमशः 0.30, 0.01 हे. जिसे पंजीकृत बयनामा के आधार पर दिनांक 15/04/2011 को कय किया गया था। उक्त संपत्ति का नामांतरण कमांक 60 दिनांक 14/10/2011 में दर्ज कर ऋण पुस्तिका कमांक 1419121 प्रदान किया गया है। उक्त संपत्ति का वर्तमान में ऑनलाईन खसरा नं 1123/2 रकबा 0.30 हे के स्थान पर 0.01 हे. दर्ज है एवं खसरा नं. 1129/2 रकबा 0.01 हे. में विक्रेता तुलसी राम पिता कामता का नाम दिखा रहा है। उक्त संपत्ति खसरा नं. 1123/2 में रकबा 0.30 हे. में रकबा सुधार एवं खसरा नं. 1129/2 रकबा 0.01 हे. को आवेदक के नाम पर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन/सूचना

मै चेल्लापिल्ला ऐश्वर्या सुपुत्री सी.वी.वी. श्रीधर, निवासी-प्लाट नंबर-29/14, नेहरू नगर ईस्ट, शास्त्री पार्क के पास नेहरू नगर भिलाई, तहसील दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम सी. ऐश्वर्या (C. AISHWARYA) पिता सी.वी.वी. श्रीधर (C.V.V. SHRIDHAR) से बदल कर चेल्लापिल्ला ऐश्वर्या (CHELLAPILLA AISHWARYA) पिता सी.वी.वी. श्रीधर (C.V.V. SHRIDHAR) रख लिया है।

शपथकर्ती
चेल्लापिल्ला ऐश्वर्या
सुपुत्री सी.वी.वी. श्रीधर,
निवासी-प्लाट नंबर-29/14, नेहरू
नगर ईस्ट, शास्त्री पार्क के पास नेहरू
नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं महावीर निषाद (MAHAVEER NISHAD) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र सेउक राम निषाद, निवासी- वार्ड नं.-01, बस स्टैण्ड के पास, करंजा भिलाई तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम महावीर निषाद (MAHAVEER NISHAD) (पुराना नाम) से बदल कर महावीर प्रसाद (MAHAVEER PRASAD) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
महावीर निषाद
सुपुत्र सेउक राम निषाद,
निवासी- वार्ड नं.-01, बस स्टैण्ड
के पास, करंजा भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं सुनीता सोनकर (माता का नाम) ध.प. दिलीप सोनकर, निवासी- म.नं.-881/05, वार्ड नं.-39, ऋषभ नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्र दुष्यंत सोनकर (DUSHYANT SONKAR) (पुराना नाम) से बदल कर दुशीयन सोनकर (DUSHIAN SONKAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
सुनीता सोनकर
ध.प. दिलीप सोनकर,
निवासी- म.नं.-881/05,
वार्ड नं.-39, ऋषभ नगर दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। लभरा स्थित सर्किट हाउस के पास एक सड़क दुर्घटना में पिकअप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुलेश्वर यादव 26 अप्रैल को अपनी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 9672 से सरीन हैचरी कोसरंगी से महासमुंद की ओर आ रहा था। बताया गया कि शाम करीब 4:30 बजे सर्किट हाउस के सामने ग्राम लभरा के पास पीछे से आ रही इको कार (क्रमांक सीजी 22 के 3605) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पिकअप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा की साजिश से पूर्व मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने की कोशिशः चुम्मन साहू

छुरिया/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर उनकी छवि खराब करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे और भ्रामक वीडियो वायरल कर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। चुम्मन साहू ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी और बिगड़ती कानून व्यवस्था से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि जब सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में असफल हो जाती है, तब विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाकर राजनीतिक माहौल को भटकाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के लिए कई जनहितकारी योजनाएं चलाईं, जिसकी वजह से आज भी जनता में उनकी मजबूत पकड़ है। चुम्मन साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने और राजनीतिक बदले की भावना से काम कर रही है, लेकिन जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

संयुक्त टीम ने सुहेला में चलाया जांच सघन अभियान

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में ÷सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार÷ अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत मंगलवार को संयुक्त टीम ने लगभग 15 दुकानों का गहन जांच किया खाद्य पदार्थो सैंपल लेकर राज्य प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुहेला तहसील में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सभी गन्न रस, जूस सेंटर, गुपचुप ठेला एवं स्ट्रीट फूड वेंडर्स के 15 दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया एवं साफसफाई के निर्देश दिये गये। बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालकों को अतिशीघ्र खाद्य पंजीयन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही श्रीराम फ्ल भंडार एवं जूस कार्नर, दिक्षा बेकरी एवं स्वीट्स, सोनू मोनू पान सेंटर आदि फर्मों से मैगों जूस, गन्ना रस बर्फ गोला, लाहोरी जीरा, कीम बेल, केसर बादाम मिल्क शेक, आईस वाला कच्चा आम, वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक एवं आइस वाला लीची वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक पैक्ड का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित् किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जावेगी। सभी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत् आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

नेटवर्क नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान मोबाइल टावर लगाने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत चिवरी के आश्रित ग्राम सांकरा में इन दिनों मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। यह गांव तहसील से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां की आबादी 2000 से अधिक लगभग आप पास की गांव है। इस डिजिटल युग में जहां एक ओर 5 जी नेटवर्क का चलन है वहीं दूसरी ओर इस गांव में लोगों को एक दूसरे से संपर्क करने के लिए भी नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है। जब स्वास्थ्य संबंधी समस्या आती है तो लोगों की और दिक्कतें बढ़ जाती है। जिसके चलते लोग तीन किलोमीटर जाकर 108 एंबुलेंस के लिए संपर्क करते हैं। आनलाइन कक्षाएं बच्चों के लिए आवश्यक है लेकिन नेटवर्क नहीं मिलने से बच्चे डिजिटल शिक्षा में भी पिछड़ रहे हैं। ग्राम पंचायत कुम्हड़ा से दो किलोमीटर की दूरी पर टावर जरूर लगा है लेकिन प्रशासन विभाग को देखने की फुर्सत नहीं है गांव के लोगों द्वारा शिकायत कई कई कर चुके हैं आज तक समाधान नहीं हुआ वहीं गांव के कुछ लोगों ने कहा कि भाजपा के 2047 में विकसित भारत की बात कर रहे हैं मगर आज गांव में सुधार नहीं हो रहा है।

जिलेभर में 1 मई से समाधान शिविर, 41 स्थानों पर होगा जनसमस्या निराकरण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2026 के तहत 1 मई से 5 जून तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी विभागीय अधिकारियों को शिविरों के सफल संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिले में कुल 41 शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें महासमुंद में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल है। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगेंगे, जहां योजनाओं की जानकारी के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जाएगा। पहला शिविर 1 मई को महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत बम्हनी (हाई स्कूल मैदान) में आयोजित होगा। साथ ही नगर पालिका महासमुंद के टाउन हॉल में भी नागरिकों से आवेदन लिए जाएंगे।

कुरुद के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में रुद्रांश साहू ने 97% अंकों के साथ किया टॉप

कुरुद/नवप्रदेश। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद के छात्र रुद्रांश साहू ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 97 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपनी इस सफलता पर रुद्रांश ने कहा कि नियमित अभ्यास, माता पिता और शिक्षकों के सही दिशा-निर्देश ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू के होनहार पुत्र रुद्रांश साहू की इस सफलता के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने ऑफिस बुलाकर बधाई दी है। नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सह परिवार प्रतिभावान छात्र के घर जाकर मुंह मीठा करा उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बताया गया है कि केवी के छात्र रुद्रांश ने संस्कृत और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषयों में 100 में 100 अंक अर्जित किए हैं। इसी तरह इस स्कूल की अन्य छात्रा धनश्री साहू ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं हेमांशु धीवर 92.4 अंकों के साथ तृतीय और वेदांत साहू 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान अर्जित किया।

छत्तीसगढ़ का 'हरा सोना' तेंदूपत्ता एक मई से होगा शुरू

■ नक्सलियों का आर्थिक साधन तेंदूपत्ता सीजन, प्रदेश नक्सल मुक्त होने का प्रमाण लेवी वसूली नहीं होने पर

छुरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का 'हरा सोना' तेंदूपत्ता एक मई से होगा शुरू, गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक में तैयारियां पूरी। गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक में छत्तीसगढ़ का 'हरा सोना' कहे जाने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य एक मई से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर वन विभाग और संबंधित समितियों द्वारा तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। छत्तीसगढ़ नक्सली मुक्त हुआ कि नहीं इसका परिणाम तेंदूपत्ता संग्रहण काल में पता चलेगा नक्सलियों का लेवी वसूली तेंदूपत्ता ठेकेदारों से ही किया जाता है ।

छुरा ब्लॉक के वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण हर वर्ष ग्रामीणों के लिए प्रमुख आय का स्रोत रहता है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा इस कार्य से जुड़ने के लिए तैयार हैं। संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था, श्रमिकों का पंजीयन और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

हालांकि इस बार तेंदूपत्ता की फसल पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम बताई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद संग्रहण कार्य को लेकर ग्रामीणों में उत्साह बना हुआ है। वन विभाग का कहना है कि समय पर भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ग्रामीणों का मानना है कि तेंदूपत्ता उनके लिए सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि जीवनयापन का महत्वपूर्ण साधन है। 1 मई से शुरू होने वाले इस कार्य से छुरा ब्लॉक के गांवों में एक बार फिर आर्थिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

कुल मिलाकर, 'हरा सोना' तेंदूपत्ता का संग्रहण शुरू होने से गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

गरियाबंद के 5 छात्रों का टॉप-10 में जलवा, जिले का परिणाम भी बेहतर

जिले के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास, बोर्ड की मेरिट सूची में 5 छात्रों ने बनाई जगह

■ बोर्ड परिणाम में जिले के 5 विद्यार्थियों ने लहराया परचम

गरियाबंद/नवप्रदेश। शैक्षणिक सत्र 2025 -2026 में घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व उपलब्धियों वाला रहा। जहां कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के चार विद्यार्थियों ने राज्य मे टॉप टेन रैंक हासिल किया। इनमें सेजेस छुरा के महक सचदेव ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित करके 7 वाँ रैंक प्राप्त किया। इसी प्रकार तनिषा साहू शासकीय हायार सेकेंडरी स्कूल कौन्दकेरा ने 96.80 प्रतिशत अंक अर्जित करके 8 वाँ रैंक हासिल किया।

विद्या रानी साहू शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सड़क परसूली ने 96.40 प्रतिशत अंक अर्जित करके 10 वाँ रैंक एवं प्रेमिन सोनकर शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल राजिम की छात्रा ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 10 वाँ रैंक प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा 10वीं में सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा के नोबेल कुमार साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। इस बार गरियाबंद जिला में कक्षा-10 वी में 5 प्रतिशत अधिक 84.16 प्रतिशत एवं 12 वी में 3 प्रतिशत अधिक 92.89 प्रतिशत परिणाम आए पिछले वर्ष की अपेक्षा।

जिला-गरियाबंद में 10 वी में एक छात्र और और 12 वी में 4 छात्राएं टाप-10 में आये है, आज कु. विद्या रानी साहू के निवास ग्राम रावणसिघि जाकर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, प्राचार्य फेबिया लकड़ा, व्याख्याता प्रदीप यादव, डीएमसी शिवेश शुक्ला, श्याम चंद्राकर, मनोज केला, बीईओ गजेंद्र ध्रुव, देवनाथ बघेल, बीआरसी श्री छन्नू सिन्हा, प्राचार्य ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

साक्षी वर्मा ने 12वीं बोर्ड में 77% अंक प्राप्त किया

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में मयूर शिशु मंदिर की छात्रा कु. साक्षी वर्मा ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। साक्षी की इस उपलब्धि से विद्यालय और परिजनों में हर्ष का माहौल है। साक्षी ग्राम परसवानी की निवासी हैं। उनके पिता सुरेश वर्मा दतरेंगी में साक्षी मेडिकल स्टोर्स के संचालक हैं। अपनी सफलता पर साक्षी ने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद, शिक्षकों का मार्गदर्शन और रोज़ की मेहनत से ही यह संभव हो सका है। साक्षी का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। इसी लक्ष्य को लेकर वे अभी से नीट परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने साक्षी को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामवासियों ने भी साक्षी की मेहनत की सराहना की है।

झांसा देकर लाखों के जेवर किया पार अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

■ तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम बगारपाली की घटना

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम बगारपाली में एक अज्ञात व्यक्ति ने चालाकी से झांसा देकर एक घर से करीब 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम बगारपाली निवासी ओमप्रकाश ठाकुर (पिता ङ्क नोहरसिंह ठाकुर) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 अप्रैल की सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंचा। उसने उनके पिता को झांसा देते हुए कहा कि उनके बेटे ने 12 क्विंटल छड़ मंगवाया है और उसमें से 4 क्विंटल वह रखेगा, इसके लिए पैसे मांगे।

इसके बाद आरोपी ने यह दिखाने के लिए कि वह उनके बेटे से बात कर रहा है, खुद ही मोबाइल पर बातचीत करने का नाटक किया। इसी दौरान उसने घर के अंदर जाकर यह कहते हुए कि ÷चाबी आलमारी के ऊपर रखी है÷, चाबी ढूंढी और आलमारी खोलकर लॉकर में रखे जेवरात लेकर फरार हो गया।

चोरी किए गए जेवरात में सोने का हार 1 नग (14.760 ग्राम), रानी हार 1 नग (22 ग्राम),बड़े लॉकेट (माला) 10 नग (कुल 10 ग्राम),

छोटे लॉकेट 5 नग (कुल 5 ग्राम), कान का झुमका 1 जोड़ी (15 ग्राम), सोने की अंगूठी 1 नग (5 ग्राम), कान की बाली 1 जोड़ी (2 ग्राम), चांदी की पायल (बड़ी) 1 जोड़ी (300 ग्राम), चांदी की पायल (छोटी) 1 जोड़ी (150 ग्राम), चांदी का करधन 1 नग (300 ग्राम) और बिछिया 4 नग शामिल है। इन सभी की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में तेंदूकोना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है।

घर बाड़ी में छिपाकर रखी गई सागौन लकड़ी जब्त

■ वन विभाग की कार्रवाई

छुरा/ नवप्रदेश। वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम रांवाभाठा में एक घर बाड़ी से अवैध रूप से रखी गई सागौन लकड़ी बरामद की है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन एवं उपवनमंडलाधिकारी राजिम तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी छुरा के निर्देशन में की गई।

जानकारी के अनुसार, वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम रांवाभाठा निवासी गोवर्धन वल्द चेतराम साहू के घर में दबिश दी। जांच के दौरान घर बाड़ी में इमारती लकड़ी का चिरान एवं सागौन के लट्ठे पाए गए। मौके पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जब्त लकड़ी की गणना की गई, जिसमें सागौन के 4 नग लट्ठे (लगभग 1.528 घन मीटर) तथा साजा चिरान 8 नग (0.155 घन मीटर) शामिल हैं। वन विभाग द्वारा इस मामले में वन अपराध दर्ज कर लिया गया है।

जब्त वनोपज की अनुमानित कीमत करीब ?2,50,000 बताई जा रही है। जब्त सामग्री को शासकीय वाहन के माध्यम से वन परिक्षेत्र कार्यालय छुरा लाया गया।

वन विभाग ने इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी एवं सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

गरियाबंद में भाजपा महिला एवं युवा मोर्चा का पुतला दहन, विपक्ष के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के विपक्षी पार्टी के द्वारा भारतीय संसद में पारित नहीं होने देने के कारण पुतला दहन भाजपा मंडल कोपरा में किया गया जिसमें महिला मोर्चा के श्रीमती भारती साहू महिला मोर्चा जिला महामंत्री हीरामणि साहू मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा कोपरा सेवती साहू शशि साहू मीरा तारक रुक्मणी सिंहा रूपा तारक राधा डाली साहू तारा जागेश्वरी साहू मीना सेन मोहनी सिन्हा तारकेश्वरी तारक लखूवातीन साहू यामिनी साहू अश्वनी साहू भोज साहू निर्मला साहू गोमती साहू सुरेखा गोयल दीपक साहू धनीराम साहू चंद्रशेखर साहू नंदू सिंह गोपी पटेल ताराचंद सेन मुन्ना सेन चेमन साहू नेपाल साहू गौतम साहू जेठाराम ध्रुव रमेश गोयल थानेश्वर साहू कौशल साहू एवं मुख्य रूप से मार्गदर्शन जिला प्रभारी ईश्वर साहू सह प्रभारी अजय रोहरा जी एवं मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू मीडिया प्रभारी झमन साहू एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शराब पीकर गाड़ी चलाने पर लाइसेंस होगा निरस्त

■ नियम तोड़े तो सीधे घर पहुंचेगा चालान, ट्रैफिक उल्लंघन पर सख्ती शुरू

■ ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर कटेगा चालान

गरियाबंद/नप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उईके एवं पुलिस अधीक्षक श्री नीरज चंद्राकर ने जिले में सड़क सुरक्षा एवं नशा नियंत्रण को लेकर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि जिले की सीमा उड़ीसा राज्य से लगी होने के कारण अवैध मादक पदार्थों की आवाजाही की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए विशेष चेक पोस्ट के माध्यम से सतत निगरानी रखने तथा गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में शहरों एवं नगरीय निकायों में सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। कलेक्टर ने ऐसे स्थानों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय से पशुओं को सड़कों से हटाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने नशा संबंधित अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतते हुए परिवहन विभाग को मादक पदार्थों के परिवहन एवं आपूर्ति पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दवाई दुकानों में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने एवं उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में बताया गया कि योग, मेडिटेशन एवं मोटिवेशन के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही बच्चों के आवासीय विद्यालयों एवं आश्रमों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु ड्रग कंट्रोलर को नियमित जांच करने तथा आदिवासी विभाग के अधिकारियों के साथ समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने एनकार्ड की बैठक में जिले को नशामुक्त बनाने के लिए आवश्यक रणनीति पर चर्चा की और स्वापक तथा मनरू प्रभावी पदार्थों के नियंत्रण के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों में संचालित गतिविधियों एवं भर्ती व्यक्तियों की जानकारी भी ली तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए ।

पेज 1 का शेष...

12वीं में 83.04% स्टूडेंट्स...

की कुल संख्या 2,02,549 है अर्थात कुल 83.04 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 86.04 तथा बालकों का प्रतिशत 78.86 है। घोषित परिणाम में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,27,334 (52.2 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 72,402 (29.68 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2,806 (1.15 प्रतिशत) है। 7 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 23,866 है।

किराना दुकान चलाने वाले...

हुए शानदार अंक अर्जित किए थे। वे सरस्वती शिशु मंदिर, पलारी के प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं और अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

मुंगेली के मेधावियों...

12वीं में लोरमी के चैतूराम साहू ने 8 वां स्थान प्राप्त किया है। परिणाम घोषित होने के बाद से ही मेधावी छात्रों के घरों और स्कूलों में जश्न का माहौल है। मिठाइयां बांटकर और आतिशबाजी कर खुशियां मनाई जा रही हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। नगर की गौरव नंदिता देवांगन नें बोर्ड परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

हाई स्कूलः सफल होने...

कुल 77.15 प्रतिशत परीक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 81.03 तथा बालकों का प्रतिशत 72.27 है।

44.48 फीसदी छात्र प्रथम श्रेणी से हुए पास

घोषित परिणाम में प्रथम श्रेणी में उतीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,40,108 (44.48 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 96,721 (30.71 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उतीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 6,187 (1.96 प्रतिशत) है।

रिया ने रचा इतिहास...

होते ही रिया के घर और स्कूल में खुशी का माहौल छा गया। परिजनों, शिक्षकों और मित्रों ने मिठाइयां बांटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि रिया शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और हर विषय में उनकी गहरी पकड़ है।

बंगाल चुनावः 142 सीटों...

सबसे हॉट सीट भवानीपुर है, जहां मुख?यमंत्री ममता बनर्जी के सामने सुवेंदु अधिकारी मैदान में हैं. भवानीपुर सीट को नंदीग्राम की तरह ही देखा जा रहा है, जहां 2021 में शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया था. पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की वोटिंग के लिए चुनाव आयोग ने कुल 41,001 मतदान केंद्र बनाए, जिनमें 39,301 मुख्य और 1,700 सहायक मतदान केंद्र हैं. सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है. मतदान शांतिपूर्ण कराने के लिए सुरक्षा के पुख?ता इंतजाम किए गए.

'सुधार के नाम पर धर्म...

है। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम इस भूमि के सभ्यता के विकास और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसी बैकग्राउंड से संविधान के आर्टिकिल 25 और 26 आए हैं। संविधान और बाकी सब ठीक है लेकिन हमें इतिहास नहीं भूलना चाहिए। आप अतीत को नजरअंदाज करके यह नहीं कह सकते कि यह एक कोरी स्लेट है। इस पर जयसिंह ने कहा कि इस पर डिबेट हो सकती है। यह क्लीन स्लेट है।

हमारे यहां धार्मिक विवाद के लिए पाकिस्तान जैसी अलग अदालत नहीं

भारत में धार्मिक विवादों के निपटारे के लिए अलग अदालतें नहीं हैं। आप जानते हैं कि अन्य देशों में ऐसा ही होता है।

छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण...

आवश्यक परिस्थितियों में संबल प्रदान करने के उद्देश्य से दी गई है।

- मंत्रिपरिषद ने वर्ष 1988 बैच के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों संजय पिल्ले, आरके विज एवं मुकेश गुप्ता के संबंध में पूर्व में जारी पदावनति आदेश दिनांक 26 सितंबर 2019 का पुनर्विलोकन करते हुए उसे निरस्त करने का निर्णय लिया है।

पीएम मोदी ने यूपी के...

पर पैदल भी चले। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। इससे मेरठ से प्रयागराज की दूरी सिर्फ 6 घंटे में पूरी होगी। अब तक 11-12 घंटे लगते थे।एक्सप्रेस-वे करीब 37,350 करोड़ रुपए की लागत से 5 साल में बनकर तैयार हुआ है।

नवाचार की नई उड़ान, बस्तर में सजेगा 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0', देश के शीर्ष संस्थानों के विशेषज्ञ देंगे दिशा

■ **4 और 5 मई को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बनेगा तकनीक, स्टार्टअप और उद्यमिता का केंद्र**

जगदलपुर/नव प्रदेश। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव बुधवार को मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बस्तर संभाग के युवाओं को तकनीकी नवाचार,उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। 4 और 5 मई को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बस्तर के 1038 चयनित युवाओं को नवाचार और स्टार्टअप की बारीकियां सिखाने के लिए आईआईटी भिलाई और आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञ पहुंचेंगे। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बस्तर के भविष्य को नई दिशा देने वाला परिवर्तनकारी अभियान माना जा रहाहै। विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन के लिए बस्तर संभाग से साढ़े सात हजार से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया। इनमें से 1038 युवाओं का चयन महाकुंभ के लिए किया गया है, जबकि शेष प्रतिभागी लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। चयनित प्रतिभागियों में विभिन्न महाविद्यालयों,तकनीकी संस्थानों, स्टार्टअप समूहों तथा नवाचार में रुचि रखने वाले युवा शामिल हैं।

कुलपति श्रीवास्तव के अनुसार इस आयोजन की विशेषता यह भी है कि 200 आत्मसमर्पित माओवादी भी इसमें भाग लेंगे,जिन्हें नवाचार, कौशल और सकारात्मक जीवन निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसे बस्तर में शांति स्थापना के बाद सामाजिक पुनर्संरचना और मुख्यधारा से जुड़ाव का प्रभावी प्रयास माना जा रहा है।

महाकुंभ में नवाचार,स्टार्टअप मॉडल, फंडिंग,बिजनेस डेवलपमेंट और उद्यमिता पर विशेषज्ञ सत्र होंगे। श्रेष्ठ विचारों और उत्कृष्ट स्टार्टअप्स को सम्मानित भी किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आयोजन की सफलता के लिए 20 अलग-अलग समितियों का गठन किया है, जो पंजीयन, आवास, भोजन, तकनीकी सहयोग,मंच संचालन और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। कुलपति ने बताया उद्घाटन सत्र में राज्यपाल रामेन डेका अध्यक्षता करेंगे,जबकि समापन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में अटल द्वार और माता अहिल्याबाई होल्कर मार्ग का उद्घाटन भी किया जाएगा।

क्यों महत्वपूर्ण है 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0'

बस्तर जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, लेकिन अवसरों और मंच की अनुपलब्धता अक्सर युवाओं की क्षमता को सीमित कर देती है। 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0' इसी अंतर को पाटने का प्रयास है। यह आयोजन केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां स्थानीय जरूरतों के अनुरूप आर्थिक मॉडल, स्टार्टअप संस्कृति और रोजगार के नए अवसरों की रूपरेखा तैयार होगी। आत्मसमर्पित माओवादियों की भागीदारी इसे सामाजिक पुनर्वास के दृष्टिकोण से भी अद्वितीय बनाती है। यदि यह पहल सफल होती है, तो बस्तर न केवल नवाचार का केंद्र बनेगा,बल्कि देश के सामने एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभरेगा।

आयोजन को भारत सरकार के केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय,छत्तीसगढ़ शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का सहयोग प्राप्त है। अकादमिक नेतृत्व के अनुसार, यह आयोजन स्वावलंबी भारत अभियान के एक महत्वपूर्ण प्रकल्प के रूप में देखा जा रहा है, जो बस्तर को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप संस्कृति की दिशा में आगे बढ़ाएगा। कुल 1038 प्रतिभागियों में 642 छात्राएं और 389 छात्र शामिल हैं, जो इस आयोजन की व्यापक सामाजिक भागीदारी को दर्शाता है।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय सहकारी संघ के नए सीईओ से नई दिल्ली में मिले नितिन पोटाई

कांकेर / नवप्रदेश। जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष एवं सहकारिता के शीर्ष नेता नितिन पोटाई अपने अल्पकालीन दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रीय सहकारी संघ के मुख्य कार्यकारी एवं सहकारिता मंत्रालय के निदेशक पंकज श्रीवास्तव आई आर एस से सौजन्य भेंट कर बस्तर में चल रहे सहकारिता आन्दोलन के विषय में जानकारी प्रदान की। भारतीय सहकारी आंदोलन की शीर्षस्थ संस्था भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) के मुख्य कार्यकारी के रूप में पंकज श्रीवास्तव द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नितिन पोटाई का यह प्रथम मुलाकात था। इस अवसर पर सहकारिता नेता नितिन पोटाई ने चर्चा के दौरान कहा कि बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्रों में सहकारिता के विस्तार के लिए राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा मदद किया जाना चाहिए क्योंकि बस्तर अंचल में सहकारिता के क्षेत्र मे आपार संभावनाएं है।

गांव-गांव बैठकों का दौर शुरू, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

अंतागढ़ / नवप्रदेश। बरसो पुरानी अब मांग पुनः उठने लगी जिसे लेकर ग्रामीणों ने कमर कस ली और गांव स्तर बैठको का दौर शुरू हो चुका जिसका आगाज आज ग्राम कामता से हो चुकी जिसमें क्षेत्र भर के किसान एकत्रित हुए जिसमे गांव प्रमुख सरपंच शामिल हुए। इस बैठक मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बांध का निर्माण करना था जिसे लेकर रुपरेखा तैयार की रणनीति तैयारी की है जिसमे निर्णय किया गया है आगामी समय में एक समिति बना पदाधिकारीयो भी नियुक्त करेंगे और हर एक गांव में इस सम्बन्ध में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक स्कूल प्रांगण में पेड़ की छांव में आयोजित की गई थी।

सिंगल यूज पॉलिथिन पर कड़ा प्रहार 10 दुकानों पर कार्रवाई

बीजापुर / नवप्रदेश। सिंगल यूज पॉलिथिन के खिलाफ नगरीय प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शहर में व्यापक अभियान चलाया। सचिव नगरीय प्रशासन के दिशा-निर्देश में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बंशीलाल नुरुटी के नेतृत्व में टीम ने बाजार क्षेत्र में निरीक्षण कर कार्रवाई की।अभियान के दौरान 10 दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए सिंगल यूज पॉलिथिन का उपयोग पाए जाने पर कुल 61 हजार 700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। प्रशासन ने दुकानदारों को 12 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाले पॉलिथिन के उपयोग की सलाह देते हुए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया।

उर्वरक वितरण में धांधली पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

खाद माफियाओं को सीधा संदेश अब एक गलती और कारोबार बंद

■ **किसानों के हिस्से का खाद इधर-उधर करने वालों पर 21 दिन का प्रतिबंध**

जगदलपुर (नवप्रदेश)। किसानों के लिए निर्धारित उर्वरक की आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ी करने वाले कारोबारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि अब नियमों से खिलवाड़ महंगा पड़ेगा। जिले को 22 अप्रैल 2026 को प्राप्त यूरिया उर्वरक रेक के वितरण की समीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं, जिसके बाद संबंधित फर्म के थोक व्यवसाय पर 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लागू कर दिया गया।निरीक्षण में यह सामने आया कि उर्वरक का वितरण व्यवस्थित एवं निर्धारित योजना के अनुरूप नहीं किया गया। जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं के लिए आबंटित 100.80 मीट्रिक टन उर्वरक को अन्य जिले में परिवहन कर दिया गया। यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों पर सीधा प्रहार माना गया। साथ ही बिना आईएफएमएस आईडी के रेक पॉइंट से सीधे खुदरा विक्रेताओं को विक्रय किए जाने का मामला भी सामने आया।

अभिलेखों में विरोधाभास ने बढ़ाई कार्रवाई की गंभीरता

प्रशासन द्वारा पूर्व में वितरण योजना, येलो रिसिप्ट की मूल प्रति और अन्य अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। अभिलेखों के परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों और प्रस्तुत दस्तावेजों में गंभीर विरोधाभास है। इससे वितरण प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा।

संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं तो और सख्त दंड

उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, डीबीटी इन फर्टिलाइजर्स तथा उर्वरक (गमनागमन नियंत्रण) आदेश 1973 के खंड 3 के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए 27 अप्रैल 2026 से फर्म के थोक व्यापार पर 21 दिन का प्रतिबंध लगाया गया।

हालांकि रेक हैंडलिंग कार्य को कंपनी की अधिकृत जिम्मेदारी मानते हुए उसे प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। फर्म को 4 मई 2026 तक अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

पूर्व सीएम के भ्रामक एआई वीडियो के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

कांकेर / नवप्रदेश। गत दिनों सोशल मीडिया प्लेटफर्म इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफर्म आई.डी. के माध्यम से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता.एआईसीसी. के महासचिव (पंजाब प्रभारी), पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल के संबंध में आपत्तिजनक, भ्रामक एवं ए.आई. जनरेटेड वीडियों प्रसारित किया गया है, जो कि उनके सार्वजनिक जीवन की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाला हैं। कांग्रेस पार्टी इस प्रकार की ओछी और असंवैधानिक राजनीति का कड़ा विरोध करती है इस प्रकार की तकनिक का दुरूपयोग कर किसी कि छवि धुमील करने की कोशिश बेहत चिंताजनक है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30855 दिनांक 28.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652F01185** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **MOHAN SAHU** पिता / पति श्री/ श्रीमती **BHARAT SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SURAJ BAI** पिता /पति श्री/श्रीमती **PRAHLAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30890 दिनांक 28.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652A00139** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SEEMA SAHIO** पिता / पति श्री/ श्रीमती **MOHAMMAD SHAHID** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **TABASSUM HUSSAIN** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O JAHID HUSSAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30894 दिनांक 28.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652D00162** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **ADITYA SHARMA S/O SHYAM SUNDAR, SUSHILA SHARMA W/O SHYAM SUNDAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SUSHILA SHARMA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **TANVEER SULTANA** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O ABDUL RAFIQ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30732 दिनांक 27.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652F01225** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **INDRA SAHU** पिता / पति श्री/ श्रीमती **BUDHDESHWAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. BASANT KUMAR DEWANGAN 2. KHILESH KUMAR DEWANGAN** पिता /पति श्री/श्रीमती **CHANDRABHAN DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30889 दिनांक 28.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652F1557F** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **NAFISHA PARVEEN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **RIZWAN AHMAD** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **CHITRA THAKUR** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O PURUSHOTTAM SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30887 दिनांक 28.04.2026
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR653O00143** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **RAVINDRA KUMAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **LATE SURAJ** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. POOJA DEWANGAN, 2. SHEKH RIZWAN** पिता /पति श्री/श्रीमती **1. W/O KISHAN KUMAR DEWANGAN, 2. SHEKH ABDULLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम
(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)

क्रमांक/259/आ.जा.क/निर्माण/2026-27 कबीरधाम, दिनांक 27/04/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

छ.ग. शासन एकीकृत प्रणाली अन्तर्गत लोक निर्माण के सक्षम वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं प्रपत्र "अ" में स्वीकृत प्राक्कलन मुख्य अभियंता लो.नि.वि. भवन निर्माण अंतर्गत दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युतीकरण दिनांक 01.06.2020 की प्रचलित (अद्यतन संशोधित सहित) दर पर निविदा निःशर्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा जिला कबीरधाम के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है -

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - दिनांक 06.05.2026 सायं 5:30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि दिनांक - दिनांक 11.05.2026 सायं 5:30 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री द्वारा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक - दिनांक 15.05.2026 सायं. 5:30 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 19.05.2026 दोपहर 3:00 बजे

क्र.	कार्य का विवरण	जिला	कुल कार्यो की संख्या	कुल कार्य की लागत राशि
1	जिला कबीरधाम के अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास / आश्रम भवनों में अनुरक्षण/लघु निर्माण एवं अन्य कार्य वर्ष 2025-26	कबीरधाम	11	92.28907 लाख
		योग -	11	92.28907 लाख

(ब्यानबे लाख अट्ठाईस हजार नौ सौ सात मात्र)

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु निविदा की राशि शासन के खाते में विभागीय मद में **"जमा मुख्य शीर्ष- 0250-अन्य सामाजिक सेवायें, लघुशीर्ष-102-अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण योजना से प्राप्तियां (निविदा प्रपत्र बिक्री से प्राप्ति) योजना क्रमांक-0175"** चालान जमा कर मूल प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र निर्धारित दिनांक तक प्राप्त किया जा सकता है।

टीप- निविदा की शर्तें एवं कार्यों से संबंधित समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

(एल.पी.पटेल)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, कबीरधाम

जी- 262700429/5

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)
Ph- 07722-236704, (Office) E-mail- ee-res.dhamtari@nic.in

ऑनलाईन निविदा सूचना क्रमांक-01

क्रमांक / 01 / निविदा/ग्रा.यां.से./26-27 धमतरी, दिनांक 28/04/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

ग्रुप. क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)
1	2	3
1.	स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कुकरेल में 50 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य ग्राम-कुकरेल	179.06
2.	शासकीय हायर सकेण्डरी स्कूल डोंगरडूला में 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य ग्राम-डोंगरडूला	180.56
3.	शासकीय हायर सकेण्डरी स्कूल रिसगांव में 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य ग्राम-रिसगांव	180.56

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 30.04.2026 समय शाम 5:30 बजे से देखी / डाउनलोड की जा सकती है। ऑनलाईन निविदा की अंतिम तिथि 15.05.2026 को शाम 5:30 तक, मैनुअल लिफाफा प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.05.2026 है एवं निविदा दिनांक 19.05.2026 को 11:30 बजे खोली जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

जी- 262700424/7

कार्यालय कलेक्टर जिला महासमुन्द (छ.ग.)
// उपस्थिति हेतु सूचना //

क्रमांक/1400A/क/वाचक/2026, महासमुन्द दिनांक 23.04.2026

प्रति,
बुधराम पिता झगर
निवासी ग्राम मोहंदी
तहसील बागबाहरा
जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

न्यायालय कलेक्टर महासमुन्द के प्रकरण क्रमांक 205 ब/121 वर्ष 2016-17 में पारित आदेश दिनांक 16.11.2017 के अनुसार ग्राम मोहंदी, प.ह.नं.01, रा.नि.मं. खल्लारी, तहसील बागबाहरा, जिला-महासमुन्द में स्थित भूमि खसरा नंबर 14/7 रकबा 1.249 हेक्टे. कृषि प्रयोजन के लिए शासकीय पट्टे पर आपको प्रदत्त किया गया था, जो बिना कलेक्टर की अनुमति प्राप्त किये अन्तरण अयोग्य भूमि थी। उक्त भूमि को आपके द्वारा संजय कुमार पिता शंकरलाल अग्रवाल निवासी बागबाहरा के पास विक्रय किया गया है। जो संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) का उल्लंघन है तो क्यों न ग्राम मोहंदी की भूमि खसरा नंबर 14/7 रकबा 1.249 हेक्टे. को संहिता की धारा 165(7-ख) के उल्लंघन में किया गया अन्तरण निरस्त करने की कार्यवाही किया जावें।

अतएव उक्त संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु स्थान-न्यायालय कलेक्टर जिला-महासमुन्द में नियत पेशी दिनांक 11.05.2026 को उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर सकते है। आपके द्वारा नियत पेशी दिनांक 11.05.2026 को अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए अवसर समाप्त की जावेगी।

(न्यायालय के आदेशानुसार)

डिप्टी कलेक्टर
जिला-महासमुंद

जी- 262700400/1

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
अधिसूचना

क्रमांक/1178/202602200900017/अ-82/2025-26/भू-अर्जन/03/2026
कोण्डागांव, दिनांक 27/04/2026

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत अधिनियम 2013 की धारा 4 के अधीन गठित सामाजिक समाघात निर्धारण दल के द्वारा छत्तीसगढ़ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (सामाजिक समाघात निर्धारण, सहमति तथा जन सुनवाई) 2016 नियम 13, 16 से 20 तक एवं 23 की कार्यवाही किये जाने हेतु नियम-11 के तहत् अधिसूचना प्रकाशित की जाती है।

नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् -

जिला	तहसील	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल		लोक प्रयोजन का विवरण
			कुल खसरा	कुल रकबा	
कोण्डागांव	माकड़ी	देवहरदूली	03	0.314 हे.	रांधना देवहरदूली मार्ग के कि.मी. 2/8 पर बासानी नाला पर उच्चस्तरीय सेतुमय पहुँच मार्ग निर्माण कार्य हेतु।
		योग - 01	03	0.314 हे.	

उपरोक्त उल्लिखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 08.05.2026 को समय 11.00 बजे स्थान ग्राम पंचायत भवन - रांधना, तहसील-माकड़ी, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) पर नियत की गई है, प्रस्तावित भूमि का अन्य विवरण निम्नानुसार है-

एक	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	रांधना-देवहरदूली मार्ग के कि.मी. 2/8 पर बासानी नाला पर उच्चस्तरीय सेतुमय पहुँच मार्ग निर्माण कार्य हेतु।
दो	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	03
तीन	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	निरंक
चार	प्रभावित क्षेत्र के निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या	निरंक
पांच	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या	निरंक
छह	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	0.314 हेक्टेयर
सात	क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है ?	हॉ
आठ	परियोजना का कुल लागत	1271.996 लाख
नौ	परियोजना से होने वाले लाभ	आसपास के ग्रामीण जनों को उच्चस्तरीय सेतुमय पहुँच मार्ग निर्माण बनने से बारहमासी आवागमन की सुविधा होगी ।
दस	प्रस्तावित समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय	5.00 लाख
ग्यारह	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	निरंक

उपरोक्त भू-अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई जानकारी / सुझाव देना हो तो वह विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी ।

(नुपूर राशि पन्ना)
कलेक्टर
जिला-कोण्डागांव
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-262700413/2

सीजी बोर्ड पेपर लीक केस को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन, फरार आरोपी पर 5 हजार का इनाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में फरार चल रहे आरोपी वेणुगोपाल वेणु पर रायपुर पुलिस ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। सिटी कोतवाली थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 130/2026 में आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही है, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अब पुलिस ने आरोपी की सूचना देने या गिरफ्तारी कराने वाले को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। वहीं, पेपर लीक मामले को लेकर छात्र राजनीति गरमा गई है। मुख्य आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में हस्र्ष्ठ कार्यकर्ता को कमिश्नर कार्यालय, सिविल लाइन पहुंचकर प्रदर्शन किया। हस्र्ष्ठ का कहना है कि पेपर लीक जैसी गंभीर घटना के बाद भी अब तक मुख्य आरोपी पर कार्रवाई नहीं होना लाखों छात्रों के साथ अन्याय है। इसी मुद्दे को लेकर संगठन दोषियों की जल्द

गिरफ्तारी की मांग लेकर एनएसयूआई कमिश्नर कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, कहा- पुलिस बचा रही

गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने पुलिस जांच पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं न कहीं बड़े मास्टरमाइंड को बचाने की कोशिश हो रही है। सेंट्रल जोन के डिप्टी पुलिस कमिश्नर डॉ. अर्चना झा ने रायपुर पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80-ए के तहत इनाम घोषित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपा हुआ है और उसके खुलेआम घूमने से समाज के लिए खतरा हो सकता है। पुलिस ने कहा है कि जो व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेगा, गिरफ्तारी में मदद करेगा या ऐसी पुख्ता सूचना देगा, जिससे आरोपी की विधिपूर्वक गिरफ्तारी हो सके, उसे 5 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इनाम वितरण पर अंतिम निर्णय डिप्टी पुलिस कमिश्नर मध्य क्षेत्र का होगा।

वेणु जंघेल पर 5 हजार रुपए का इनाम

पुलिस के मुताबिक आरोपी वेणु जंघेल (18) बेमेतरा जिले के बोरतरा गांव का निवासी है। वह वर्तमान में रायपुर के अशोक नगर गुढ़ियारी में रह रहा था। आरोपी के खिलाफछत्तीसगढ़ परीक्षा अधिनियम की धारा 4, 5, 10 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 के तहत मामला दर्ज है। यह मामला 14 मार्च 2026 को सामने आए परीक्षा अनियमितता और पेपर लीक केस से जुड़ा है।

न्यूज गैलरी

पीठाधीश्वर को व्हाट्सएप पर जान से मारने की मिली धमकी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अभनपुर क्षेत्र स्थित मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमासाई महाराज को व्हाट्सएप के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने अभनपुर थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई, अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डॉ. प्रेमासाई महाराज धर्म, समाज, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे विषयों पर लगातार प्रवचन देते रहे हैं। उनके नेतृत्व में हिंदू एकता शोभायात्रा, हिंदू जगाओ शोभायात्रा और दिव्य दरबार जैसे बड़े आयोजन होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। शिकायत में बताया गया है कि 10 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12:40 बजे, जब वे परिवार के साथ केरल में निजी यात्रा पर थे, उसी दौरान उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने उनके साथ-साथ पूरे परिवार को नुकसान पहुंचाने की बात भी कही। बताया जा रहा है कि संबंधित मोबाइल नंबर की प्रारंभिक जांच में वह जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा प्रतीत हो रहा है और ट्रूकॉलर पर 'हिलाल बानी' नाम सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, उन्हें पहले भी इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने प्रशासन से आरोपी की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

रायपुर में खाद्य-औषधि प्रशासन विभाग ने मारी रेड

जूस दुकान खराब मैंगो पल्प मिला, सोडा भी रंगयुक्त, 15 दिनों तक चलेगा जांच अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के तहत खाद्य-औषधि प्रशासन की टीम जिलेभर में निरीक्षण के साथ-साथ आम नागरिकों को जागरूक भी कर रही है। अभियान खाद्य-औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। टीम ने गन्ना रस, सॉफ्ट ड्रिंक, आइसक्रीम और जूस सेंटरों पर विशेष जांच अभियान चलाते हुए कुल 17 दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक दुकान को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। साथ ही 6 किलो खराब नींबू, 5 किलो मैंगो पल्प और रंगयुक्त सोडा वॉटर की 7 बोतलें जब्त कर मौके पर ही नष्ट कराई गईं, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर खतरा न हो। दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुरूप साफ-सफाई, गुणवत्ता और मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफआगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना के लिए 51.44 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखण्ड-दुलदुला की चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना के कार्यों के लिए 51 करोड़ 44 लाख 62 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के निर्माण से 1800 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्य पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

एनडीपीएस पिट एक्ट के तहत 54 आरोपी निरूद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा पिट एनडीपीएस के विभिन्न प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश के तहत आरोपियों को अधिकतम 6 माह के लिए जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में रायपुर जिले के 33 आरोपी, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 15 आरोपी, धमतरी जिले के 3 आरोपी, गरियाबंद जिले के 2 आरोपी तथा महासमुंद जिले के 1 आरोपी को निरुद्ध किया गया है। पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 की धारा 11 के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर संभागायुक्त द्वारा यह कार्यवाही की गई है।

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से लाखों परिवारों को नया सहारा

75% तक छूट और 100% सरचार्ज माफी लाखों उपभोक्ताओं के चेहरे पर लौटी मुस्कान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026' आम जनता के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। 12 मार्च 2026 से लागू इस जनकल्याणकारी योजना ने उन लाखों परिवारों को नया सहारा दिया है, जो लम्बे समय से बिजली बिल के भारी बकाया और सरचार्ज के कारण आर्थिक संकट झेल रहे थे। राज्य सरकार ने महसूस किया कि गरीब, किसान और निम्न आय वर्ग के लाखों उपभोक्ता बकाया बिल की भारी राशि और बढ़ते सरचार्ज के कारण बिजली सेवा से वंचित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए एक व्यापक राहत योजना तैयार करवाई जो घोषणा भर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू की गई। यही वजह है कि शुरुआत के कुछ हफ्तों में ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने इसका लाभ उठाया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जहां आय के साधन सीमित होते हैं, वहां इस योजना का सीधा प्रभाव दिख रहा है। किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी बकाया चुकाकर अब नियमित सेवा से जुड़े हैं। कई परिवारों में वर्षों की चिंता दूर हुई है और बिजली कटौती की समस्या में कमी आई है। यह योजना सिर्फ राहत नहीं, बल्कि जीवन में स्थिरता और सम्मान लौटाने का माध्यम बन चुकी है।

75% तक छूट और 100% सरचार्ज माफी

योजना के तहत उपभोक्ताओं को मूल बकाया पर 50-75त्न तक की राहत दी जा रही है, जबकि सरचार्ज को पूरी तरह माफकर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं का वर्षों का बोझ तुरंत कम हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग एकमुश्त भुगतान नहीं कर पाते, इसलिए सरकार ने आसान किस्तों की सुविधा भी उपलब्ध कराई है, जहां उपभोक्ता केवल 10त्न राशि जमा कर आगे किस्तों में भुगतान कर सकते हैं।

28-29 लाख हितग्राहियों को मिल रहा सीधा लाभ

राज्यभर में लगभग 28 से 29 लाख बिजली उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल रहा है। कुल राहत राशि 750 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। इससे न केवल लोगों की आर्थिक स्थिति सुधरी है, बल्कि राज्य की बिजली वितरण प्रणाली भी अधिक सुव्यवस्थित हुई है। बकाया कम होने से बिजली कंपनियों की वित्तीय सुदृढ़ता बढ़ी है, जो भविष्य में बेहतर सेवा सुनिश्चित करेगी।

131 दुकानों पर निगम की कार्रवाई

डस्टबिन नहीं रखने, गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर विभाग ने दिखाई सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहर में स्वच्छता को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए 131 दुकानदारों से कुल 31,900 रुपए का जुर्माना वसूला। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर की गई। निगम की टीमों ने जोन स्तर पर स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता दीदियों के साथ मिलकर निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान डस्टबिन नहीं रखने, कचरा फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की गई। प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर दुकानदारों से जुर्माना वसूलने के साथ ही मौके पर ही उसे जब्त भी किया गया। सभी दुकानदारों को भविष्य में नियमों का पालन करने की कड़ी चेतावनी दी गई है। नगर निगम ने साफकिया है कि स्वच्छता को लेकर यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अलग-अलग मामलों में वसूला जुर्माना

निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने पर 76 दुकानदारों से 23,500 रुपए, डस्टबिन नहीं रखने पर 51 दुकानदारों से 7,500 रुपए और प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर 4 दुकानदारों से 900 रुपए का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और संबंधित जोन कमिश्नरों के मार्गदर्शन में, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों की मौजूदगी में की गई।

राज्य में 5 दिन अंधड़-बारिश का अलर्ट

■ **40-50 किलोमीटर की स्पीड से चलेगी हवा**

■ **24 घंटे में 2 डिग्री गिरा पारा, 2-3 डिग्री और गिरेगा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गर्मी के तेवर अब थोड़े नरम पड़ने लगे हैं। बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों में पारा 2 से 3 डिग्री तक और गिर सकता है, जिससे लोगों को झुलसाती गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, अगले 5 दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो 43.5 डिग्री सेल्सियस के साथ दुर्ग प्रदेश में सबसे गर्म रहा, वहीं अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। फिलहाल दो से तीन दिन तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा, जिसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है।

रायपुर का मौसम

आज सुबह आसमान साफ रहने और दोपहर या शाम तक बादल छाने की संभावना है। अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने का अनुमान है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी के पिता को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी के पिता स्व. दिलीप तिवारी के निधन पर प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वरिष्ठ पत्रकारों ने स्व. तिवारी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। रायपुर प्रेस क्लब के महासचिव गौरव शर्मा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, स्व. दिलीप तिवारी जी का जीवन संघर्ष, श्रम और अनुशासन की मिसाल रहा। लगभग 50 वर्षों तक उन्होंने अखबार वितरण का कार्य किया। उनकी हर सुबह अखबारों के साथ शुरु होती थी। उनके लिए अखबार वितरण आजीविका का साधन मात्र नहीं, समाज को सूचनाओं से जोड़ने के प्रति समर्पण था। एक शांत कर्मयोगी के रूप में वे पांच दशकों तक कार्य करते रहे।

वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय ने कहा, किसी परिवार के लिए पिता का साया उठ जाना कठिन क्षण होता है। ऐसे समय में प्रेस क्लब और पत्रकार साथी मोहन तिवारी व परिवार के साथ हैं। उन्होंने स्व. दिलीप तिवारी की सादगी और समर्पण की सराहना की। वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट गोकुल सोनी ने स्व. तिवारी के साथ अपने संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कैसे लंबे समय तक वे अखबार वितरण के कार्य में संलग्न रहे। इस दौरान अनुशासन, समर्पण और सादगी से उन्होंने अपने साथियों को प्रेरणा दी। एक कुशल घड़ीसाज के रूप में भी वे जाने पहचाने जाते रहे।

सड्डू में 55 साल के व्यक्ति की संदिग्ध मौत

■ **घर से बदबू आने पर लोगों ने थाने में दी सूचना, दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची पुलिस**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सड्डू सेक्टर-7 स्थित एलआईजी-11 में सोमवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। मृतक की पहचान योगेंद्र पाठक के रूप में हुई है, जो घर में अकेले रहते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में टहलने के दौरान घर से तेज दुर्गंध आने लगी। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रायपुर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां कमरे में बेड पर योगेंद्र पाठक का शव पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे सामान्य मौत मान रही है, लेकिन मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। बताया जा रहा है कि मृतक का परिवार सड्डू के ही सेक्टर-3 में रहता है, जबकि वे अकेले इस मकान में रह रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, भीषण गर्मी को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मौत लू या अत्यधिक गर्मी के कारण हुई हो सकती है।

सीजीएमएससी ने अस्पतालों से वापस मंगाई दवा

■ **रायपुर-बलौदाबाजार के अस्पतालों में हुआ था डिस्ट्रीब्यूशन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन ने आयरन-फोलिक एसिड की एक दवा बैच को वापस मंगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश रायपुर और बलौदाबाजार जिले के अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को जारी किया गया है। मामला फेरस

सल्फेट एंड फोलिक एसिड दवा के बैच नंबर एफएफ्आर 240703 से जुड़ा है। इस बैच की कुछ टैबलेट्स का रंग बदला हुआ और टूटा हुआ मिलने की शिकायतें मिली थी। शिकायत के बाद दवा का दोबारा गुणवत्ता परीक्षण कराया गया। दवा गोदाम शाखा रायपुर ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया है कि इस बैच का उपलब्ध स्टॉक तत्काल वापस गोदाम में जमा कराया जाए। आदेश अंबेडकर अस्पताल, डीकेएस पोस्ट ग्रेजुएट संस्थान, शासकीय डेंटल कॉलेज, रायपुर-बलौदाबाजार के सीएमएचओ कार्यालय, जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को भेजा गया है।

गुणवत्ता रिपोर्ट मानक, फिर भी बैच वापस

परीक्षण में दवा की गुणवत्ता मानक के अनुरूप पाई गई, लेकिन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए संबंधित फर्म मेसर्स सिप्को फार्मास्यूटिकल्स को बैच उठाने (रिकॉल) के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि यह दवा गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और एनीमिया से पीड़ित मरीजों को दी जाती है। ऐसे में टैबलेट के रंग बदलने और टूटने की शिकायत को गंभीर मानते हुए एहतियातन रिकॉल किया गया है।

अपराध: फर्जी टिकटों को दूसरे यात्रियों को बेचकर कमा रहे थे पैसा, रायपुर-डोंगरगढ़ लोकल में चेकिंग में हुआ खुलासा

एआई से बनाई फर्जी ट्रेन टिकट, एमएसटी बनाने वाला गिरोह फूटा, 4 गिरफ्तार

■ **एडिटेड एमएसटी पर यात्रा कर रहे चार छात्र गिरफ्तार, सरगना पकड़ से बाहर**

रायपुर/नवप्रदेश। रोजाना ट्रेन में मुफ्त सफर करने के लिए डुप्लिकेट एमएसटी टिकट बनाने वाले छात्रों की चालाकी मंगलवार को रेलवे की जांच के दौरान पकड़ी गई। रायपुर रेल मंडल की टीम दुर्ग में रायपुर-डोंगरगढ़ लोकल यात्रियों के टिकट चेक कर रही थी, तभी यह फर्जीवाड़ा सामने आया। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया छात्र 'यूटीएस ऑन मोबाइल' ऐप के एमएसटी टिकट की इमेज का दुरुपयोग कर रहा था। उसने ऐप से असली टिकट का स्क्रीनशॉट लिया और उसे एडिट कर अपना नाम, उम्र और अन्य जानकारियां बदल दीं, ताकि किसी को शक न हो।

आमतौर पर भीड़ वाले समय में टीटीई एक नजर में टिकट देखकर आगे बढ़ जाते हैं, जिसका फायदा ये छात्र उठा रहे थे। मंगलवार को जांच के दौरान जब रेलवे की टीम ने ध्यान से मोबाइल स्क्रीन पर टिकट को देखा, तो एडिटिंग की पोल खुल गई और एक छात्र के साथ उसके अन्य साथी भी पकड़े गए।

फर्जी टिकट बेचकर कमा रहे थे मुनाफा

पकड़े गए छात्रों ने सभी राज खोला। उनके मुताबिक, इस रैकेट में हर्ष नाम का एक अन्य छात्र भी शामिल है, जो सिर्फमुफ्त सफर नहीं कर रहा था, बल्कि इन फर्जी टिकटों को दूसरे यात्रियों को बाकायदा बेचकर पैसे कमा रहा था। फिलहाल हर्ष रेलवे की पकड़ से बाहर है और उसकी तलाश जारी है। इस गंभीर मामले के सामने आने पर रायपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी टिकट जांच स्टाफको निर्देश दिए हैं कि मोबाइल ऐप वाले टिकटों की अब और भी गहनता से जांच की जाए, ताकि कोई भी इस तरह की चालाकी न कर सके। पकड़े गए संदिग्ध लोगों में कुलदीप बिश्नोई, उम्र 20 साल, यू ओंकार उम्र 20 साल, अखिलेश साहू उम्र 19 साल, राहुल साहू उम्र 20 साल शामिल है ।

महीनों से कर रहे थे सफर

जानकारी मुताबिक ये छात्र फर्जी टिकट तैयार कर महीनों से रेलवे को चूना लगा रहे थे। आरपीएफ ने अब इसकी जांच शुरू कर दी है। इस तरह की रायपुर मंडल की पहली घटना है। इसके बाद अब टीटीई से टिकटों की जांच बढ़ा दी है, ताकि ऐसे लोग पकड़ आ सके। बात दें कि छात्र ने बड़ी चालाकी से इसे तैयार किया था। बारीकी से इसे देखने पर ही समझ आता है कि टिकट असली है या फिर फर्जी। इस वजह से रेलवे के पकड़ के बाहर था।

सऊदी-पाक गठजोड़ पर भारी यूएई की 'तेल कूटनीति' भारत के लिए खुलेंगे सस्ते ईंधन के रास्ते

संयुक्त अरब अमीरात ने अपने हालिया कदमों से साफ संकेत दे दिया है कि वह पाकिस्तान-सऊदी अरब गठजोड़ के खिलाफ रणनीति बना रहा है। तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक से बाहर निकलने का उसका फैसला सऊदी अरब को बड़ा झटका देने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं ये फैसला पाकिस्तान के लिए भी बड़ा मैसेज बनकर सामने आया है, जिसने पड़ोसी मुल्क की पेशानी पर निशान ला दिए हैं।

पाकिस्तान को झटका तो क्या भारत को लाभ?

इसे पूरे मामले को भारत के लिहाज से देखें तो सवाल उठता है कि क्या ये फैसला भारत के पक्ष में जा सकता है? असल में यूएई के इस फैसले से ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई बढ़ सकती है, जिससे कीमतों में कमी आ सकती है। इसका सीधा फायदा भारत जैसे आयात करने वाले देशों को मिल सकता है, क्योंकि उनका तेल खर्च कम होगा और महंगाई पर भी असर पड़ेगा। एक्सपर्ट्स के नजरिये को समझें तो यह कदम भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक साबित हो सकता है।

ऐसे में जहां भारत को सस्ते तेल और मजबूत ऊर्जा साझेदारी का फायदा मिल सकता है, वहीं पाकिस्तान के लिए यह स्थिति आर्थिक दबाव और रणनीतिक असहजता बढ़ाने वाली बन सकती है। अब इस पूरे फैसले को कैनवस पर और बड़ा करके देखें तो नजर आता है कि इससे पहले कई घटनाक्रम तेजी से सामने आए. ईरान के साथ टकराव के दौरान यूएई को सीधे हमलों का सामना करना पड़ा, जबकि खाड़ी सहयोग परिषद के देशों से उसे वह समर्थन नहीं मिला जिसकी उसे उम्मीद थी. वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एकतरफा युद्धविराम की घोषणा कर खुद को पीछे खींच लिया है, जिससे यूएई खुद को सैन्य रूप से असुरक्षित महसूस करने लगा।

फेसबुक-इंस्टाग्राम पर ईयू का शिकंजा बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल

नई दिल्ली/ए.। मेटा प्लेटफॉर्म की सोशल मीडिया सेवाएं फेसबुक और इंस्टाग्राम यूरोपीय संघ (श्व) के नियमों के उल्लंघन के आरोपों में घिर गई हैं। यूरोपीय आयोग ने कहा है कि ये प्लेटफॉर्म 13 साल से कम उम्र के बच्चों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। जांच में पाया गया कि यूरोप में 10-12त्न बच्चे 13 साल से कम उम्र के होने के बावजूद फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह कार्रवाई डीजिटल सर्विस एक्ट (डीएसए) के तहत की गई है, जो बड़ी टेक कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म पर हानिकारक और गैरकानूनी कंटेंट को रोकने के लिए जिम्मेदार बनाता है। श्व की टेक प्रमुख Henna Virkkunen ने कहा कि सिर्फ नियम बनाना काफी नहीं है, बल्कि उन्हें लागू करना भी जरूरी है, खासकर बच्चों की सुरक्षा के लिए। यूरोपीय आयोग ने Meta से कहा है कि वह अपने सिस्टम में बदलाव करे और बच्चों की पहचान, रोकथाम और हटाने के उपायों को और मजबूत बनाए।

तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचीं इक्काडोर की विदेश मंत्री

नई दिल्ली/ए.। इक्काडोर की विदेश मंत्री गैब्रिएला सोमरफेल्ड बुधवार को अपने तीन दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचीं। विदेश मंत्री सोमरफेल्ड के भारत दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय ने लिखा, इक्काडोर की विदेश मंत्री और ह्यूमन मोबिलिटी मंत्री गैब्रिएला सोमरफेल्ड रोसेरो का नई दिल्ली आने पर हार्दिक स्वागत है।

महिला आरक्षण बिल को लेकर बिना नाम लिए अखिलेश पर बरसे पीएम मोदी

सपा ने दिया यूपी के लोगों को 'गाली' देने वाली द्रमुक का साथः पीएम मोदी

हरदोई/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के मुद्दे पर, खासकर समाजवादी पार्टी को आड़े हाथ लिया। पीएम मोदी ने कहा कि समाज को बांटने और तोड़ने की ख्वाहिश रखने वाली नारी विरोधी सपा उत्तर प्रदेश के लोगों को गाली देने वाली द्रमुक जैसी पार्टी के साथ खड़ी हुई और विधेयक का विरोध किया।पीएम मोदी ने हरदोई में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि पिछली सरकारों ने अपनी करतूतों के कारण अपराध और जंगल राज को उत्तर प्रदेश की पहचान बना दिया था और उत्तर प्रदेश के माफिया पर फिल्में बनती थी लेकिन अब उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था का देशभर में उदाहरण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की राजग सरकार संसद में नारी वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक लेकर आई थी, जो अगर पारित हो जाता तो 2029 के लोकसभा चुनाव से ही महिलाओं को

लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता लेकिन सपा ने इस संशोधन विधेयक का विरोध किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से सभी राज्य विधानसभाओं में भी सीटों की संख्या बढ़ जाती। उन्होंने कहा, हमने संसद में साफ-साफ कहा था कि सभी राज्यों की सीटें एक ही अनुपात में बढ़ेंगी, लेकिन उत्तर प्रदेश को गाली देकर राजनीति करने वाली द्रमुक जैसी पार्टियों को आपत्ति थी कि उत्तर प्रदेश की सीटें क्यों बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया युद्ध, अशांति और अस्थिरता से घिरी है और दुनिया के बड़े-बड़े देशों की हालत खराब है लेकिन भारत उसी रफ्तार से विकास की राह पर बढ़ रहा है जो बाहर के दुश्मनों तो पसंद नहीं आ रहा है, मगर भीतर बैठे लोग भी सत्ता की भूख में भारत को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

सपाइयों को पसंद नहीं आ रही यूपी की तरक्की

उन्होंने खासकर सपा पर हमलावर होते हुए कहा, संसाधनों की बंदरबांट करने वाले जिन सपाइयों के हाथ से सत्ता गई है, उन्हें उत्तर प्रदेश की यह प्रगति पसंद नहीं आ रही है। वह एक बार फिर उत्तर प्रदेश को पुराने दौर में धकेलना चाहते हैं। वह एक बार फिर समाज को बांटना और तोड़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने का ठीकरा भी सपा के सिर फोड़ते हुए कहा, समाजवादी पार्टी विकास विरोधी भी है और नारी विरोधी भी है। अभी बीते दिनों देश में एक बार फिर सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों का असली चेहरा देखा।

द्रमुक के सुर में सुर मिला रही सपा

प्रधानमंत्री ने सपा को घेरते हुए कहा कि सपा संसद में द्रमुक के सुर में सुर मिला रही थी। उन्होंने कहा, सपा वाले यहां पर आपका वोट तो चाहते हैं लेकिन संसद में उत्तर प्रदेश के लोगों को गाली देने वालों के साथ खड़े हो जाते हैं। इसीलिए यूपी के लोग कहते हैं कि समाजवादी पार्टी कभी सुधर नहीं सकती। यह लोग हमेशा महिला विरोधी राजनीति ही करेंगे। यह हमेशा तुष्टीकरण और अपराधियों के साथ खड़े रहेंगे। पीएम मोदी ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि सपा कभी परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर उठ नहीं सकती क्योंकि वह हमेशा विकास विरोधी राजनीति करेगी, लिहाजा उत्तर प्रदेश को सपा और उसके सहयोगियों से सावधान रहना चाहिए।

अमेरिका के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र पहुंचा ईरान कहा-हमारा जहाज जब्त करना समुद्री डकैती

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (ए.)। ईरान ने अमेरिका के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चिट्ठी में ईरान ने अमेरिका पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने उसके जहाजों को जब्त करके 'समुद्री डकैती' की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने कहा कि अमेरिका ने 'मैजेस्टिक' और 'टिफनी' नाम के जहाजों को कब्जे में लिया और लगभग 38 लाख बैरल ईरानी तेल भी जब्त

कर लिया। उनके मुताबिक यह कदम गैरकानूनी है और यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दखल देने जैसा है।

ईरान का आरोप है कि अमेरिका की यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्र से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करती है।

कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला - धमतरी (छ.ग.)
Email ID -commissionerdhamtari@gmail.com, Phone Fax 07722-241599

- ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय) -
Main Portal:http//eproc.cgstate.gov.in

क्र./ कार्य.अभि. / लोक कर्म/ ई निविदा/2026/188 **धमतरी, दिनांक 23/4/2026**

टेण्डर सिस्टम नम्बर 189692, 189694

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा 14वें वित्त आयोग अंतर्गत 02 कार्यों (आर.सी.सी. नाली निर्माण) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में एवं Main portal:eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत ठेकेदारों से छत्तीसगढ़ के लो.नि.वि. के भवन एस.ओ.आर. 2015 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "A" में दिनांक 12/05/2026 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यों का कार्यवार अनुमानित लागत, निर्धारित अमानत राशि निविदा की सामान्य शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

गौड़ ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी' में भीषण आग, कई फ्लैट्स का सामान खाक, रोते-बिलखते रहे मालिक

गाजियाबाद/ए.। गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई, जिसके बाद बड़े स्तर पर अग्निशमन और बचाव अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अनुसार, गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी की 11वीं मंजिल पर सुबह करीब 8:50 बजे आग लगी, जो तेजी से फैलकर कई अन्य मंजिलों के फ्लैटों तक पहुंच गई। अधिकारियों के अनुसार, आग सातवीं से आठवीं मंजिल तक फैल गई थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच जारी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में वैशाली, साहिबाबाद और नोएडा समेत आसपास के क्षेत्रों से एक दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे तक आग पर

काफी हद तक काबू पा लिया गया, हालांकि पूरी तरह से आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। इस दौरान बचाव अभियान भी साथ-साथ चलाया गया। इमारत में फंसे कई निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल थे, जो ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। अग्निशमन कर्मियों ने उन्हें स्ट्रेचर के जरिए बाहर निकाला।

आग कितनी भीषण थी इसका आंखों देखा हाल वहां के कुछ लोग ने बताया। पोस्ट किए गए एक वीडियो में आग की भयावहता नजर आ रही है। मशहूर पत्रकार और यूट्यूबर अजीत अंजुम ने वीडियो में दिखाया कि आग ने कितना विकराल रूप धारण कर लिया था और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां कितनी बेबस नजर आ रही थीं। जैसे ही एक फ्लैट में आग लगती है, ये अगल-बगल के फ्लैट को भी अपनी जद में लेती है। बताया जा रहा है गैस लीकेज की वजह से सुबह 8:00 बजे एक फ्लोर पर आग लगी और उसके बाद देखते ही देखते एसी के यूनिट्स में जबरदस्त आग लग गई।

जन्मतिथि के लिए अब आधार सबूत नहीं माना जाएगा

नई दिल्ली/ए.। अगर आप अब तक यह सोचते थे कि आपका यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड हर जगह काम आ जाता है, तो यह खबर पढ़ना आपके लिए बेहद जरूरी है। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक यूआईडीएआई ने एक बड़ा बयान जारी किया है जिसमें बताया गया है कि आधार कार्ड को जन्मतिथि के पक्के सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

आईडीएआई ने साफकिया है कि आधार सिर्फ आपकी पहचान और एड्रेस का प्रमाण है, न कि आपकी उम्र या जन्मतिथि का आधिकारिक दस्तावेज। बताते चलें की देश में लंबे समय से लोग आधार को हर तरह के काम के लिए इस्तेमाल करते आ रहे हैं चाहे वह बैंकिंग हो, स्कूल एडमिशन हो या सरकारी योजनाएं। इस अपडेट

के बाद कौन-कौन से डॉक्यूमेंट जरूरी होंगे। सिर्फ यूआईडीएआई ही नहीं, बल्कि कोर्ट और कई सरकारी विभाग भी पहले ही साफकर चुके हैं कि आधार उम्र या जन्मतिथि का पक्का सबूत नहीं है। कई मामलों में अदालतों ने भी कहा है कि आधार की जगह स्कूल सर्टिफिकेट या जन्म प्रमाण पत्र ज्यादा भरोसेमंद होते हैं। अगर आपको अपनी जन्मतिथि साबित करनी है, तो आपको जन्म प्रमाण पत्र, - 10वीं की मार्कशीट, - पासपोर्ट डॉक्यूमेंट्स दिखाना आवश्यक होगा।

ट्रंप ने ईरान की घेराबंदी जारी रखने का आदेश दिया

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका और ईरान के बीच बात ठप होने के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन को ईरान की घेराबंदी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, व्हाइट हाउस में सोमवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ हुई बैठक में श्री ट्रंप ने ईरान की अर्थव्यवस्था और तेल निर्यात पर दबाव बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया है। इसके तहत ईरानी बंदरगाहों से होने वाली जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह रोकने की रणनीति अपनाई गई है।वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, श्री ट्रंप वर्तमान में अपनी इस मांग को छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं कि ईरान कम से कम 20 वर्षों के लिए अपने परमाणु संवर्धन को स्थगित करने की शपथ ले और उसके बाद भी कड़े प्रतिबंधों को स्वीकार करे। श्री ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और परमाणु वार्ता को बाद की वार्ताओं के लिए छोड़ने का ईरान का तीन चरणों वाला प्रस्ताव यह साबित करता है कि ईरान नेक नीयत से बातचीत नहीं कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध में अपने सैन्य उद्देश्यों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की सफल घेराबंदी के कारण, अमेरिका के पास अब 'अधिकतम लाभ' की स्थिति है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

गोल्ड लोन नीलामी सूचना

विशेष कर गिरवी कर्ता एवं सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित खाता में रखे गये सोने के आभूषण को सार्वजनिक नीलामी **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** द्वारा **दिनांक** 15/05/2026 को **सुबह 11.00 बजे** से किया जायेगा। हम ऐसे डिफाल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किये जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है। गिरवीकर्ता को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 14/05/2026 को या उससे पहले देनदारी और अन्य शुल्कों का भुगतान कर अपने गिरवी आभूषण को मुक्त करा सकते हैं अन्यथा 15/05/2026 को शाखा में नीलाम किया जायेगा।

क्र.	शाखा	ऋण की तिथि	ऋण नम्बर	ऋणी का नाम एवं पता
01	साद विधान शाखा हेड	08/11/2023 02/12/2023	179716540000109 179716540000121	अनिल चावला, मकान नं. 37, महावीर नगर, बसंत विहार, पुरैना, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) 492006
02	प्रियदर्शिनी नगर शाखा	19/04/2024	612706540000047	श्रीमती अंजलि तेजवानी C/O आर्यंश सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन ब्लॉक-I, 103, खुशी रेजिडेंसी, रायपुर-492007.
03	जगदलपुर शाखा	08/12/2023	327106540000125	चावस्वरी कश्यप, तालपारा, ग्राम- उड़ियापाल, पोस्ट- कोरता, बस्तर, बकवंद, बस्तर 494222.
04	केशकाल शाखा	24/06/2024	249416630000024	करण सिंह, एचएनओ 23 खलेमुरवेंड मुरवेंड, केशकाल कोंडागांव- 494331
05	भिलाई सुपेला शाखा	08/12/2023	184316530000134	श्री नवीन कुमार पांडे, संजीवनी नर्सिंग होम, एलआईजी 415 दीन दयाल कॉलोनी, भिलाई-490020

नोटः बकाया राशि में गोल्ड लोन के साथ-साथ किसी अन्य ऋण/क्रेडिट सुविधा के तहत पार्टी की सभी देनदारियां शामिल होनी चाहिए। इच्छुक बोलीकर्ता अधिक जानकारी हेतु **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा- साद विधान शाखा हेड, प्रियदर्शिनी नगर, जगदलपुर, केशकाल, भिलाई सुपेला** के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

दिनांकः 29.04.2026 प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सिंधिया नगर शाखा, सुपेला शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।

अ. उधारकर्ता का नाम ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि 2. मांग सूचना राशि रु 3. कब्जे की तिथि
ऋणी 1. श्री आनंद श्रीवास्तव, फ्लैट नं. 105, एफ.एफ. ब्लॉक 5, उषा किरण परिसर, शासकीय स्कूल के पास, भाठागांव, रायपुर- 492001 छत्तीसगढ़. **शाखाः प्रियदर्शनी नगर.**	फ्लैट नंबर 106, पहली मंजिल, सुपर बिल्ट-अप एरिया 430 वर्ग फुट, उषा किरण परिसर, भाटागाँव वार्ड नंबर 63, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, रायपुर।	26/12/2025 ₹ 7,40,347.96 + 30/11/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क 23/04/2026
ऋणी- दीपक किराना स्टोर, विहान ट्रेडर्स, कृषि उपज मंडी के सामने, धमदा रोड, सिकोला भाटा, वार्ड नं0 15, दुर्ग. **प्रोपराइटर- खेराज शादीजा**, मकान नं. 194, शंकर नगर, पश्चिम ख, वार्ड नं. 10, दुर्ग- 491001 **गारंटर- अनिता शादीजा पति चंदीराम शादीजा**, मकान नं. 194 आर्य नगर, वार्ड नं. 13, दुर्ग-छत्तीसगढ़ **गारंटर- चंदीराम शादीजा**, मकान नं. 194 आर्यनगर, दुर्ग. **शाखाः सिंधिया नगर**	खसरा नं. 248/73, प.ह.नं. 17, विहान ट्रेडर्स के सामने, कृषि उपज मंडी के सामने, धामदा रोड, सिकोला भाटा, वार्ड नंबर 15, दुर्ग, क्षेत्रफल 5000 वर्गफीट में स्थित दो मंजिला वाणिज्यिक भवन।	31.01.2026 ₹ 6,77,613.84 + 29/07/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क 24/04/2026
ऋणी- हीरामणि द्विवेदी पुत्र राम सिपाही द्विवेदी, वार्ड नं. 18, जागृति नगर, प्रवीण ट्रेडर्स के पीछे, उरकुरा, बीरगांव रायपुर, छ.ग. 493221. **गीता द्विवेदी**, वार्ड नं. 18, जागृति नगर, प्रवीण ट्रेडर्स के पीछे, उरकुरा, बीरगांव रायपुर, छ.ग.. 493221. **चौंदनीडीह शाखा**	**श्रीमती गीता द्विवेदी पति श्री हीरा मणि द्विवेदी** के स्वामित्व में खसरा नंबर 113/3 P, प.ह.नं. 108, ठाकुरदेव वार्ड नंबर 18, सिद्धि विनायक अस्पताल के पास, उरकुरा, ग्राम- खिल्लोरा, रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1066 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान।	16/02/2026 ₹ 16,02,748.16 + 31/01/2026 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क 24/04/2026
ऋणी- स्व. श्रीमती किरण चतुर्वेदी (ज्ञात कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से) **श्री पुष्पेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, श्री आशीष कुमार चतुर्वेदी, श्री महेंद्र कुमार चतुर्वेदी**, मकान नं. 191, मौजा नंबर 544, वार्ड नं. 36, संगम चौक के पास, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490011, **श्री आशीष कुमार चतुर्वेदी**, मकान नंबर 191, मौजा नंबर 544, वार्ड नंबर 36, संगम चौक के पास, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490011, 3. **श्री महेंद्र कुमार चतुर्वेदी**, मकान नंबर 191, मौजा नंबर 544, वार्ड नंबर 36, संगम चौक के पास, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490011. **चरोदा शाखा**	मकान नंबर 191, मौजा नंबर 544, वार्ड नंबर 36, संगम चौक के पास, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490011.	30/07/2025 ₹ 3,57,905.56 + 30/06/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क 24/04/2026
ऋणी- श्रीमती शिखा दुबे पति स्व.श्री अभिषेक अरुण कुमार दुबे, पताः 1- प्लॉट नंबर जे-121 एवं जे-122, जनता नगर (बक्सी नगर) हाउसिंग कॉलोनी, लाखोली नाका चौक-कन्हारपुरी मेन रोड, लाखोली, राजनांदगांव छ.ग. 491441, **पता 2-** मकान नंबर 205/1, वार्ड नंबर 04, गली नंबर 02, चिखली, शांति नगर, राजनांदगांव छ.ग. 491441, **श्रीमती कमलेशा अरुण कुमार दुबे पति श्री अरुण कुमार दुबे, पताः 1-** प्लॉट नंबर जे-121 एवं जे-122, जनता नगर (बक्सी नगर) हाउसिंग कॉलोनी, लाखोली नाका चौक-कन्हारपुरी मेन रोड, लाखोली, राजनांदगांव छ.ग. 491441, **पता 2:-** मार्फत लक्ष्मण ब्राह्मणकर, कापसे भवन के पास सिविल लाइन, रविशंकर वार्ड, सिविल लाइन, गोंदिया एम.एच. 441601. **राजनांदगांव मुख्य शाखा**	जनता नगर (बक्शी नगर) हाउसिंग कॉलोनी, लखोली नाका के पास, राजनांदगाँव, तहसील एवं जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.), क्षेत्रफल- 83.88 वर्ग मीटर यानी 902.54 वर्गफुट में स्थित संपत्ति प्लॉट नंबर जे-121 व जे-122.	21/11/2025 ₹ 15,88,665.62 + 31/10/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क 29/04/2026
ऋणी- निधि गुप्ता, मकान नंबर 142, अटल आवास दिनदयाल कॉलोनी, मानकी राजनांदगांव- 491441। **राजनांदगांव मुख्य शाखा**	**निधि गुप्ता** के नाम पर एलआईजी-142, अटल योजना छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, मानकी हाउसिंग कॉलोनी, तोरणकट्टा मुख्य मार्ग, ग्राम- मानकी, जिला- राजनांदगाँव, क्षेत्रफल 564.14 वर्गफीट में स्थित एक मंजिला आरसीसी छत वाला आवासीय मकान।	31/01/2026 ₹ 7,29,106.05 + 31/08/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क 29/04/2026

दिनांकः 29.04.2026, स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

न्यूज गैलरी

डोंगरगढ़ में कांग्रेस के आधे से ज्यादा नेताओं ने दिया इस्तीफा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बड़ी उम्मीदों के साथ जारी की गई पदाधिकारियों की विस्तृत सूची अब संगठन के लिए सिरदर्द बन गई है। सूची जारी होते ही जिस तरह इस्तीफों की लाइन लगी, उसने पूरे राजनीतिक माहौल को हिला कर रख दिया। करीब 30 पदाधिकारियों में से आधे से ज्यादा ने सोशल मीडिया पर इस्तीफा पोस्ट कर दिया, और देखते ही देखते कांग्रेस का अंदरूनी मामला पब्लिक तमाशा बन गया। सूची जारी होते ही कई नेताओं ने निजी कारण बताते हुए इस्तीफे दिए, जबकि कुछ ने खुलकर संकेत दिया कि असली वजह अंदरूनी खींचतान और संगठनात्मक असहमति है। नियुक्ति पत्र की स्याही सूखने से पहले ही जिस तेज़ी से इस्तीफों का दौर शुरू हुआ, उसने कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यह निजी नहीं, बल्कि लंबे समय से संगठन के अंदर चल रही खींचतान का नतीजा है। ऐसे समय में जब पार्टी के पास क्षेत्र में विधायक मौजूद है, फिर भी कार्यकर्ताओं का इस तरह खुलकर विद्रोह पर उतर आना कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरियों को उजागर करता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर इस्तीफों के बावजूद न तो जिला कांग्रेस कमेटी और न ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। ऊपर से ÷सब कंट्रोल में है÷ का संदेश दिया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति पूरी तरह उलटी दिखाई दे रही है।

अवैध अतिक्रमण मामले में 11 आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर वन मण्डल के माचकोट परिक्षेत्र में वन भूमि के विखंडन और अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विभाग ने प्रभावी कार्यवाही की है। वन अपराध प्रकरण में सोमवार को सुकमा जिले से आए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय जगदलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें से 6 आरोपी पूर्व में भी अन्य वन अपराध प्रकरणों में न्यायिक अभिरक्षा के लिए जेल भेजे जा चुके हैं, ये आदतन अपराधी हैं जो वन क्षेत्र को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार, सभी 11 आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल जगदलपुर दाखिल कराया गया है। उप वन मण्डलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि वन संपदा की सुरक्षा हेतु निरंतर गश्त एवं निगरानी की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसने के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी बल दिया जा रहा है। यह कार्यवाही माचकोट के परिक्षेत्र अधिकारी सुमीत साहा के नेतृत्व में संपादित की गई, जिसमें परिक्षेत्र सहायक बन सिंह कर्मा, बुधसन बघेल, परिसर रक्षक घासीराम बघेल, अरविंद कोर्राम, रमेश कुमार बघेल, मोहन कुमार भारती, राजाराम कश्यप, मोहन कुमार भारती एवं वन प्रबन्धन समिति माचकोट के सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे।

बस्तर में ओडिशा के पास्टर से मारपीट ईसाई धर्म का कर रहे थे प्रचार

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर थाना क्षेत्र के रेटावंड गांव में बाहरी पास्टर द्वारा ईसाई धर्म का प्रचार किए जाने को लेकर दो दिन से जारी विवाद बवाल में बदल गया। आरोपों के बाद ग्रामीणों और पास्टर पक्ष के बीच मारपीट की स्थिति बन गई, जिससे गांव में तनाव फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर स्थिति शांत कराने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, ओडिशा के नवरंगपुर से आया एक परिवार पिछले कुछ समय से रेटावंड में रह रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि यह परिवार गांव में रहकर बतौर पास्टर धर्म प्रचार कर रहा था, जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे तक चल गए और गांव में अफ़रा-तफ़री मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने हस्तक्षेप किया और मामले को शांत करने की कोशिश की। विशेष समुदाय के लोगों ने थाने पहुंचकर मारपीट, गाली-गलौज और डराने-धमकाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी व्यक्ति स्थायी रूप से गांव में न रहे और धर्म प्रचार जैसी गतिविधियाँ बंद हों इसी मांग को लेकर विरोध किया गया था।

देश में पहली पहल: दुर्ग का जेंडर-बैलेंस्ड सिस्टम बना रोल मॉडल

दुर्ग/नवप्रदेश। तेजी से बदलते सामाजिक ढांचे में रिश्तों की जटिलताएं भी नई चुनौतियां लेकर सामने आ रही हैं। अक्सर घर की चारदीवारी के भीतर पनपने वाली पीड़ा-चाहे वह किसी बुजुर्ग की उपेक्षा हो या किसी पुरुष का मानसिक तनाव-अनसुनी रह जाती है। लेकिन छत्तीसगढ़ के दुर्ग ने इस खामोशी को आवाज़ देने का एक नया रास्ता दिखाया है। दुर्ग जिले में शुरू हुई जेंडर-बैलेंस्ड काउंसलिंग व्यवस्था आज पारिवारिक विवाद समाधान का एक ऐसा समावेशी मॉडल बनकर उभरी है, जिसकी गूंज अब राष्ट्रीय स्तर तक सुनाई दे रही है। सेक्टर-6 स्थित महिला थाना का परिवार परामर्श केंद्र, जो पहले मुख्यतः महिलाओं की शिकायतों तक सीमित था, अब एक व्यापक सामाजिक मंच बन चुका है। यहां महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों और वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को भी समान गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना जा रहा है। उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप शुरू हुआ यह केंद्र समय के साथ अपने दायरे का विस्तार करता गया। बदलते पारिवारिक समीकरणों और विवादों के नए स्वरूप को देखते हुए इसमें जेंडर-बैलेंस्ड काउंसलिंग को लागू किया गया, जिससे हर पक्ष को निष्पक्ष और संतुलित सुनवाई का अवसर मिल सके। इस पहल की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है-पुरुष काउंसलर की नियुक्ति की है।

हाउसिंग बोर्ड अब बना अधोसंरचना विकास मंडल, बनाएगा सड़क, पुल, हवाई अड्डे, सीवरेज और वाटर सिस्टम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का गृह निर्माण मंडल अब पहले से अधिक शक्तिशाली होकर काम कर सकेगा। राज्य सरकार ने इसे अब अधोसंरचना विकास मंडल भी बना दिया है। इसके लिए सरकार ने विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित कराया था, इसे अब राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। नए अधिनियम के तहत मंडल अब सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों, सीवरेज प्रणालियों और शहर-स्तरीय जल आपूर्ति प्रणालियों के निर्माण की योजनाएं बना सकेगा और उन्हें लागू कर सकेगा। इस संशोधन के साथ ही अब 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल' का नाम बदलकर 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल' कर दिया गया है। मंडल का नया नाम अब इसकी विस्तारित भूमिका को दर्शाएगा, जिसमें आवास के साथ-साथ 'अधोसंरचना विकास' को भी जोड़ा गया है।

दूसरे निकायों को देगा सलाह: अब यह मंडल स्थानीय निकायों (नगर निगमों, पालिकाओं और पंचायतों) तथा नगर विकास प्राधिकरणों को उनकी तकनीकी और वित्तीय क्षमता में सुधार के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान करेगा। अधिनियम के खंड 33-क के माध्यम से मंडल को व्यापक अधिकार दिए गए हैं, जिससे वह मास्टर प्लान को लागू करने और नगर निवेश स्कीमों (टीपीएस) को तैयार करने में सक्षम होगा। इसके अलावा, मंडल अब राज्य शासन द्वारा सौंपे गए स्लम पुनर्विकास जैसे किसी भी अन्य प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन भी कर सकेगा।

पीपीपी मॉडल के साथ री-डेवलपमेंट भी करेगा

हाउसिंग बोर्ड को अब पुरानी कॉलोनियों, जर्जर भवनों और कम उपयोग वाली जमीनों के पुनर्विकास (रीडेवलपमेंट) की शक्ति दी गई है। साथ ही, आवास और बुनियादी ढांचे के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) आधारित परियोजनाओं पर काम करने की अनुमति भी मिल गई है।

अब नगर विकास प्राधिकरण भी

राज्य सरकार ने एक और विधेयक विधानसभा में पारित कराया था, इसे भी राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। यह विधेयक छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम, 2026' है। यह नया कानून तत्काल प्रभाव से पूरे राज्य में लागू हो गया है। अब राज्य सरकार किसी भी विशिष्ट योजना क्षेत्र के लिए मौजूदा नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त अन्य निकायों को भी 'प्राधिकरण' के रूप में काम करने के लिए नामित कर सकेगी।

किन्हें मिल सकती है प्राधिकरण की जिम्मेदारी?

अब सरकार इन निकायों को विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण के रूप में नामित कर सकेगी। राज्य सरकार की कोई भी एजेंसी। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियां। नगरीय स्थानीय निकाय (केवल अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर)। नामित किए गए इन निकायों को सरकार वे सभी शक्तियां और उत्तरदायित्व सौंप सकेगी जो एक विकास प्राधिकरण के पास होते हैं। इसमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। नगर विकास योजनाओं की तैयारी। योजनाओं का निष्पादन, नगर विकास योजनाओं क्रियान्वयन।

साय सरकार की 'रामलला दर्शन योजना' से प्रदेशवासियों को मिल रहा आध्यात्मिक संबल

दुर्ग संभाग के 850 श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना

■ अब तक 45 हजार से अधिक श्रद्धालु ले चुके हैं इस योजना का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित 'रामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत राजनांदगांव और दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आज भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। दोनों स्टेशनों से कुल 850 तीर्थयात्री भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस दौरान स्टेशन परिसर जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पर्यटन मंडल और आईआरसीटीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर यात्रियों का आत्मीय अभिनंदन किया। तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर और पारंपरिक लोकनृत्य की प्रस्तुति के साथ यात्रियों को विदाई दी गई, जिससे यह यात्रा उनके लिए एक यादगार अनुभव बन गई।

इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पांडे, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। दुर्ग स्टेशन पर महापौर अल्का बाघमारे और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। सभी अतिथियों ने इस योजना को साय सरकार की एक महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी पहल बताते हुए कहा कि यह योजना प्रदेशवासियों की आस्था को सम्मान देने के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत कर रही है।

साय सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा, भोजन, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अब तक 45 हजार 900 श्रद्धालु इस योजना के माध्यम से रामलला के दर्शन कर चुके हैं और इस यात्रा के साथ यह संख्या बढ़कर 46 हजार 750 हो जाएगी। खास बात यह है कि इस यात्रा में श्रद्धालुओं को अयोध्या के साथ-साथ काशी विश्वनाथ के भी दर्शन कराए जा रहे हैं।

यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालुओं ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वे अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर पाएंगे, लेकिन साय सरकार की इस योजना ने उनका यह सपना साकार कर दिया। यात्रियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए इसे आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा

■ 18 मई से 12 जून तक रहेगी छुट्टी, 8 अवकाशकालीन कोर्ट लगेंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने समर वेकेशन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, हाईकोर्ट 18 मई 2026 (सोमवार) से 12 जून 2026 (शुक्रवार) तक ग्रीष्म अवकाश पर रहेगा और 15 जून 2026 (सोमवार) से फिर नियमित रूप से खुलेगा। अवकाश के दौरान भी जरूरी मामलों की सुनवाई जारी रहेगी। इसके लिए वेकेशन जजों की नियुक्ति की गई है, जो सुबह 10:30 बजे से कोर्ट की कार्यवाही करेंगे और जरूरत पड़ने पर समय बढ़ाया भी जा सकेगा।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि, समर वेकेशन के दौरान सिविल, क्रिमिनल और रिट से जुड़े मामलों की फाइलिंग जारी रहेगी, जबकि जरूरी मामलों के लिए अलग से आवेदन देना होगा। जमानत मामलों में अलग से अर्जेंट हियरिंग आवेदन की जरूरत नहीं होगी और उन्हें स्वतः सूचीबद्ध किया जाएगा। अन्य लंबित मामलों की सुनवाई के लिए अर्जेंट आवेदन अनिवार्य रहेगा।

रजिस्ट्री कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा

इस दौरान रजिस्ट्री कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा, लेकिन शनिवार, रविवार और शासकीय अवकाश में बंद रहेगा। कोर्ट ने यह भी तय किया है कि वेकेशन जज 19, 21, 26 और 28 मई और 2, 4, 9 और 11 जून 2026 को सुनवाई करेंगे। वहीं जो मामले तय समय पर नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें अगली तारीख पर अलग सूची में शामिल किया जाएगा। आदेश मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर रजिस्ट्रार (न्यायिक) सुमित कपूर द्वारा जारी किया गया है।

सरगुजा में नाबालिग आदिवासी बच्चियों से गैंगरेप, अपराध दर्ज

■ शादी समारोह से लौटते वक्त 8-9 युवकों ने रास्ते में की घिनौनी हरकत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां 2 आदिवासी नाबालिग बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला सीतापुर थाना क्षेत्र का है। जहां दोनों बच्चियां घर के लगे पास की बस्ती में शादी समारोह में शामिल होने गई थी। शादी से घर लौटने के दौरान आरोपियों ने बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

गौरतलब है कि, दोनों नाबालिग बच्चियां विशेष पिछड़ी जनजाति मांझी समुदाय से आती हैं। यह पूरी घटना 24 अप्रैल की देर रात की है। पुलिस ने नामजद 3 आरोपी सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं पीड़ित परिवार के मुताबिक, 8 से 9 युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। वहीं 21 फरवरी को धमतरी जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई थी। जहां एक 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला धमतरी जिले के कुरूद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चर्रा का है। बताया जा रहा है कि, 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपने घर में छोटे-छोटे नातियों के साथ मौजूद थी। जबकि उनके बेटे और बहू काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। इसी दौरान करीब 25 वर्षीय एक युवक घर पहुंचा और मौके का फायदा उठाते हुए बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

प्राकृतिक आपदाः मृतकों के परिजनों को 8 लाख सहायता राशि स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आर.बी.सी. 6-4 के प्रावधान के तहत कुल 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। पहला मामला दुलदुला तहसील के ग्राम बांसपतरा का है, जहां स्वर्गीय पायल सिंह की कुएं में डूबने से 19 सितम्बर को मृत्यु हो गई थी। इस घटना में उनके पिता गोवर्धन को निकटतम वारिस के रूप में 4 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। दूसरा मामला बगीचा तहसील के ग्राम सरकओमा का है, जहां स्वर्गीय अपोलिना एक्का की 2 जुलाई 2024 को पेड़ की डाली गिरने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में उनके पति सिलास एक्का को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रशासन द्वारा आर.बी.सी. 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत पहुंचाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

शासकीय जमीन का दुरुपयोग, अधीक्षक ने उखड़वाए दो एकड़ में लगी कद्दू की फसल

बतौली-सरगुजा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के बतौली स्थित वेलकोटा उद्यान विभाग में शासकीय जमीन के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। जहां उच्च अधिकारियों के नाक के नीचे उद्यान में पदस्त अधीक्षक द्वारा नियम विरुद्ध की गई है।

रातों-रात कद्दू के लगे फसल को उखड़वाए: मिली जानकारी के अनुसार, कद्दू की फसल बीज उत्पादन का मामला उजागर होते ही अपनी गलतियों को छुपाने रातों रात कद्दू के लगे फसल को उखड़वाकर के फेंकवा दिया गया। इसके साथ ही पूरे प्लाट को ट्रैक्टर से जुताई कर बुलंद हौसलों के साथ फसल लगाने को अपनी गलती स्वीकार किया है। ऐसे अधीक्षक जो नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए कार्य सिर्फ आर्थिक लाभ लेने कर रहा है। इन पर कब करवाई होगी यह देखने वाली बात होगी।

2 एकड़ शासकीय प्लाट में कद्दू की फसल: आपको बता दें कि, बतौली के वेलकोटा उद्यान में प्रशासन के नाक के नीचे उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार ने अपने विभाग को गुमराह किया। जिसके बाद शासकीय संपति का अवैध रूप से आर्थिक लाभ लेने के लिए प्राइवेट कृषि कंपनी से अनुबंध कर 2 एकड़ शासकीय प्लाट में कद्दू (कोहड़ा) की फसल बीज उत्पादन के लिए लगाई गई थी। जहां शासकीय प्लाट में लगे कद्दू की बीज उत्पादन का लाभ लेने मनरेगा के मजदूर, खाद सहित सामग्री का उपयोग इनके द्वारा किया गया है।

उद्यान अधीक्षक नियमों के खिलाफकी गई खेती: वहीं जैसे ही फसल बीज उत्पादन का मामला सामने आया उद्यान अधीक्षक द्वारा रातों रात 2 एकड़ प्लाट में लगे फसल को मजदूरों के सहारे उखड़वा के फेंकवा दिया। जिससे साफ-साफ पता चलता है कि, उद्यान अधीक्षक नियमों को ताक में रखते हुए खेती की गई थी जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को लगी तक नहीं और अब अपनी गलतियों को छुपाने पूरे कद्दू की फसल को उखड़वा दिया जिससे खेती करने की साक्ष्य ही मिट जाए अधीक्षक मनमाने तरीके से फसल लगे प्लाट का जुताई भी करा दिया है।

अधीक्षक ने बयान देने दे किया मनाः उद्यान अधीक्षक मीडिया को कद्दू की बीज उत्पादन के लिए लगे फसल को किसानों को प्रशिक्षण का नाम दिया गया जहां मीडिया द्वारा प्राइवेट अनुबंध का बात सामने लाया गया तो अधीक्षक केशवचंद सिदार ने वीडियो के माध्यम से बयान देने से मना कर दिया और बोले कि, खाली पड़े जगह पर खेती की गई थी। गलती हो गई है, जिसे हम ही सुधार करेंगे।

बरसात में टूटी पुलियाः ग्रामीणों ने मिट्टी-रेत की बोरियां डालकर बनाया अस्थायी रास्ता, जान जोखिम में डालकर कर रहे यात्रा

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के चितापुर पंचायत की पुलिया 9 माह पूर्व बारिश के चलते टूट गई। इस पुलिया के उस पार पंचायत भवन, स्कूल, बैंक, स्वास्थ्य केंद्र और राशन दुकान जैसी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं। पुलिया से जाने वाला रास्ता तीन गांवों के ग्रामीणों के लिए सिर्फ सड़क नहीं बल्कि जिंदगी की डोर है।

पुलिया टूटने के बाद ग्रामीणों को नाले के बीच से जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। लोगों ने खुद पत्थर, मिट्टी और रेत की बोरियां डालकर अस्थायी रास्ता बनाया है। ताकि किसी तरह आवागमन जारी रह सके। दोपहिया वाहन फिसलते हैं, लोग गिरते हैं, लेकिन मजबूरी है। पानी बढ़ते ही पूरा रास्ता डूब जाता है और गांवों का संपर्क कट जाता है। मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पाते, राशन नहीं आ पाता और पूरा इलाका थम जाता है।

स्वीकृत होने से पुलिया का होगा निर्माण

चितापुर पंचायत की पुलिया बारिश एवं बाढ़ से टूट गई। जिले के कई जर्जर पुलियों की निर्माण एवं मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है। स्वीकृत होने के बाद पुलिया का निर्माण कार्य किया।

- राहुल कश्यप, कार्यपालन अभियंता, पीएमजीवाय जगदलपुर

इस टूटी पुलिया का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे रोज बांस और लकड़ी के सहारे बने जुगाड़ रास्ते से स्कूल पहुंचते हैं। कई बच्चे फिसलकर नाले में गिर चुके हैं। किताबें भीग गई कपड़े खराब हुए, लेकिन पढ़ाई के लिए खतरा उठाना उनकी मजबूरी बन गया है। बच्चों के परिवारों में हर दिन डर बना रहता है कि स्कूल गए बच्चे सुरक्षित लौटेंगे या नहीं। लगभग 9 महीने पहले मानसून की तेज बारिश में यह पुलिया टूट गई थी। तब से अब तक ना मरम्मत हुई ना नया निर्माण शुरू हुआ ना कोई स्थायी इंतजाम किया गया।

हाईकोर्ट ने घायल गवाह के बयान को माना सबूत, सजा रखी बरकरार

बिलासपुर (नवप्रदेश)। हाई कोर्ट ने घायल गवाह के बयान को हत्या का पुख्ता साक्ष्य मानते हुए जमीन विवाद पर तीन लोगों की हत्या करने के आरोपी पिता-पुत्र की सजा के खिलाफ पेश अपील को खारिज कर दिया है।

कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि एक 'संबंधित' गवाह, जो एक घायल गवाह भी है, जो क्राइम की जगह पर नैचुरली मौजूद हो सकता है, उसकी गवाही को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि वह पीड़ित से जुड़ा है। कोर्ट को उसके बयान की भरोसेमंदता, एक जैसापन और तालमेल का आकलन करना चाहिए। कोर्ट ने सजा को बरकरार रखा है।

तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जोबा में 11 सितंबर 2025 को आरोपी परसराम गायकवाड़ और बृज सेन गायकवाड़ ने जमीन बंटवारे के विवाद में ओसराम गायकवाड़ के घर में घुसकर उसकी पत्नी जागृति, 16 वर्षीय पुत्री टीना गायकवाड़, 9 वर्षीय पुत्र मनीष गायकवाड़ की गला काट कर हत्या कर दी। साथ ही दूसरे कमरे में मौजूद पुत्री गीतांजलि गायकवाड़, ओमान गायकवाड़ व ओस राम की बुजुर्ग मां अनारबाई गायकवाड़ को गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com